* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

29 जुलाई, 2025
श्रावण, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 279


चीन में महिलाओं से संबंध रखने पर महंत शी योंगक्सिन बर्खास्त




P.R. 358419 (IPRD) 25-26

झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2025
9, 10, 11 अगस्त
जहां बोलना ही संगीत और चलना ही नृत्य

गौरवशाली आदिवासी संस्कृति, प्रकृति, जीवन दर्शन की झलकियां



सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार


# सावन में चला 'ऑपरेशन महादेव', चुन-चुन कर मार रही सेना

## पहलगाम हमले का मुख्य आरोपी मूसा ढेर!

## मुठभेड़ में 3 आतंकी मारे गये

- पहलगाम हमले का मुख्य आरोपी हाशिम मूसा के मारे जाने का दावा, सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्रीनगर।** भारतीय सेना ने सोमवार को ऑपरेशन महादेव के तहत श्रीनगर के लिडवास इलाके में छिपे तीन पाकिस्तानी आतंकियों को ढेर कर दिया। चिनार कॉर्प्स ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। मारे गये आतंकियों में पहलगाम हमले का मुख्य आरोपी हाशिम मूसा भी शामिल है, जबकि दूसरा, 2024 के सोनमर्ग सुरंग प्रोजेक्ट पर हुए हमले में शामिल था। हालांकि सेना ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। आतंकियों के पास से अमेरिकी एम4 कार्बाइन, एके-47 और 17 ग्रेनेड मिले हैं। कुछ और संदिग्ध सामान भी बरामद हुआ है। आर्मी प्रवक्ता ने बताया कि आतंकियों की पहचान की जा रही है।

**खुफिया जानकारी पर चलाया ऑपरेशन :** सेना के मुताबिक, सुबह 11 बजे खुफिया जानकारी मिलने के बाद लिडवास में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान दूर से दो बार फायरिंग की आवाज सुनी गयी थी। इलाके में सुरक्षाबलों की तैनाती बढ़ा दी गयी है। पहलगाम हमले के आतंकवादियों ने जिन उपकरणों का इस्तेमाल किया था, उस से मिलते-जुलते एक तकनीकी संकेत के बाद हरवान के जंगलों में अभियान शुरू किया। लगभग 11:30 बजे 24 राष्ट्रीय राइफल्स और चार पैरा यूनिट के जवानों की एक टुकड़ी ने तीन आतंकवादियों का पता लगाया और उन पर अचानक हमला कर दिया।

**26 पर्यटकों की हत्या हुई थी :** 22 अप्रैल को हुए पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत हो गयी थी और 16 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। आतंकियों ने पर्यटकों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर चुन-चुनकर निशाना बनाया था। घटना पहलगाम शहर से 6 किलोमीटर दूर बायसरन घाटी में हुई थी।



### मुठभेड़ में तीन आतंकियों के नाम सामने आये थे

हमले के बाद हुई जांच में तीन आतंकियों के नाम सामने आये थे। 24 अप्रैल को अनंतनाग पुलिस ने तीन स्केच जारी किये। इसमें तीन आतंकियों के नाम थे, अनंतनाग का आदिल हुसैन ठोकर, हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान और अली उर्फ तल्हा भाई। मूसा और अली पाकिस्तानी हैं। मूसा पाकिस्तान के स्पेशल सर्विस ग्रुप में कमांडो रह चुका है। इन पर 20-20 लाख रुपये का इनाम भी रखा गया है। फिलहाल यह साफ नहीं हुआ है कि एनआइए ने जिन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था, उन्होंने इन्हीं तीन आतंकियों के नाम उजागर किये या किन्हीं और आतंकियों के।

## लोकसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बहस शुरू

## दबाव में सीजफायर नहीं किया: राजनाथ


- रक्षा मंत्री ने कहा : परीक्षा में रिजल्ट की अहमियत, कितनी पेंसिल टूटी या पेन गुमे, यह पूछना बेमानी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार दोपहर 2:05 बजे से 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा शुरू हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि हमने आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारा। सेना ने आतंकियों से हमारी माताओं-बहनों के सिंदूर का बदला लिया। रक्षा मंत्री ने 55 मिनट के भाषण में कहा कि हमारा मकसद आतंकी ठिकाने तबाह करना था और सेनाओं ने अपना लक्ष्य हासिल किया। हमने किसी के दबाव में पाकिस्तान से सीजफायर नहीं किया। बताते चलें कि सोमवार को संसद में 11 बजे से कार्यवाही शुरू हुई थी। पहले विपक्ष ने बिहार वोटर वेरिफिकेशन से जुड़े स्पेशल इंटेसिव रिवीजन मुद्दे पर हंगामा किया। सदन को तीन बार स्थगित किया गया। इसके बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा शुरू हुई।

**जरूरत पड़ी तो घर में घुसकर मारेंगे :** राजनाथ सिंह ने कहा कि विपक्ष पूछ रहा है कि युद्ध में हमारे कितने फाइटर जेट गिरे? उन्होंने यह नहीं पूछा कि हमारे सशस्त्र बलों ने दुश्मनों के कितने जेट गिराये? परीक्षा में रिजल्ट की अहमियत होती है। कितनी पेंसिल टूटी या पेन गुमे, यह पूछना बेमानी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर कोई समझौता नहीं करेंगे। केंद्र में मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनी, तब से परिस्थितियां बदलीं। हमने उरी में सर्जिकल स्ट्राइक की।

**'ऑपरेशन सिंदूर' रुका है, खत्म नहीं हुआ :** राजनाथ ने कहा कि जैसा की मोदी जी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' रुका है, खत्म नहीं हुआ। अगर पाकिस्तान ने कोई कार्रवाई की, तो भारत इसका जवाब देगा। हमने लक्ष्मण रेखा खींच ली है। आतंकियों को शरण देने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।



### सीमा पार करना या कैप्चर करना उद्देश्य नहीं था

लोकसभा में चर्चा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सीमा पार करना या कैप्चर करना 'ऑपरेशन सिंदूर' का उद्देश्य नहीं था। कार्रवाई का मकसद सालों से पाले-पोसे जा रहे आतंकियों को निशाना बनाना था। 'ऑपरेशन सिंदूर' में सेनाओं को आजादी दी गयी कि वे लक्ष्य खुद चुनें। 10 मई की सुबह भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के एयरबेस पर पर करारे हमले किये, तो उन्होंने हार मान ली। पाकिस्तान की तरफ से कहा गया कि बस बहुत हुआ, हमले रोक दीजिए। हमने बता दिया कि जरूरत पड़ी तो घर में घुसकर मारेंगे।

## केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री को धमकी देनेवाला गिरफ्तार

- धनबाद के हरिहरपुर का रहने वाला है आरोपी नित्यानंद पाल
- कारगिल विजय दिवस पर संजय सेठ को पांच बार कॉल कर जान से मारने की धमकी दी थी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्यमंत्री सह रांची से सांसद संजय सेठ को फोन पर जान से मारने की धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को धनबाद से गिरफ्तार किया गया। वह धनबाद के हरिहरपुर का रहने वाला है और उसकी पहचान नित्यानंद पाल के रूप में हुई है। नित्यानंद पाल की गिरफ्तारी की पुष्टि रांची पुलिस के द्वारा की गयी है। बता दें कि केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कश्मीर में थे, उसी दौरान उनके फोन पर पांच बार कॉल कर जान से मारने की धमकी दी गयी थी। उन्होंने झारखंड के डीजीपी को मामले की जानकारी दी थी। इसके बाद झारखंड पुलिस ने टेक्निकल टीम की मदद से फोन करने वाले आरोपी की गिरफ्तारी की है।

## 14 अगस्त तक सहायक आचार्य नियुक्ति के सभी रिजल्ट जारी करें : सुप्रीम कोर्ट

- रिजल्ट जारी नहीं हुआ तो, 18 अगस्त को मुख्य सचिव, जेएसएससी सचिव, शिक्षा सचिव को कोर्ट में होना होगा हाजिर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सहायक आचार्य नियुक्ति मामले में अब तक पूरा रिजल्ट नहीं जारी करने पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जतायी है। कोर्ट ने कहा है कि अगर 14 अगस्त तक सभी श्रेणी के कुल 26001 पदों का रिजल्ट जारी नहीं हुआ तो 18 अगस्त को झारखंड सरकार के मुख्य सचिव, जेएसएससी, शिक्षा सचिव एवं शिक्षा उपसचिव को कोर्ट में हाजिर होना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने सहायक आचार्य नियुक्ति मामले में परिमल कुमार एवं अन्य की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है।

सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को जानकारी दी गयी कि गणित एवं विज्ञान विषय में कक्षा 6 से 8 तक में 5008 सीट के विरुद्ध केवल 1661 अभ्यर्थियों का ही रिजल्ट जारी हुआ है, जबकि दस्तावेज वेरिफिकेशन में 2734 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। 400 अभ्यर्थियों को दस्तावेज वेरिफिकेशन में बुलाया गया, जिसमें कोई त्रुटि भी नहीं थी। इसके बाद भी उनका रिजल्ट जारी नहीं हुआ। गणित एवं विज्ञाना विषय में कई अभ्यार्थियों का नंबर पासिंग मार्क्स से अधिक हैं, लेकिन उन्हें दस्तावेज वेरिफिकेशन में नहीं बुलाया गया। सोशल साइंस विषय का रिजल्ट अबतक जारी नहीं हुआ है। इसके अलावा कक्षा 1 से 5 तक के लिए सहायक आचार्य का रिजल्ट जारी नहीं हुआ है।

पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने मामले में झारखंड सरकार के मुख्य सचिव एवं जेएसएससी सचिव को एक माह के भीतर सहायक आचार्य नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अगर अनुपालन रिपोर्ट राज्य सरकार की ओर से फाइल नहीं किया जाता है तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू की जायेगी। परिमल कुमार एवं अन्य की ओर से वरीय अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायणन एवं अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पक्ष रखा।

## 19 साल की दिव्या बनीं शतरंज की वर्ल्ड चैंपियन

- एफआइडीइ वीमेंस वर्ल्ड कप 2025 का खिताब अपने नाम किया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारतीय शतरंज के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। 19 वर्षीय दिव्या देशमुख ने एफआइडीइ वीमेंस वर्ल्ड कप 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया है। उन्होंने दुनिया की शीर्ष महिला शतरंज खिलाड़ियों में शुमार कोनेरू हंपी को हराकर यह उपलब्धि अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में दोनों भारतीय दिग्गजों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। दोनों क्लासिकल गेम्स ड्रॉ रहे, जिसके बाद फैसला रैपिड टाइब्रेकर में हुआ। इस शानदार जीत के साथ ही दिव्या देशमुख भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर भी बन गयी हैं। ग्रैंडमास्टर की उपाधि शतरंज की दुनिया में सबसे प्रतिष्ठित मानी जाती है और इसे हासिल करना किसी भी खिलाड़ी के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक होता है। इस जीत के बाद दिव्या को इनामी राशि के रूप में लगभग 43 लाख रुपये मिलेंगे, वहीं हंपी को करीब 30 लाख रुपये मिलेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर नहीं लगायी रोक

## आयोग आधार और वोटर कार्ड शामिल करे

- बहस की तारीख आज तय करेगी सुप्रीम कोर्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची के मसौदा (ड्राफ्ट वोटर लिस्ट) के प्रकाशन पर कोई रोक नहीं लगायी है लेकिन चुनाव आयोग को कहा गया है कि वो इस प्रक्रिया में आधार कार्ड और मतदाता फोटो पहचान पत्र यानी वोटर आइडी कार्ड को शामिल करे। अदालत विशेष गहन पुनरीक्षण पर बहस की तारीख अब मंगलवार को तय करेगी। बेंच ने चुनाव आयोग से कहा कि यह प्रक्रिया बड़े पैमाने पर नाम काटने के बदले नाम जोड़ने जैसी होनी चाहिए। अदालत ने याचिकाकर्ताओं के वकीलों से पूछा कि बहस के लिए कौन कितना समय लेगा।

बताते चलें कि सुप्रीम कोर्ट ने पिछली तारीख पर चुनाव आयोग से कहा था कि वो आधार कार्ड, वोटर कार्ड और राशन कार्ड को लिए जा रहे दस्तावेजों की सूची में शामिल करने पर विचार करे। चुनाव आयोग ने कोर्ट में दाखिल जवाब में कहा कि ये तीनों दस्तावेज भरोसेमंद नहीं हैं, क्योंकि इन्हें गलत तरीके से फर्जी बनाया जा सकता है। जस्टिस सूर्यकांत ने सोमवार को सुनवाई के दौरान आयोग से कहा कि दुनिया का कोई भी पेपर जाली बनाया जा सकता है।

कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि आपकी लिस्ट वाले पेपर भी निर्णायक नहीं हैं। कोर्ट ने आयोग से पूछा कि क्या वो आधार कार्ड और मतदाता फोटो पहचान पत्र स्वीकार करेगा। आयोग ने कहा कि उसे राशन कार्ड स्वीकार करने में दिक्कत है। आयोग ने कहा कि वोटर आइडी तो फॉर्म पर पहले से प्रिंटेड है और फॉर्म में वोटर को आधार नंबर भरना है। आयोग ने कोर्ट को बताया कि अदालत का ही आदेश है कि आधार कार्ड नागरिकता की पहचान का दस्तावेज नहीं है।

## रांची में होटल ताज खुलने का रास्ता साफ

## जमीन की लीज प्रक्रिया पूरी, नवंबर में हो सकता है शिलान्यास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में प्रतिष्ठित ताज होटल के निर्माण का रास्ता अब पूरी तरह साफ हो गया है। सोमवार को झारखंड सरकार के नगर विकास विभाग ने होटल ताज के निर्माण के लिए आवश्यक भूमि की लीज औपचारिक रूप से ताज ग्रुप के नाम कर दी। यह प्रक्रिया दोपहर करीब 12 बजे रजिस्ट्री कार्यालय में पूरी हुई, जहां विभाग और ताज समूह के अधिकारी मौजूद थे। ताज होटल का निर्माण धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी कोर कैपिटल क्षेत्र में किया जायेगा। भूमि की लीज 60 वर्षों के लिए दी गयी है। इसके एवज में ताज ग्रुप ने राज्य सरकार को 4.20 करोड़ रुपये स्टांप शुल्क और अन्य फीस के रूप में अदा किये हैं।

**छह एकड़ भूमि पर बनेगा भव्य ताज होटल :** ताज होटल को कुल छह एकड़ क्षेत्रफल में विकसित किया जायेगा, जिस पर लगभग 400 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है।



निर्माण कार्य अगले चार वर्षों में पूरा होने की उम्मीद है। प्रस्तावित होटल की ऊंचाई लगभग 27 मीटर होगी और यह 40 प्रतिशत ग्राउंड कवरेज में निर्मित होगा।

होटल का शिलान्यास समारोह नवंबर 2025 में आयोजित किये जाने की संभावना है, जिसे लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। गौरतलब है कि 24 जुलाई 2024 को झारखंड सरकार और टाटा समूह की कंपनी इंडियन होटल्स लिमिटेड के बीच होटल ताज के निर्माण को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और टाटा स्टील के सीइओ एवं एमडी टीवी नरेंद्रन मौजूद थे।


Euro Kids
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I | Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815






# बिहार की सत्ता के रास्ते में 'एम' फैक्टर का रोल है अहम

## ■ नीतीश और लालू, दोनों को है इसी फैक्टर के सहारे मैदान जीतने की उम्मीद

## ■ इस 'एम' फैक्टर ने पहले भी बिहार के सियासी रण को रोमांचक बनाया है

आजाद सिपाही विशेष

बिहार के आसन्न चुनाव के मद्देनजर जो गतिविधियां अभी चल रही हैं, उनमें सबसे महत्वपूर्ण है अपने-अपने हथियारों को दुरुस्त करना, ताकि आनेवाले दिनों में इनके सहारे चुनाव मैदान में बाजी मारी जा सके। इन सियासी गतिविधियों के बीच बिहार में एक 'एम' फैक्टर है, जो हमेशा से राज्य की सत्ता का रास्ता दिखाता है। यह 'एम' फैक्टर किसी जाति या संप्रदाय, मसलन मुसलमान का सूचक नहीं है, बल्कि इस फैक्टर के तहत वे समूह शामिल हैं, जो 'एम' अक्षर से शुरू होते हैं। इस फैक्टर के साथ सबसे अहम बात यह है कि नीतीश और लालू, दोनों के पास 'एम' फैक्टर के अपने-अपने हथियार हैं। उदाहरण के लिए नीतीश के पास जहां मोदी, मंदिर, मुखिया आदि हैं, तो लालू के पास मुस्लिम और महिला जैसे फैक्टर हैं। दोनों ही गठबंधन, सत्तारूढ़ एनडीए और विपक्षी महागठबंधन अपने-अपने 'एम' फैक्टरों के हथियारों का अधिक से अधिक इस्तेमाल कर बिहार की सत्ता तक के रास्ते को तय करने की रणनीति तैयार कर रहा है। इन सबके बीच यह देखना भी बेहद दिलचस्प है कि बिहार की राजनीति में इन 'एम' फैक्टरों की कितनी अहमियत है और ये वाकई चुनाव में निर्णायक होते हैं या नहीं। लेकिन इस सवाल का जवाब का अभी देना मुश्किल है कि बिहार के आगामी चुनाव में इस 'एम' फैक्टर का कितना अहम रोल रहेगा। क्या है बिहार का 'एम' फैक्टर और नीतीश-लालू, दोनों के पास कितने 'एम' हैं, जिनके सहारे वे चुनावी वैतरणी पार करने की जुगत में हैं, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

राजनीति में हर फैक्टर महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। बात अगर बिहार की हो तो जाति वाली राजनीति में भी 'एम' फैक्टर काफी ऊपर रहता है। अगर गौर से देखा जाये, तो पिछले 35 सालों से बिहार में लालू यादव और नीतीश कुमार के इर्द-गिर्द ही राजनीति घूमती रही है। ऐसे में इन दोनों के 'एम' फैक्टर के बारे में जानना बेहद दिलचस्प हो सकता है।

पहले बात नीतीश कुमार की करते हैं। वैसे तो नीतीश कुमार का कोर वोट बैंक कोइरी-कुशवाहा है। कुर्मी वोट पर उनका एकाधिकार रहा है। हालांकि लालू यादव जातीय समीकरण के साथ मुस्लिम को जिस प्रकार से साधते रहे हैं, उसके बाद नीतीश कुमार ने एक साथ कई 'एम' फैक्टर पर काम करना शुरू किया है। कुछ पर तो नीतीश कुमार पहले से काम करते रहे हैं, जिसका उन्हें चुनाव में लाभ भी मिलता रहा है। इस बार नीतीश कुमार के पास जो 'एम' फैक्टर मौजूद हैं, वे बेहद प्रभावशाली भूमिका निभा सकते हैं।

### नीतीश के 'एम' फैक्टर में पहला मंदिर

इनमें पहला है मंदिर। यह आज देश का सबसे बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। राम मंदिर को लेकर बीजेपी को कई राज्यों में लाभ मिला। चूंकि बिहार में भी 80% से अधिक हिंदू हैं, नीतीश कुमार और एनडीए को लगता है कि लालू यादव के जातीय समीकरण को मंदिर जैसे धार्मिक मुद्दे से ध्वस्त किया जा सकता है। बीजेपी के लिए तो पहले भी यह बड़ा मुद्दा रहा है, लेकिन अब नीतीश कुमार की पहल भी इस ओर दिख रही है। वह विधानसभा चुनाव से पहले हर हाल में मां सीता की मंदिर बनाना चाहते हैं। सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में बनने वाले मां जानकी के मंदिर से उत्तर बिहार की 116 विधानसभा सीटों पर सीधा असर होगा। ऐसे तो यह मंदिर मुद्दा 243 सीटों पर ध्रुवीकरण में असरदार होगा। इस मंदिर के लिए नीतीश कुमार सरकार ने एक हजार करोड़ की राशि खर्च करने की घोषणा की है। कैबिनेट में 882 करोड़ की राशि मंजूर भी की है। मंदिर न्यास पर सरकार का कब्जा हो, उसके लिए सरकार ने अध्यादेश तक लाया है।

### सबसे बड़ा राजनीतिक ब्रांड मोदी

नीतीश के पास जो दूसरा सबसे ताकतवर 'एम' है, उसका नाम मोदी है। मोदी आज सबसे बड़े राजनीतिक ब्रांड हैं। हर चुनाव में उनके चेहरे को आगे रखा जाता है। देश ही नहीं, दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के तौर पर उनकी पहचान है। बिहार में इस साल पीएम मोदी का पांच बार दौरा हो चुका है। 85 हजार करोड़ की योजना का तोहफा वह बिहार को दे चुके हैं। चुनाव में सबसे अधिक डिमांड मोदी की होती है। नीतीश कुमार को अच्छी तरह से पता है कि हारी हुई बाजी को भी नरेंद्र मोदी पलट सकते हैं। 2020 में एनडीए की सरकार बनाने में पीएम मोदी की बड़ी भूमिका रही। इस साल भी मोदी जब भी बिहार आये हैं, नीतीश कुमार उनके साथ रहे हैं। लोगों में उनके प्रति आकर्षण और उत्साह कम नहीं हुआ है। इसलिए मोदी आज नीतीश कुमार की सबसे बड़ी जरूरत हैं। खासकर तेजस्वी यादव और विपक्ष के नेता जिस प्रकार से उनपर हमलावर हैं, मोदी का चेहरा उनके लिए नैया पार करने में बड़ा मददगार हो सकता है। इसलिए मंदिर के साथ नीतीश कुमार मोदी ब्रांड पर भी पूरा फोकस कर रहे हैं। कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते ही हैं, अब पार्टी कार्यालय में भी अपने साथ मोदी की तस्वीर लगा रहे हैं। नीतीश कुमार मोदी ब्रांड को अपने साथ जोड़ रहे हैं।



### महिलाओं की ताकत भी नीतीश के पास

नीतीश कुमार के पास तीसरा 'एम' फैक्टर है महिला। यह नीतीश कुमार के लिए वरदान की तरह है। आधी आबादी का वोट सबसे अधिक नीतीश कुमार और एनडीए को मिलता है। बिहार में आधी आबादी का वोटिंग पुरुषों के मुकाबले 6% से भी अधिक होती है। यह एक बड़ा कारण है कि नीतीश कुमार महिला वोटर को लेकर इस बार भी बड़ी उम्मीद लगाये हुए हैं और लगातार बड़े फैसले ले रहे हैं। नीतीश कुमार को 2005 में सत्ता में लाने वाला सबसे बड़ा फैक्टर महिलाएं थीं। इस फैक्टर पर नीतीश कुमार शुरू से काम करते रहे हैं। पंचायत में आरक्षण से लेकर नौकरियों में आरक्षण तक का बड़ा फैसला लिया है। जीविका योजना शुरू करने के लिए विश्व बैंक से लोन तक लिया। साइकिल योजना, पोशाक योजना आधी आबादी को साधने के लिए ही लागू किया। साथ ही महिलाओं के कहने पर ही शराबबंदी भी लागू की। महिलाओं का वोट नीतीश और सहयोगियों को अधिक मिलता रहा है। जदयू-बीजेपी गठबंधन को सबसे बड़ी जीत साल 2010 में मिली थी। तब गठबंधन को 39.1 फीसदी मत मिले थे। 2015 के विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद यादव से हाथ मिलाया और जीत दर्ज की। इस चुनाव में भी 42 फीसदी महिलाओं का वोट मिला। यानी महिलाओं का वोट नीतीश कुमार को मिले कुल वोट प्रतिशत जितना ही रहा है। यही सच्चाई इससे पहले के चुनावों में भी नजर आयी। पिछले लोकसभा चुनाव में एनडीए को महिलाओं का करीब 40% वोट मिला था।

### महादलित वोट बैंक

नीतीश का चौथा 'एम' फैक्टर है महादलित वोट बैंक। बिहार में महादलितों का वोट 19% से अधिक है। ऐसे तो दलित की राजनीति करने वाले बड़े नेताओं में चिराग पासवान और जीतन मांझी हैं। इस बार दोनों एनडीए के साथ हैं। इसके बावजूद नीतीश कुमार की इस वोट बैंक पर पकड़ रही है। 2020 में चिराग पासवान के अकेले चुनाव लड़ने के कारण महादलित वोट बैंक में सेंधमारी हो गयी थी, जिसका नुकसान एनडीए को हुआ। जदयू तो कई सीटों पर चुनाव हार गया और पहली बार जदयू 43 सीट लाकर तीसरे नंबर की पार्टी हो गयी। एनडीए को किसी तरह 125 सीट आयी। महागठबंधन को भी 110 सीट मिली थी। बिहार में महादलितों में 22 जातियां हैं, जिनमें से नीतीश कुमार ने पासवान को छोड़कर 21 को शुरू में महादलित बना दिया। रामविलास पासवान के कारण पासवान को महादलित से बाहर रखा था। बाद में रामविलास पासवान के साथ ट्यूनिग बेहतर होने पर पासवान को भी महादलित में शामिल कर लिया, तो नीतीश कुमार के लिए यह एक बड़ा वोट बैंक रहा है। पिछले दिनों नीतीश कुमार ने टोला सेवक को लेकर बड़ा फैसला लिया था।मुस्लिम वोट भी मिलता रहा है नीतीश को

मुस्लिम वोट बैंक भी बिहार में बड़ा फैक्टर रहा है। नीतीश कुमार को 2010 में 210 सीटों पर प्रचंड जीत दिलाने में इस फैक्टर की बड़ी भूमिका रही है। हालांकि 2020 में मुस्लिम का बड़ा खेमा नीतीश कुमार से इसलिए नाराज हो गया, क्योंकि नीतीश कुमार फिर से बीजेपी के साथ हो गये। अभी वक्फ कानून के लागू होने के बाद यह नाराजगी और बढ़ी है, लेकिन नीतीश कुमार इस वर्ग के लिए भी बड़े फैसले ले रहे हैं। 2020 में जदयू ने 11 मुस्लिम उम्मीदवार उतारे थे। उसमें से एक भी जीत नहीं पाया। लोकसभा चुनाव में भी किशनगंज से जदयू का मुस्लिम उम्मीदवार हार गया। बिहार विधानसभा में एनडीए की तरफ से एकमात्र मुस्लिम विधायक जमा खान हैं, जो बसपा से चुनाव जीते थे। वह बाद में जदयू में शामिल हो गये। उन्हें मंत्री भी बनाया गया है। नीतीश कुमार मुस्लिम को लेकर भी शुरू से बीजेपी के साथ रहते हुए भी अलग रुख अपनाते रहे हैं। यही कारण है कि लालू प्रसाद यादव का 'एम-वाइ' समीकरण ध्वस्त हो गया। हालांकि वक्फ कानून लागू होने के बाद से मुस्लिमों में नाराजगी है। फिर भी पसमांदा मुसलमान से नीतीश कुमार को उम्मीद है। अभी हाल ही में नीतीश कुमार ने अल्पसंख्यक आयोग और मदरसा बोर्ड का गठन भी किया है।

### मुखिया भी निभाते हैं अहम भूमिका

बिहार में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों में मुखिया की बड़ी भूमिका होती है। आठ हजार से अधिक पंचायत बिहार में हैं। ग्रामीण इलाकों में वोटर को अपने पक्ष में करने में मुखिया बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए उनकी नाराजगी दूर करने के लिए कई बड़े फैसले नीतीश कुमार ने लिये हैं। इनका पावर भी बढ़ाया गया है और मानदेय भी बढ़ा दिया गया है।

### लालू के पास सबसे बड़ा 'एम' फैक्टर

जहां तक लालू के 'एम' फैक्टर का सवाल है, तो मुस्लिम वोट लालू का मजबूत किला रहा है। 1990 के दशक में जब लालू प्रसाद यादव ने बिहार की सत्ता संभाली थी, तब से लगातार मुस्लिम-यादव (एम-वाइ ) समीकरण लालू प्रसाद यादव के साथ रहा। यादव के बाद लालू प्रसाद यादव की सबसे बड़ी ताकत मुस्लिम वोट बैंक ही था। बिहार के बड़े मुस्लिम चेहरा, चाहे शहाबुद्दीन हों, अब्दुल बारी सिद्दीकी हों, तस्लीमुद्दीन हों, सभी लालू यादव के साथ रहे। सभी का अपने-अपने क्षेत्र में बड़ा दबदबा था। इनके अलावा भी कई चेहरे थे। 2005 में नीतीश के सत्ता संभालने के बाद लालू के मुस्लिम वोट बैंक में बड़ा बदलाव हुआ। उसके बावजूद मुस्लिम वोट बैंक का बड़ा हिस्सा लालू यादव के साथ जुड़ा रहा है और आज भी है। नीतीश कुमार ने भले 'एम' फैक्टर के सहारे लालू यादव को घेरा, फिर भी लालू यादव नीतीश कुमार पर कई बार भारी पड़े हैं। 2020 का परिणाम इसका उदाहरण है। नीतीश उसी की काट में इस बार बड़ा गेम प्लान कर रहे हैं और कई 'एम' फैक्टर को अपने साथ जोड़ कर विधानसभा चुनाव जीतने की रणनीति उन्होंने बनायी है।

### महिला फैक्टर पर भी तेजस्वी रेस

महिला फैक्टर पर तेजस्वी यादव भी काम कर रहे हैं। माई-बहिन मान योजना जैसे कई तरह के वादे कर रहे हैं। हालांकि नीतीश कुमार महिलाओं को लुभाने के लिए लगातार फैसले ले रहे हैं। कहा तो यह भी जा रहा है कि आगे आने वाले दिनों में भी कई बड़े फैसले लेंगे। ऐसे में तेजस्वी की ओर से किये गये वादे का कितना असर होता है, यह भी देखने वाली बात होगी।

### सबसे बड़ा फैक्टर मजदूर

मजदूर वर्ग भी बिहार में बड़ा फैक्टर रहता है। पलायन के दर्द से बिहार जूझ रहा है। इस दर्द को भी भुनाने की कोशिश में तेजस्वी यादव जुटे हुए हैं। मजदूरों के साथ युवाओं को भी जोड़ने की कोशिश में लगे हुए हैं। कुल मिलाकर देखें तो लालू और तेजस्वी के साथ यही तीन बड़े 'एम' फैक्टर हैं। वैसे नीतीश कुमार ने 'एम' फैक्टर का बड़ा कुनबा तैयार किया है, जो भारी पड़ता दिख रहा है।

### 'एम' फैक्टर का राजनीतिक असर

'एम' फैक्टर को लेकर जानकारों का कहना है कि इस पर तो नीतीश कुमार शुरू से काम करते रहे हैं। इसी कारण 20 साल से वह सत्ता में है। अब कई 'एम' फैक्टर उन्होंने अपने साथ जोड़ लिया है। इस बार लालू प्रसाद यादव पर नीतीश कुमार का कई 'एम' फैक्टर भारी पड़ रहा है। इसी कारण नीतीश कुमार सत्ता में बने हुए हैं।

---

# 'टेढ़ी बतियाइयेगा तो टेढ़ी बतियायेंगे'

**राजद विधायक भाई वीरेंद्र को पंचायत सचिव ने रगड़ा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना।** बिहार में अपने बयान से कई बार बवाल और विवाद पैदा कर चुके राष्ट्रीय जनता दल के चर्चित विधायक भाई वीरेंद्र को उनके विधानसभा क्षेत्र मनेर के एक पंचायत सचिव ने हड़का दिया है। पटना जिले की मनेर विधानसभा सीट से चौथी बार विधायक बने भाई वीरेंद्र लालू यादव और तेजस्वी यादव के करीबी और राजद के बड़े नेताओं में गिने जाते हैं। भाई वीरेंद्र ने एक पंचायत सचिव को किसी मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर फोन किया था, जिस दौरान सिर्फ नाम बोलने से नहीं पहचान पाये पंचायत सचिव और उनके बीच प्रोटोकॉल और बात करने के तरीके पर बहस हो गयी। पंचायत सचिव भी जबर निकला और कह दिया, टेढ़ी बतियाइयेगा, तो टेढ़ी बतियायेंगे। भाई वीरेंद्र और पंचायत सचिव के बीच इस बातचीत का ऑडियो वायरल हो गया है। जाहिर तौर पर बातचीत विधायक और पंचायत सचिव के बीच की है, तो ऑडियो भी इन दोनों में ही किसी ने जारी किया है। विधायक का मूड फोन की शुरुआत में ही तब खट्टा हो गया, जब पंचायत सचिव ने 'भाई वीरेंद्र बोल रहा हूं' कहने पर उन्हें पहचानने से इनकार कर दिया। पंचायत सचिव ने दुआ-सलाम नहीं किया और कहा, 'हां बोलिये'। इस बात से विधायक भाई वीरेंद्र उखड़ गये। कहने लगे- 'बोलिये, कौन बोल रहा है रे'। तो सचिव ने पूछा- 'किनसे बात करना है आपको'। इस पर विधायक बोले- 'पंचायत सचिव से बात करना चाह रहा हूं'। सचिव बोला- 'हां, पंचायत सचिव बोल रहा हूं। बोलिए'। इसके बाद का संवाद इस तरह बिगड़ता चला गया।

---

## बिहार चुनाव में दिखेगा हाइटेक अंदाज

# हरियाणा से आया नीतीश का 'निश्चय रथ'

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार चुनाव की तैयारी के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी कमर कस ली है। चुनाव प्रचार के लिए उनका हाइटेक रथ भी हरियाणा से आ गया है, जो कई सुविधाओं और टेक्नोलॉजी से लैस है। इसे 'निश्चय रथ' नाम दिया गया है, हालांकि दिखने में तो यह वैनिटी वैन की तरह है। रथ पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की फोटो लगी है। यह रथ नीतीश सरकार के 'सात निश्चय' का संदेश देते दिख रहा है, जिस पर 'बहन-बेटियों के सपने साकार, धन्यवाद नीतीश कुमार' का स्लोगन भी लिखा हुआ है। इस रथ पर नीतीश कुमार और उनकी पार्टी जेडीयू का चुनाव चिन्ह है। भाजपा को रथ पर कोई जगह नहीं मिली है।

नीतीश के निश्चय रथ में आरामदायक और एडजस्टेबल सीटें हैं, जो लंबी यात्रा में थकान का एहसास नहीं होने देंगी। एसी और हीटर की भी सुविधा है। साथ ही हाइड्रोलिक सिस्टम भी लगा है, जिसके जरिये बस की छत पर पहुंचा जा सकता है। छत को चारों तरफ से रेलिंग के जरिये घेराबंदी है। छत पर फ्लड लाइट भी लगी है, ताकि रात में भी चुनावी कार्यक्रम किये जा सकें। रथ में प्राइवेसी का भी ख्याल रखा गया है।



जानकारी के मुताबिक निश्चय रथ का इस्तेमाल सिर्फ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रोड शो के दौरान करेंगे। आने वाले वक्त में चुनाव प्रचार के दौरान यह रथ बिहार के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में घूमता दिखेगा। दरअसल इस रथ के जरिये बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी सात निश्चय योजना की उपलब्धियों को जनता के बीच पहुंचाया जायेगा। सात निश्चय में जिसमें हर घर नल का जल, हर घर शौचालय निर्माण, हर घर बिजली पहुंचाना, गली-नाली पक्कीकरण और आर्थिक हल, युवाओं को बल, महिलाओं को सशक्त करना, शहरी विकास की योजना शामिल है।

इससे पहले वीआइपी चीफ मुकेश सहनी के रथ की काफी चर्चा हुई थी। इस रथ से उन्होंने साल 2023 में निषाद आरक्षण यात्रा निकाली थी। सहनी के रथ की कीमत तीन से चार करोड़ आंकी गयी थी। इसमें राजशाही डिजाइन वाले कुर्सी-टेबल, गोल्डन प्लेट जड़ी दीवारें, महंगी लाइटिंग समेत महलों जैसी सुविधा थी।

---

# मंगल पांडेय को मुख्यमंत्री बनायेगी भाजपा : तेजस्वी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सरकार और विपक्ष के बीच माइंडगेम शुरू हो गया है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता और विपक्षी महागठबंधन के अघोषित सीएम कैंडिडेट तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि भारतीय जनता पार्टी समय आने पर अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को मुख्यमंत्री बनायेगी। तेजस्वी यादव ने कहा है कि डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा धोखे में हैं कि भाजपा उनको सीएम पद पर बिठा देगी। बता दें कि भाजपा एनडीए का हिस्सा है और एनडीए ने अब तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ने और अगली सरकार बनाने की बात कही है। तेजस्वी यादव ने सोमवार को पटना में पत्रकारों से बातचीत में दावा किया है कि भाजपा सम्राट चौधरी या विजय सिन्हा को नहीं, बल्कि पूर्व उप-मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के शिष्य मंगल पांडेय को अपना मुख्यमंत्री उम्मीदवार बनायेगी।



तेजस्वी ने कहा कि उन्हें भरोसेमंद सूत्रों से पता चला है कि भाजपा की योजना मंगल पांडेय को आगे करने की है। उन्होंने इसे एनडीए की लीक हुई योजना बताया और कहा कि सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा सिर्फ धोखा खा रहे हैं। बता दें कि चुनाव से पहले मौजूदा विधानसभा के आखिरी सत्र में तेजस्वी यादव और सम्राट चौधरी के बीच काफी तीखी नोंकझोंक हो गयी थी। तेजस्वी यादव जब एक पत्रकार द्वारा मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण में उजागर गड़बड़ी पर बोल रहे थे, तो सम्राट चौधरी ने उस रिपोर्ट को फर्जी बताया था। इसके बाद सम्राट चौधरी ने लालू यादव का बिना नाम लिये तेजस्वी पर निशाना साधा था और कहा था कि अपराधी और लुटेरा का बेटा क्या बोलेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


# विनोद पांडेय ने दिशोम गुरु के जल्द स्वस्थ होने के लिए किया जलाभिषेक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रांची जिला समिति की ओर से दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ के लिए सोमवार को रांची के पहाड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना और जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर भक्तों और श्रद्धालुओं के बीच फल-फूल और दूध का वितरण भी किया गया गया।



झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय की अगुवाई में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पहाड़ी मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। संपूर्ण विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की और शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ की मंगलकामना की।

झामुमो प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि सावन की तीसरी सोमवारी पर भगवान शंकर का जलाभिषेक कर हम सभी ने गुरुजी के जल्द स्वस्थ होने के की कामना की। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के आशीर्वाद से दिशोम गुरु शिबू सोरेन स्वस्थ होकर झारखंड लौटें और पहले की तरह ही उनका आशीर्वाद और स्नेह हम सभी झारखंडवासियों को मिले।

आयोजन को सफल बनाने में दीपक झा, विक्की यादव और अन्य कार्यकर्ताओं का अहम योगदान रहा। अनुष्ठान में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक सदस्य अश्विनी शर्मा, जिला संयोजक मंडली सदस्य सोनू मुंडा, बीरू साहू, अरुण वर्मा, विक्की यादव, मृत्युंजय सिंह, शिवनंदन मिश्रा, प्रदीप मिर्धा, आशुतोष वर्मा, रोमा सरकार, अंकिता वर्मा, दीपक झा, विजय रविदास, निखिल, अवधेश यादव, हरीश महतो, राकेश, कुलदीपक कुमार, संतोष राणा, रवि कुमार, गौरव कुमार एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।


भाकृअनुप- केंद्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006, ओड़िशा, भारत
ICAR-CENTRAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA

विज्ञापन संख्या / Advertisement No. 18/GA/AFO/2025-26 दिनांक/Date: 29.07.2025

प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु सूचना/Notice for Walk-In-Interview

प्रधान अन्वेषक, **ईएपी-451** योजना के तहत सभी योग्य उम्मीदवारों को **एक (01) ग्रेजुएट असिस्टेंट** एवं **पाँच (05) कृषि क्षेत्र ऑपरेटर** के चयन हेतु को भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., कटक, उड़ीसा में वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु आमंत्रित करते है। अधिक जानकारी के लिए कृपया भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., की वेबसाइट **https://icar-crri.in/walk-in-interview-3/** पर जाएं।

PI of the project **EAP-451**, invites all the eligible candidates for walk-in-interview for the post of **one (01) Graduate Assistant (GA) and five (05) Agricultural Field Operator (AFO)** at ICAR-CRRI, Cuttack, Odisha. For further details please visit to ICAR-CRRI website: **https://icar-crri.in/walk-in-interview-3/.**

**प्रधान अन्वेषक/Principal Investigator**


## ग्रामीण विकास मंत्री ने सुनी 52 फरियादियों की समस्याएं

# जनता दरबार में सिर्फ सुनवाई नहीं कार्रवाई भी होती है : दीपिका पांडेय

शिक्षा जगत में सरकार सुधार की कोशिश कर रही है तो विपक्ष को इसमें सहयोग करना चाहिए

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सोमवार को जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में मंत्री ने लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान के लिए संबद्ध अधिकारियों को तीव्र गति से आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के समक्ष लगभग 52 फरियादियों ने अपनी समस्याओं को रखा। इसमें प्रमुख रूप से सड़क निर्माण, नियुक्ति, मंईयां सम्मान योजना, जमीन संबंधी, अबुआ आवास, हजारीबाग में पूर्व मुख्यमंत्री केबी सहाय की क्षतिग्रस्त प्रतिमा के निर्माण शामिल है। मौके पर मंत्री ने मामलों को लेकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित संज्ञान लेकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



**जेपीएससी से जुड़े आये मामले**

जनता दरबार के बाद मंत्री ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जनता दरबार में सिर्फ सुनवाई नहीं होती बल्कि कार्रवाई भी होती है। उन्होंने बताया कि पिछले जनता दरबार में एक मामला आया था जिसमें इरम परवीन नामक महिला की तीन माह की बच्ची को पति की ओर से कश्मीर ले जाने का मामला आया था। इसपर पुलिस से संज्ञान लेने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला को उसकी बच्ची को वापस दिलाया। उन्होंने कहा कि जनता दरबार में कई मामले ऐसे आते हैं जिनका तत्काल निपटारा हो जाता है और कई मामले ऐसे होते जो लंबी प्रक्रिया वाले होते हैं। इसके त्वरित प्रक्रिया के लिए निर्देशित किया जाता है और उनकी निगरानी भी की जाती है। उन्होंने कहा कि कई छात्रों के मामले ऐसे आये जिसमें जेएसएससी की परीक्षाओं में अभ्यर्थी सफल हो गये, लेकिन उनके प्रमाण पत्र का सत्यापन नहीं किया जा सका है। इस संबंध में निर्देशित किया जायेगा और यह जल्द हो इसकी कोशिश की जायेगी। विधानसभा सत्र के दौरान झारखंड विश्वविद्यालय विधेयक के बारे में उन्होंने कहा कि बिल तैयार है और सदन के पटल पर रखा जाना है। इस विधेयक से क्रांतिकारी बदलाव उच्च शिक्षा में आयेगा। मंत्री ने कहा कि यदि सरकार शिक्षा जगत में सुधार की कोशिश कर रही है तो विपक्ष को इसमें सहयोग करना चाहिए। जनता दरबार में प्रदेश कांग्रेस के कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहू, राजन वर्मा, अजय सिंह, नरेंद्र लाल गोपी, राजीव चौधरी चिंटू सहित अन्य उपस्थित थे।

# कांग्रेस का पाकिस्तानी प्रेम उजागर : दीपक प्रकाश

## चिदंबरम का बयान सेनाओं के बलिदान का अपमान है

कांग्रेस नेता भारत के विपक्ष की तुलना में इस्लामाबाद के वकील ज्यादा नजर आते हैं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड से राज्यसभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दीपक प्रकाश ने कांग्रेस नेता पी चिदंबरम द्वारा पहलगाम आतंकवादी घटना और ऑपरेशन सिंदूर पर दिये गये विवादित बयान की तीखी आलोचना करते हुए इसे राष्ट्रविरोधी मानसिकता का परिचायक बताया है।



दीपक प्रकाश ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर जैसे ऐतिहासिक सैन्य अभियान के तीन महीने बाद जब पूरा देश भारतीय सेना के साहस और पराक्रम का सम्मान कर रहा है, ऐसे समय में कांग्रेस नेता का बयान न केवल शर्मनाक है बल्कि सैनिकों के बलिदान के प्रति अपमानजनक भी है।

उन्होंने कहा कि पी चिदंबरम ने इंटरव्यू में कहा कि हम कैसे मान लें कि पहलगाम में मारे गये आतंकी पाकिस्तानी थे? वे भारतीय भी हो सकते हैं। यह बयान स्पष्ट रूप से पाकिस्तान के पक्ष में दिया गया है। दीपक प्रकाश ने तीखे शब्दों में कहा कि कांग्रेस अब भारत के विपक्ष से ज्यादा इस्लामाबाद की वकालत करती नजर आती है। चिदंबरम का बयान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान का बचाव करने की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि जिस टीआरएफ आतंकी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी ली, वह पाकिस्तान से संचालित होता है, और जांच एजेंसियों ने भी इसे पाक प्रायोजित आतंकी हमला बताया है। दीपक प्रकाश ने कहा कि जब भारतीय सेना आतंक के अड्डों को तबाह करती है, तो कांग्रेस उस पर सवाल उठाकर सैनिकों का मनोबल गिराने का कार्य करती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस के नेता बार-बार आतंकियों के लिए नरमी दिखाकर देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं। दीपक प्रकाश ने दो टूक कहा कि अब यह साफ हो गया है कि कांग्रेस का डीएनए राष्ट्रहित का नहीं, बल्कि राष्ट्रविरोधी ताकतों को खुश करने का है। कांग्रेस का हाथ अब खुले तौर पर आतंकवादियों के साथ नजर आ रहा है। अंत में, प्रकाश ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवाद की राजनीति करती है और देश की सुरक्षा, सम्मान एवं संप्रभुता के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। कांग्रेस का इतिहास और वर्तमान दोनों ही तुष्टिकरण की राजनीति और राष्ट्रविरोधी विचारधारा से प्रेरित हैं, जिसे देश अब और सहन नहीं करेगा।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** चिंताओं से मुक्ति, आर्थिक समस्याओं का समाधान, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**वृष** वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा, दीर्घकालीन योजनाओं पर धनव्यय होगा।

**मिथुन** नवीन योजनाएं कार्यान्वित होंगी, कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति, चतुराई से बिगड़े हुए काम पूरे होंगे।

**कर्क** अपनी संकल्प शक्ति मजबूत बनाकर ही कोई काम करें, विपरीत स्थितियों में सुधार होगा।

**सिंह** आर्थिक-व्यावसायिक स्थितियां सामान्य रहेंगी, परिश्रम-प्रयत्न से प्रतिकूल परिस्थिति अनुकूल बनेगी।

**कन्या** अप्रिय स्थिति का सामना होगा, कर्मक्षेत्र में अवरोध-विरोध, विशेष परिश्रम के बाद आंशिक सफलता।

**तुला** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, सामाजिक-राजनीतिक प्रभाव बढ़ेगा।

**वृश्चिक** हर क्षेत्र में सफलता,नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा।

**धनु** निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** राजकीय सेवा से जुड़े लोगों का स्थानातंरण होने की संभव हो सकेगा।

**मीन** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी।

# प्रवीण प्रभाकर बने आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष, दीपक और संजय महासचिव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू के वरिष्ठ नेता प्रवीण प्रभाकर को आजसू पार्टी का केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि दीपक महतो को केंद्रीय महासचिव और संजय मेहता को केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। आजसू पार्टी के केंद्रीय सुदेश महतो ने संगठन विस्तार करते हुए सोमवार को पार्टी के युवा आजसू और छात्र आजसू के कई पदों पर नये पदाधिकारियों की नियुक्ति की। इस मौके पर सुदेश ने नये पदाधिकारियों को शुभकामनाएं भी दी। पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने नये पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा करते हुए बताया कि बसंत महतो, कुमुद वर्मा और चंद्रशेखर सिंह छोटू को केंद्रीय सचिव बनाया गया है। मुन्नू अख्तर को हजारीबाग जिला सचिव बनाया गया है। वहीं ऋतुराज शाहदेव को आजसू छात्र संघ का केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि मो कैफ को युवा आजसू का दक्षिणी छोटानागपुर सह प्रभारी एवं संजय साहू को रांची जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। सहिस ने आशा व्यक्त की कि उपरोक्त नियुक्तियों से संगठन को मजबूती मिलेगी और नये पदाधिकारी पार्टी को नयी दिशा में ले जाने में अपना प्रगतिशील नेतृत्व प्रदान करेंगे। प्रवीण प्रभाकर सहित सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पार्टी के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक निर्मल महतो, पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, प्रधान महासचिव मुकुंद मेहता, हरेलाल महतो, संतोष महतो सहित अन्य नेताओं ने बधाई दी है।







# राज्य में महिला अत्याचार पर घड़ियाली आंसू बहा रही कांग्रेस : राफिया नाज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस की महिला अध्यक्ष द्वारा राज्यपाल से जाकर महिला आयोग के गठन की मांग करना पूरी तरह से घड़ियाली आंसू बहाने जैसा है। यह आश्चर्यजनक है कि राज्य में कांग्रेस खुद सत्ता में भागीदार है झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और इंडिया एलायंस की सरकार चल रही है। इसके बावजूद महिला आयोग जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक निकाय का गठन अब तक नहीं किया गया है।



प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि महिलाओं की सुरक्षा, उनके अधिकारों और न्याय की झूठी बात करने वाली कांग्रेस पार्टी अपनी सरकार में ही महिलाओं को उनका हक दिलाने में विफल रही है। आज जब राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ते जा रहे हैं, आये दिन दुष्कर्म,अपहरण और छेड़खानी हो रही तब महिला आयोग का गठन न होना सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है।

राफिया नाज ने कहा कि कांग्रेस को यह स्पष्ट करना चाहिए कि सत्ता में रहते हुए महिला आयोग के गठन में देरी क्यों हो रही है। क्या यह सिर्फ एक दिखावा है या फिर महिलाओं के मुद्दों पर पार्टी की कोई वास्तविक प्रतिबद्धता नहीं है?

उन्होंने सवाल उठाया कि जब कांग्रेस की महिला अध्यक्ष को ही अपनी सरकार से उम्मीद नहीं है और उन्हें राज्यपाल के पास गुहार लगानी पड़ रही है, तो आम महिलाओं की आवाज कौन सुनेगा?

## रांची सिविल कोर्ट ने भैरव सिंह को नहीं दी बेल, जमानत याचिका खारिज

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची सिविल कोर्ट ने हिंदूवादी नेता भैरव सिंह को जमानत देने से इनकार कर दिया है। सोमवार को भैरव सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान भैरव सिंह की ओर से उपस्थित अधिवक्ता कीर्ति सिंह ने जमानत दिये जाने का आग्रह किया और अपनी बहस में कहा कि उनके मुवक्किल को बेवजह आरोपी बनाया गया है, वहीं सूचक की ओर से उपस्थित अधिवक्ता अमन कुमार राहुल ने यह दलील दी कि भैरव सिंह के विरुद्ध रांची के कई थानों में मुकदमा दर्ज है और इस मामले में उसकी भूमिका है, इसलिए उसे जमानत नहीं दी जानी चाहिए। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने भैरव सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी। दरअसल पिछले दिनों चुटिया थाना क्षेत्र के सुजाता चौक स्थित बिग बाजार इलाके में पार्किंग ठेकेदारी को लेकर हुए विवाद और सड़क पर हुई मारपीट के मामले में हिंदूवादी नेता भैरव सिंह को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में रांची के चुटिया थाना में कांड संख्या 125/2025 दर्ज है।

# इस बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव ऐतिहासिक होगा : संजय सेठ

16 और 17 अगस्त को अल्बर्ट एक्का चौक पर होगा श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के महोत्सव कमेटी का गठन

कमेटियों के संयोजक और सहयोगियों को दी गयी कार्यों की जिम्मेवारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के सानिध्य में 16 आ 17 अगस्त को अल्बर्ट एक्का चौक में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया जायेगा। श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के संरक्षक सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ व संरक्षक अजय मारू और समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि आयोजन को बड़े ही धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है, साथ ही सोमवार को बैठक कर कमेटी का विस्तार भी किया गया। आयोजन की सफलता के लिए सदस्यों के बीच कार्यों का वितरण कर उनको विभागीय जिम्मेवारी दी गयी। संरक्षक रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, संरक्षक विधायक सीपी सिंह, पूर्व सांसद अजय मारू हैं। वहीं आयोजन समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा रहेंगे। स्वागत समिति में पुनीत पोद्दार, छवि विरमानी, राजीव चटर्जी, ललित केजरीवाल, प्रकाश धेलिया, प्रतीक मोर, पवन बजाज, मनीष साहू, राम कुमार कुंवर, राजा घोष, शंकर दुबे, परामर्श समिति में चंद्रकांत रायपत, ऐश्वर्या सेठ, जवाहर तनेजा, संजीव विजयवर्गीय, आशीष भाटिया, संयोजक कुणाल आजमानी, महासचिव रविंद्र मोदी, सचिव रमेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष राम बांगड़, दही हांडी फोडो प्रतियोगिता राज वर्मा, नीरज चौधरी, भीष्म सिंह, ललन श्रीवास्तव, प्रमोद सारस्वत, मनोज कुमार, विजय ओझा, मनोज तिवारी, रवि मुंडा, सबलू मुंडा बबलू चौधरी, आनंद वर्मा, सतीश कुमार, रामलखन राम, मंच व पुष्प सज्जा रामाशंकर बागड़िया, संतोष सेठ, प्रेस मीडिया प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार, मंच सुरक्षा सतेंद्र सिंह (गुड्डू), विकास कुमार (रवि), अमित सिंह, झांकी और साज सज्जा नीरज कुमार, राज वर्मा, बबलू चौधरी, संजीव साहू, विजय यादव, अजय वर्मा, विवेक गुप्ता, पुरस्कार संग्रह अमित चौधरी, यश पोद्दार, प्रचार-प्रसार व एलइडी आनंद श्रीवास्तव, संजय जायसवाल, प्रज्ञा मणि, वीरेंद्र कुमार, दीपक कुमार, प्रशासक व प्रशासन राम बांगड़, ललित ओझा, प्रदीप कुमार, राहुल सिंहा (चंकी), चिकित्सा और आवास नीरज कुमार(रिम्पी),राजेश गुप्ता, नरेंद्र लाखोटिया, विवेक गुप्ता, मंच संचालक राजश्री, सेवा प्रकल्प मनीष लोधा, वीरेंद्र गुप्ता, अरुण कपूर (कालू) विनय मंत्री, प्रेमचंद श्रीवास्तव (लाला जी), अमर प्रसाद, विकास कुमार, साउंड रमेंद्र कुमार, राजीव वर्मा, भजन प्रभारी जुगल दरगड़, गौरव काबरा लाइट व जेनरेटर संजय सिंह, बैजू सोनी, राजू रजक, बाल गोपाल प्रतियोगिता पूनम आनंद, कुमुद झा, नीलम चौधरी, नीतू सिंह, गोविंदा टीम और बाल गोपाल रजिस्ट्रेशन सतीश सिन्हा, राजेंद्र केडिया, स्टाप वाच और मटकी संचालन विपिन वर्मा, राजीव सहाय, निर्णायक मंडली, समाचार पत्रों के संपादक, आयोजन स्थल और टेंट व्यवस्था नीरज कुमार, कवलजीत सिंह (शंटी) मनोज कुमार, अशोक पुरोहित, संजय गोयल, सोनू भारद्वाज, गौत्तम देव बनाये गये।




# पूर्व नक्सली कुंदन पाहन साक्ष्य के अभाव में अदालत से बरी

कुंदन पर अपहरण, लूट, हत्याकांड जैसे 100 से अधिक मामले हैं दर्ज



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने सोमवार को पूर्व नक्सली कुंदन को पाहन को साक्ष्य अभाव में बरी कर दिया है। कुंदन पाहन पर पुलिस टीम पर हमला करने का आरोप था। 24 अक्टूबर 2009 को यह घटना हुई थी। रांची सिविल कोर्ट ने सरेंडर के बाद जेल में बंद पूर्व नक्सली कुंदन पाहन को पुलिस की टीम पर हमला करने के मामले में साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त संजीव झा की कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनाई के बाद अलातल ने कुंदन को बरी कर दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में 2 गवाह पेश किये गये, जबकि कुंदन पाहन की ओर से अधिवक्ता ईश्वर दयाल ने पक्ष रखा। पुलिस में दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक पुलिस टीम पर जानलेवा हमले की यह घटना 24 अक्टूबर 2009 की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि जोन्हा फॉल के पास उग्रवादी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले हैं। सूचना पर मूरी ओपी और अनगड़ा थाना की पुलिस वहां पहुंची। इसी दौरान पुलिस और नक्सलियों के बीच फायरिंग शुरू हो गयी। पुलिस को भारी पड़ता देख लक्सली भाग गये। पुलिस ने मौके से विस्फोटक और हथियार बरामद किया था। इस संबंध में रांची के अनगड़ा थाना में कुंदन पाहन सहित अन्य के विरुद्ध कांड संख्या 61/2009 दर्ज की गयी थी।

उल्लेखनीय है कि मामले में कई नक्सली पहले ही बरी हो चुके हैं। कुंदन पाहन 14 मई 2017 से जेल में बंद है। उसने झारखंड पुलिस के समक्ष खुद को सरेंडर किया था। कुंदन पर अपहरण, लूट, हत्याकांड जैसे 100 से अधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। उस वक्त बुंडू,


**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**निविदा सं. एडीईई–जी–कन्सील्ड–25–04–आर1, दिनांक 25.07.2025,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, उप मुख्य विद्युत सेवा अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700043 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 18.08.2025 को 15.00 बजे से पूर्व ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण :** सब स्टेशन नं. 6 और 8 गार्डन रीच, दक्षिण पूर्व रेलवे में अग्नि सुरक्षा अनुशंसा को लागू करने के लिए विभिन्न प्रशासनिक भवनों और सेंट्रल हॉस्पिटल में सहायक उपकरणों के साथ कन्सील्ड वायरिंग के प्रावधान के लिए विद्युत कार्य और बिजली आपूर्ति व्यवस्था में वृद्धि। **निविदा मूल्यः** रु. 7,06,07,277.24 लागू अनुसार जीएसटी सहित। **बयाना राशिः** रु. 5,03,000/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **अंतिम तिथिः** दिनांक 18.08.2025 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधिः** एलओए जारी करने की तिथि से 12 माह। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण, वर्णन और विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **द्रष्टव्यः** प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं।

(PR-446)

## सांप के काटने से छह वर्षीय बच्ची की मौत

**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मनैया पंचायत के ग्राम जमासोती में सांप के काटने से एक छह वर्षीय बच्ची की मौत हो गयी। मृतका की पहचान सोनाली कुमारी, पिता बबलू बिरहोर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बीती रात बच्ची को सांप ने डंस लिया था। परिजनों ने इलाज के लिए सुबह होने का इंतजार किया, लेकिन सुबह होते-होते बच्ची ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर बीडीओ सह अंचलाधिकारी अमृता सिंह मौके पर पहुंचीं और परिजनों से मुलाकात कर पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सर्पदंश की दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर वरीय अधिकारियों से बातचीत की जा रही है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव, एएनएम रीना मरांडी समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे। बच्ची आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ाई कर रही थी। इस दर्दनाक हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर बैठक संपन्न



**बरही (आजाद सिपाही)।** फाइलेरिया जैसी घातक बीमारी के उन्मूलन को लेकर सोमवार को प्रखंड सभागार में एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने की। इस कार्यशाला में डीएस प्रकाश ज्ञानी, पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव और जलसहिया दीदी शामिल हुईं। बैठक में डीएस प्रकाश ज्ञानी ने फाइलेरिया के लक्षण, बचाव और इसके प्रभाव को लेकर विस्तार से पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जो मच्छरों के माध्यम से फैलती है। इसे समय पर रोकथाम और सावधानी से पूरी तरह खत्म किया जा सकता है। सहिया दीदियों को जागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गयी। बीडीओ ने कहा कि सहिया दीदी घर - घर जाकर लोगों को दवा सेवन के लिए प्रेरित करें और यह भी सुनिश्चित करें कि हर व्यक्ति दवा का सेवन समय पर करे। इस बैठक का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर जनजागरूकता बढ़ाना और फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाना है। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष सह मलकोको मुखिया विजय यादव, बिजैया मुखिया मकीना खातून, बेंदगी मुखिया सिकंदर राणा, कोल्हुआकला मुखिया मंगलदेव यादव, बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, रसोइया धमना मुखिया गोविन्द साव, पंचमाधव मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, केदारूत मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव एवं पंचायत सचिव में ललिता कुमारी, प्रियंका प्रकाश, सरोज कुमार, संजू कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, साहिया दीदियां समेत दर्जनों कर्मी मौजूद थे।

चोरी के आरोपी बेटे की गिरफ्तारी से आहत पिता ने की आत्महत्या,

## सदर थाना में पोस्टेड एसआइ पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सदर थाना में पोस्टेड एसआई रमेश हज्जाम पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाते हुए हजारीबाग एसपी को आवेदन सौंपा गया है। हजारीबाग निवासी मो रूमान ने आवेदन सौंप कर न्याय की गुहार भी लगाया गया है। आवेदन में कहा है कि पुलिस मेरे भाई मो अलताफ को दुकान में चोरी के आरोप में गत 24 जुलाई को दोपहर गिरफ्तार कर 25 जुलाई को जेल भेज दिया था। उसके बाद 25 तारीख को शाम में केश के अनुसंधान कर्ता सब इंस्पेक्टर रमेश हज्जाम के द्वारा मेरे पिताजी के फोन पर काल कर उन्हें थाना बुलाया जाता है और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। मेरे पिताजी मानसीक प्रताड़ित होने के बाद थाना से घर लौट अपने रूम में चले गये और फांसी लगा ली। आवेदन देकर मामले की जांचकर दोषी पर कार्रवाई करने और परिवार के साथ इंसाफ करने की मांग की है।

## तीसरी सोमवारी पर एसडीपीओ ने किया जलाभिषेक



**बरही (आजाद सिपाही)।** सावन माह के तीसरी सोमवारी पर बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल अपने ऑफिस स्टाफ संग हर हर महादेव के जयकारे के साथ पदयात्रा करते हुए बराकर नदी पहुंचे और कलश में जल उठाकर बरही अनुमंडल परिसर स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक कर अनुमंडल क्षेत्र के लिए सुख शांति और समृद्धि और भोलेनाथ से सुख, सौभाग्य और आरोग्य की कामना की। इस दौरान एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने कहा कि यह दिन भगवान शिव के आराधना को समर्पित होता है। शिव जी का प्रिय सोमवार का दिन बहुत ही खास माना जाता है, मान्यता है कि जो भक्त सावन के प्रत्येक सोमवार को श्रद्धा से व्रत रखकर भगवान शिव की विधिवत पूजा अर्चना करता है, उसे जीवन की बड़ी बड़ी बाधाओं से भी मुक्ति मिल जाती है। पूजा पाठ में अभय सिंह, संजय कुमार, संतोष कुमार, प्रकाश उरांव, भुवन कुमार, अतुल कुमार, उमेश कुमार सिंह, प्रकाश कुमार और चौकीदार रामदेव कुमार शामिल है।

## सावन में ध्वजाधारी धाम और झरनाकुंड में उमड़ा भक्तों का हुजूम



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** श्रावण मास की पवित्र सोमवारी और शिवभक्ति का उत्सव जब अपनी पराकाष्ठा पर हो, तो जिले के ध्वजाधारी धाम और झरनाकुंड जैसे तीर्थस्थल भक्ति की अविरल धारा में डूब जाते हैं। सावन की तीसरी सोमवारी को श्रद्धा, विश्वास और शिव नाम की महिमा और बोल बम की गूंज जैसे साक्षात शिव की उपस्थिति का आभास कराती है। सावन की तीसरी सोमवारी पर पवित्र ध्वजाधारी धाम में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। पहाड़ की चोटी पर स्थित बाबा भोलेनाथ के दरबार तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं ने 777 सीढ़ियों की कठिन चढ़ाई को बोल बम और हर हर महादेव के जयघोष के साथ पार किया। सुबह 5 बजे से पहले ही शिवभक्त विभिन्न क्षेत्रों से जल लेकर ध्वजाधारी पहाड़ी की ओर प्रस्थान करने लगे। भक्तों ने शिवालय में नारियल फोड़कर, बेलपत्र, चंदन, दूध, धतूरा, भांग, और गांजा आदि अर्पित कर विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की। वहीं झुमरीतिलैया के झरनाकुंड में भी श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। भक्तों ने पवित्र जलकुंड में स्नान कर अपने तन और मन को शुद्ध किया। मान्यता है कि इस कुंड में स्नान कर भगवान शिव की पूजा करने से मनोकामनाएं शीघ्र पूरी होती हैं। जलकुंड के जल से ही अनेक भक्त जल भरकर ऊपर चढ़ते हैं और शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं। ध्वजाधारी धाम के अलावा जिले के विभिन्न शिव मंदिरों मे श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखी गयी। इस दिन जलाभिषेक करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जीवन के सारे कष्ट समाप्त हो जाते हैं। भोलेनाथ की भक्ति में लीन लोग पर्वत की कठिन सीढ़ियां भी मुस्कान के साथ चढ़ते हैं।

# उत्तम यादव गिरोह के चार अपराधियों को पुलिस ने दबोचा

**चारों अपराधी हथियार से लैस कारोबारियों से लेवी वसूलने जा रहे थे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग/बरकट्ठा।** हजारीबाग पुलिस ने कुख्यात उत्तम यादव गिरोह के चार अपराधी को फिर धर दबोचा है। गत 3 जुलाई को भी हजारीबाग पुलिस ने उत्तम यादव गिरोह के 7 अपराधियों को दबोचा था और सड़क पर परेड कराते जेल पहुंचाया था। रविवार को हजारीबाग एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधकर्मी हथियार से लैस होकर बिना नंबर प्लेट के कार पर सवार होकर कारोबारियों से लेवी वसूलने और धमकी देने बंडासिंगा-खैरा रोड से इचाक की ओर जाने वाले है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बरही एसडीपीओ के नेतृत्व में गोरहर थाना प्रभारी के साथ एक टीम का गठन किया। टीम ने गोरहर थाना क्षेत्र के चामुदोहर के पास वाहन चेकिंग लगाया, वाहन चेकिंग के दौरान बंडासिंघा के रास्ते से आ रही बिना नंबर के एक बेलोनो कार को रोक कर चेक किया। चेकिंग के क्रम में कार में बैठे लोग भागने लगे। पुलिस टीम के सदस्यों के द्वारा सभी को खदेड़कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर अभियुक्त नितीश वर्मा उर्फ संतु और बिट्टू वर्मा उर्फ बिटु सोनी के पास से एक-एक लोडेड देशी कट्टा और दोनो के पास से 315 बोर का एक-एक जिंदा कारतूस जब्त किया गया। जब पुलिस ने कड़ाई से पूछ-ताछ की तो चारों लोगो के द्वारा बताया गया कि हमलोग उत्तम यादव संगठन के लिए काम करते है और उतम यादव के ईशारे पर हजारीबाग जिला के सभी क्षेत्रों में काम करने वाले ठेकेदारों और अन्य व्यवसाइयों से लेवी वसूली और धमकी देने के उदेश्य से जा रहे थे।

एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि इस संदर्भ में उपरोक्त गिरफ्तार व्यक्तियों के विरूद्ध कांड दर्ज कर अग्रतर अनुसंधान किया जा रहा है। उतम यादव के संगठन में संलिप्त अन्य अपराधी के विरुद्ध निरतर छापामारी जारी है।

गिरफ्तार आरोपियों का नाम पता नितेश वर्मा उर्फ संटू पिता राजेश प्रसाद उर्फ बोबी, अव्वल मुहल्ला, चतरा, बिट्टू वर्मा उर्फ बिट्टू सोनी, पिता स्व बिनोद प्रसाद, दीवानखाना मुहल्ला बाजारटांड, थाना-सदर चतरा, जटाधारी यादव उर्फ मोदी, पिता-जोधी यादव, ग्राम घंघरी (गोदाम मुहल्ला), थाना-वशिष्ठ नगर (जोरी) और सुनील कुमार, पिता स्व जवाहर राम, ग्राम-अव्वल मुहल्ला, सभी जिला चतरा शामिल हैं।

### बरामद सामान

दो लोडेड देशी कट्टा, 315 बोर का दो जिन्दा गोली, चार मोबाइल फोन, बिना नंबर प्लेट का कार शामिल हैं।

### छापामारी दल

पुअनि सह गोरहर थाना प्रभारी सोनू कुमार, सअनि सुरेन्द्र राम, हवलदार अशोक कुमार सिंह गोरहर थाना, आरक्षी अनन्त कुमार, रणविजय कुमार सिंह, संदीप कुमार सिंह सभी गोरहर थाना शामिल हैं।

# सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग-रामगढ़ एनएच-33 पर स्थित मुकुंदगंज चौक के पास रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में पेट्रोल पंप व्यवसायी शिव शंकर सिंह की मौत हो गयी। वह शक्ति ऑटोमोबाइल्स, डेमोटांड और कारगिल पेट्रोल पंप के संचालक थे। बताया जा रहा है कि उनकी वैगनआर कार को बालू लदे एक तेज रफ्तार हाइवा ने जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। मुफ्फसिल थाना पुलिस के अनुसार, शिव शंकर सिंह डेमोटांड स्थित पेट्रोल पंप से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे मुकुंदगंज चौक के समीप पहुंचे, अज्ञात हाइवा ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंची और उन्हें घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी। शिव शंकर सिंह, शहीद विद्यानंद सिंह के बड़े पुत्र थे और अपने छोटे भाई रवि शंकर सिंह के साथ मिलकर पेट्रोल पंप का संचालन करते थे। उनके असमय निधन की खबर सुनते ही जिले के पेट्रोल पंप व्यवसायियों और नागरिकों में शोक की लहर दौड़ गयी। मिनाक्षी फ्यूल्स, कोनार पंप समेत शहर के अन्य पंप संचालकों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। स्थानीय लोगों की मानें तो हादसा करने वाला वाहन बालू से लदा एक हाइवा था, जो टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और फरार वाहन की तलाश जारी है। शिव शंकर सिंह की मौत ने न सिर्फ एक परिवार से उसका सहारा छीना, बल्कि जिले के व्यापारिक जगत को भी गहरा झटका दिया है।

## भाजपा नेता के घर से 15 लाख की संपत्ति चोरी

**टंडवा(आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के घनगड्डा निवासी भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष शिव प्रसाद गुप्ता के घर से बीते शनिवार की रात नकद और जेवरात समेत करीब 15 लाख की संपत्ति चोरी हो गयी। मामले में भुक्तभोगी ने टंडवा थाने में आवेदन दिया है। शिव प्रसाद ने थाने में दिए आवेदन में कहा है कि शनिवार की रात नौ बजे खाना खाने के बाद वे अपने पुराने घर से ताला लगाकर 200 मीटर दूर नये घर में सोने चले गए थे। रविवार की सुबह जब ए लौटे तो दरवाजा खुला था। अंदर रखे बक्सा और गोदरेज से जेवरात और नकद समेत 15 लाख की संपत्ति गायब थी। थाना प्रभारी ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच के बाद बताया कि जांच की जा रही है। सोने के जेवर में कान का चार सेट, कंगन दो सेट, गले का चार सेट, लॉकेट छह पीस, मांग टीका, नथिया , नोजपिन, अंगूठी, मंगल सूत्र, चेन । चांदी में पायल , लॉकेट एक सेट, चेन, कमरधनी, चांदी का सिक्का, चांदी की मछली, चांदी का रूपया , चांदी की अंगूठी छह पीस और नगद डेढ़ लाख भी चोर ले गये।

# तीसरी सोमवारी को प्रखंड के शिवालयों में हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** श्रावण मास के तीसरी सोमवारी को प्रखंड के सभी शिवालयों में हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर किया पुजा अर्चना। वही बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण में सुबह 4:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना किया। भोले बाबा के जयकारा से क्षेत्र गुंजमान हुआ। श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए थाना प्रभारी नमेधारी रजक के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन की पुख्ता इंतजाम किया गया था। पुलिस प्रशासन की व्यवस्था छावनिया, द्वारपाल, बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण, और बुढ़वा महादेव प्रवेश द्वार पर बुढ़वा महादेव विकास सह शांति समिति के द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गयी थी। श्रद्धालुओं ने बुढ़वा महादेव मंदिर के अलावा द्वारपाल छगरी गोदरी, दारू कोठरी, मडवा खामी, बंदर चूवा, और रानी धह गुफा झरना में भी लोगों ने पूजार्चना किया। श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए प्रवेश द्वार के पहले विभिन्न तरह का स्टाल लगाये गये हैं। बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न तरह के झूले लगाये गये हैं। खैरातरी के ग्रामीणों द्वारा महाप्रसाद का वितरण किया गया। बुढ़वा महादेव मंदिर में झारखंड के विभिन्न क्षेत्र से लोग पूजा अर्चना करने आते हैं। बुजुर्ग बालेश्वर महतो ने कहा कि बुढ़वा महादेव मंदिर में ऐसी मान्यता है कि जो श्रद्धालु मनते मांगते हैं उनका मनोकामना पूर्ण होता है। बड़कागांव प्रखंड के सीकरी, पड़रिया, खैरातरी, कांडतरी, सोनपुरा, मिर्जापुर, महुदी, पलांडू, झीकझोर, अंबाटोला, देवगढ़, अंगों, तलश्वार परेवातरी, पतरा, सिमरातरी, गोसाई बलिया, खराटी, नापो, चुनातरी, बाबू परा, गोंदलपुरा, बादम, अंबाजीत, महूगाई, चंदौल, सांढ, शिवाडीह, बिश्रामपुर, बरवाडीह, लगातू, जुगरा, केरीगढ़ा आदि गांव के मंदिरों में पुजा अर्चना की गयी।

## डॉक्टर और पुलिस टीम की मानवता

# बस में कराया महिला का सुरक्षित प्रसव

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** बीती रात झुमरीतिलैया के एक डॉक्टर और पुलिस टीम ने मिलकर मानवता की मिसाल पेश की। इसे सुन कर लोग प्रशंसा करते नहीं तक रहे। झुमरीतिलैया के चिकित्सक डॉ प्रवीण कुमार और पुलिस ने मिलकर रविवार की देर रात भारी बारिश के बीच प्रसव पीड़ा से परेशान एक महिला का बस में सुरक्षित प्रसव कराया। महिला ने बच्ची को जन्म दिया और प्रसव के बाद जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। देर रात बस में महिला का प्रसव कराये जाने का मामला सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय राधा देवी अपनी मां मीना देवी व बहन के साथ श्री साईं नामक यात्री बस से पटना से रांची अपने घर जा रही थी। कोडरमा के पास अचानक उसे प्रसव पीड़ा होने लगी। राधा की स्थिति को देखकर बस में बैठे यात्रियों व परिजनों ने मदद का प्रयास किया, लेकिन राधा की प्रसव पीड़ा बढ़ती चली गयी। महिला की स्थिति देख बस को तिलैया लाया गया और उसे किसी अस्पताल में ले जाने का प्रयास किया गया। इस बीच बारिश के कारण कुछ समझ नहीं आने पर बस चालक ने रांची-पटना रोड पर रेलवे ओवरब्रिज के पास खड़ी पीसीआर टीम से मदद मांगी। पुलिस ने प्रयास शुरू किया, पर रात की वजह से कुछ अस्पतालों में डॉक्टर नहीं मिले। ऐसे में पुलिस टीम में शामिल ओमप्रकाश व अन्य लोग महिला को बस में लेकर झुमरीतिलैया बाईपास रोड में संचालित आर्यन हॉस्पीटल पहुंचे और डॉक्टर प्रवीण कुमार से संपर्क किया। मामले की जानकारी पाकर डॉ प्रवीण अपने मेडिकल सहयोगियों के साथ तुरंत सड़क किनारे उक्त बस में पहुंचे। महिला की स्थिति देख उसे वहां से अस्पताल ले जाना संभव नहीं लगा तो बस में ही सभी इंतजाम देकर महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया। रात करीब 2:40 बजे महिला ने स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। इस मामले महिला के सुरक्षित प्रसव तक सभी यात्री बारिश के बीच इंतजार करते रहे। बस में महिला को नॉर्मल डिलीवरी के बाद स्वस्थ बच्ची के जन्म की खबर से सभी यात्री खुशी से झूम उठे। बाद में महिला और बच्ची को डॉ प्रवीण ने अस्पताल में भर्ती कराया। सोमवार दिन में महिला को छुट्टी भी दे दी गयी। इधर राधा की मां मीना देवी ने बताया कि राधा का पति मुंबई में मजदूरी का करता है, राधा को पहले से एक पुत्री है।

## विद्यालय में साइकिल का किया गया वितरण



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये सायकिल को उप प्रमुख सरयू साव ने प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में छात्र-छात्राओ के बीच 95 साईकल, 770 कॉपी और पेनसेट का वितरण किया। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए उप प्रमुख सरयू साव ने कहा कि सरकार द्वारा विद्यार्थियों को समय समय पर जरूरत के समान उपलब्ध कराये जाते है आप नियमित विद्यालय आये, मन लगाकर पढाई करे और गोविंदपुर पंचायत के साथ-साथ प्रखंड जिला के साथ झारखंड प्रदेश का नाम रौशन करे। हमसे जो भी सहायता होगी हरसंभव मदद करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सोमर महतो, विद्यालय अध्यक्ष संजय महतो, उपमुखिया मुरत महतो, पूर्व मुखिया तिलक साव, भीम राम और समस्त ग्रामीण शिक्षक और अभिभावक उपस्थित थे।

## बुढ़वा महादेव में किया गया पूजन सामग्री का वितरण



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पवित्र श्रावण मास की तीसरी सोमवारी को शहर के प्राचीन बुढ़वा महादेव स्थित मां वैष्णव मंदिर में पूजन समाग्री का वितरण किया गया। फल और पूजन समाग्री वितरण कार्यक्रम सुबह सात बजे शुरुआत हुई। जिसमें श्रद्धालुओं को फल, दुध, फुल, बेलपत्र, माचिस और अगरबत्ती का वितरण किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं को भस्म भी लगाया गया। जिसकी शुरूआत एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष उर्मिला देवी ने पूजन सामाग्री वितरण कर किया। एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक राकेश गुप्ता ने अतिथियों और प्रमुखजनों को अंगवस्त्र देकर संस्थान के द्वारा सम्मानित किया। अंतिम सोमवारी को बुढ़वा महादेव प्रांगण में संस्था द्वारा अंतिम सोमवारी को विशाल भंडारा का आयोजन क्षकिया गया है। इस अवसर पर विशेष रूप से एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य राकेश गुप्ता, भैया असिम, सुमित सोंधी, समाजसेवी बटेश्वर मेहता, झील सफाई समिति से अरुण वर्मा, मानिक चक्रवर्ती, ऋषि कुमार, धनंजय कुमार, सुदेश कुमार, अनुज कुमार, सत्यदेव सिंह, डॉ विकाश मेहता, कौशल कुमार, अमित गुप्ता, आकाश सुबोध, अमरेश भारद्वाज, संगीता भारद्वाज, मनीषा गुप्ता और प्रियनंदना सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## पोटंगा में विधायक रोशन लाल चौधरी ने नये विद्यालय भवन की रखा आधारशिला



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत पोटंगा टोला पारगढ़ा में डीएमएफटी मत से उत्क्रमित मध्य विद्यालय के नये विद्यालय भवन का निर्माण होना है। जिसका विधिवत शिलान्यास बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने किया गया। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने उपस्थित सभी ग्राम वासियों से कहा कि यह विद्यालय भवन यहां के बच्चों के सुनहरे भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। हमारे क्षेत्र के बच्चे पढ़ेंगे तभी हमारा समाज हमारा गांव हमारा विधानसभा क्षेत्र आगे बढ़ेगा। उपस्थित सभी ग्रामीणों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि यह विद्यालय भवन आप सभी लोग अपने देखरेख में बेहतर तरीके से बनवाने का काम करें क्योंकि यहां आपके हैं बच्चे पढ़ाने आयेंगे। आगे उन्होंने कहा कि मैं अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं और लगातार सड़क से लेकर सदन तक अपने विधानसभा की समस्याएं उठाने का काम कर रहा हूं। इस अवसर पर जिला परिषद के जिला अभियंता आशीष कुमार आनंद, मुखिया चरका करमाली, सुनील उरांव, सिकंदर उरांव, अकाल मुंडा, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री दिनेश करमाली, मदन करमाली, बबलू मांझी, चितरंजन दांगी लखन प्रजापति, महेंद्र गंजू, अशोक बेदिया, राजेंद्र कुमार, छोटेलाल, पवन मुंडा, रविंद्र गंझू, अनिल प्रसाद, बिरजू कुमार, श्रीराम वर्मा, अकल मुंडा मौजूद रहे ।

## बूथ को युक्तिसंगत बनाने और मतदाता गहन पुनरीक्षण को लेकर बैठक



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर के सभागार में बुथ को युक्तिसंगत बनाने और मतदाता गहन पुनरीक्षण को लेकर बैठक हुई। अध्यक्षता सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा ने किया। मौके पर बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप मंडल, उपाध्यक्ष कुद्दूश अंसारी, प्रखंड कल्याण सह कृषि पदाधिकारी अशोक ठाकुर मौजूद थे। बैठक में उपस्थित बीएलओ और पर्यवेक्षक को प्रशिक्षण देकर नजरी नक्शा निर्वाचन कार्यालय को भेजा गया। प्रखंड में 12 सौ से अधिक मतदाता वाले मतदान केंद्रों में युक्तिसंगत बनाने के लिए चार नये बूथ बनाने का निर्णय लिया गया है। मतदान केंद्र संख्या 172, 173, 208, 234 और 256 के बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साव, पूर्व अध्यक्ष टुकलाल नायक, झामुमो मिडिया प्रभारी चंद्रदीप पांडेय, प्रमोद गुप्ता, भाकपा माले प्रखंड सचिव शेर मोहम्मद, पंचायत सेवक नागेश्वर यादव, कैलाश कुशवाहा समेत निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी पर्यवेक्षक, बीएलओ, राजनीतिक दलों के लोग उपस्थित थे।

## घर में आग लगने से लाखों का नुकसान

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डंडाडीह पावरहाउस निवासी अर्जुन राणा पिता स्वर्गीय सुकर राणा के घर व दुकान में रात्रि लगभग दो बजे आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू नहीं हो पाया तो लगभग 3:15 बजे अग्निशमन वाहन आने पर आग पर काबू पाया गया। तब तक लाखों का अनाज, मोटरसाइकिल, दो नई साइकिल, चार पुरानी साइकिल, विलियर्स मसीन, मोटरसाइकिल एवं साइकिल का टायर ट्यूब एवं दुकान में रखे अन्य सामान आग के हवाले हो गया। वहीं अनाज में चावल आढई किवंटल, गेहूं दो किवंटल, मड़ुवा एक किवंटल, अरहर 50 किलो, पुवाल, लकड़ी सहित कई घरेलू उपयोग में आने वाले सामान जल गए। वहीं दो बैल भी घायल हो गया है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। मौके पर समाजसेवी हिरामन मिस्त्री, महादेव शर्मा सहित कई लोगों ने पहुंचकर अंचल अधिकारी से मुआवजा की मांग किया है।

# ट्रक की चपेट में आने से होमगार्ड जवान की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** रामगढ़ जिला के कुजू ओपी में कार्यरत एक पुलिस जवान की रात्रि ड्यूटी के दौरान नयामोड़ फोरलेन चौराहे पर बेकाबू ट्रक की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, बेकाबू मिनी ट्रक नाला पार कर पास के झोपड़ीनुमा दुकान में जा टकराया और चालक मौके से फरार हो गया। इधर, रात्रि ड्यूटी में तैनात जमादार और पुलिस कर्मियों के सहयोग से जवान का शव को रामगढ़ सदर अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद पुलिस विभाग में शोक व्याप्त है। साथ ही, पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल भी शुरू कर दी गई और फरार चालक की तलाशी की जा रही है। जानकारी के अनुसार, सोमवार की अहले सुबह करीब साढ़े तीन बजे कुजू ओपी के जमादार बिरेंद्र कुजूर की अगुवाई में नयामोड़ फोरलेन मुख्य चौराहे पर कुजू ओपी के जवान रात्रि ड्यूटी कर रहे थे। ड्यूटी के दौरान तैनात होमगार्ड सह भुसाई, इचाक (हजारीबाग) निवासी सुरेंद्र कुमार मेहता (37 वर्ष) पिता खेमलाल प्रसाद मेहता शौच के लिए फोरलेन सड़क पार कर रहा था। इसी बीच हजारीबाग से रांची जाने के क्रम में बेकाबू ट्रक ने होमगार्ड जवान सुरेंद्र कुमार मेहता को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे जवान की मौत घटनास्थल पर हीं हो गयी। इधर, ड्यूटी पर तैनात जमादार ने घटना की सूचना कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष सिंह को दी। जिसके बाद शव का पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर ले जाया गया। इधर, घटना की सूचना के बाद इचाक से जवान के परिजन सदर अस्पताल, रामगढ़ पहुंचे। वहीं, पत्नी, तीन बेटी और एक बेटा समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। इधर, कुजू पुलिस ने वाहन को जब्त कर ओपी ले आई है।



फाइल फोटो

## पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन, दी गयी सलामी

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। जिले के कुज्जू ओपी क्षेत्र में सड़क हादसे में हुई गृह रक्षक सुरेंद्र कुमार मेहता के निधन पर सोमवार को पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर सलामी दी गयी। इस दौरान एसपी अजय कुमार, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, मुख्यालय डीएसपी चंदन वत्स सहित पुलिस अधिकारियों ने श्रद्धांजलि दी। साथ ही दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर एसपी अजय कुमार ने बताया कि मृतक के परिवार को हर संभव मदद की जायेगी। उन्होंने बताया कि सुरेंद्र कुमार मेहता हजारीबाग जिले के इचाक थाना क्षेत्र अंतर्गत भुसाई गांव के रहने वाले थे। एसपी ने परिजनों से मुलाकात कर मानवीय सहायत राशि प्रदान किया। साथ ही उनके परिजन को सरकार द्वारा प्रवधानित मुआवजा एवं नियामानुकल नौकरी के संबंध में अस्वस्थ कराया। मेजर मंटू यादव, रजरप्पा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार, यातायात थाना प्रभारी गजेंद्र कुमार पांडे, मांडू सर्किल इंस्पेक्टर रजत कुमार, पतरातू सर्किल इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार, घाटो ओपी प्रभारी दीपक कुमार, कुज्जू प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, दिगंबर पांडे, रंजीत यादव, मो नौशाद, आशीष गौतम सहित पुलिस मेंस एसोसिएशन के तपेश्वर साव, दिनेश कुमार सुमन, लव कुश मेहता, इंद्रदेव कुमार, रघु पासवान सहित कई पुलिस अधिकारी और कर्मी ने भी श्रद्धांजलि दी।



## पुलिस ने शहर के कई स्थानों पर लगाया बारकोड

चतरा(आजाद सिपाही)। शहर में सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सदर थाना की पुलिस ने कई स्थानों पर बारकोड लगाया है। थाना प्रभारी विपिन कुमार के नेतृत्व में शहर के तपेज, महिला कॉलेज, नगवां, छठ तालाब, मुख्य डाकघर, यादव होटल, शहादत चौक, पाराडीह चेकपोस्ट समेत 12 स्थानों पर बार कोड लगाया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर बार कोड लगाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में गश्ती दल की गतिविधियों पर निगरानी रखना व पुलिस की जवाबदेही सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि 12 जगहों पर बार कोड लगाया गया है। 12 बार कोड और लगाये जायेंगे। इन बार कोडों को विशेष रूप से थानों द्वारा तय गश्ती रूट के मुताबिक लगाया गया है, जब भी गश्ती दल उस क्षेत्र में पहुंचेगा, तो स्कैनिंग के जरिये उनकी उपस्थिति दर्ज होगी। इससे गश्त की मॉनिटरिंग डिजिटल रूप से संभव हो पायेगी। मौके पर एएसआइ प्रवीण कुमार समेत कई जवान शामिल थे।


भाकृअनुप-केन्द्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक (ओडिशा)-753006, भारत
ICAR-CENTRAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK (ODISHA)-753006, INDIA

विज्ञापन संख्या / Advertisement No.: 13/YP-II/2025-26 दिनांक / Date: 29.07.2025

साक्षात्कार हेतु सूचना / Notice for Interview

प्रधान अन्वेषक, ईएपी-422 योजना के तहत सभी योग्य उम्मीदवारों को एक (01) यंग प्रोफेशनल-II के चयन हेतु को भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., कटक, ओड़िशा में इंटरव्यु हेतु आमंत्रित करते है। अधिक जानकारी के लिए कृपया भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., की वेबसाइट: https://icar-crri.in/walk-in-interview-3/ पर जाएं।

PI of the project EAP-422, invites all the eligible candidates for Interview for the post of One (01) Young Professional-II (YP-II) at ICAR-CRRI, Cuttack, Odisha. For further details please visit to ICAR-CRRI website: https://icar-crri.in/walk-in-interview-3/.

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR


## डाक विभाग ने किया डाक महामेला का आयोजन




रामगढ़(आजाद सिपाही)। हजारीबाग डाक प्रमंडल द्वारा सोमवार को टाऊन हॉल में डाक अधीक्षक हजारीबाग आशुतोष कुमार सिन्हा के निर्देशन में डाक महामेला का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ डाक निदेशक झारखंड परिमंडल आरवी चौधरी,उप मंडलीय डाक जीवन बीमा झारखंड परिमंडल अमित कुमार और डाक अधीक्षक हजारीबाग डिवीजन आशुतोष कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर किया। डाक महामेला में अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डाक निदेशक (मुख्यालय), झारखण्ड परिमंडल और विशिष्ट अतिथि उप मंडलीय प्रबंधक, डाक जीवन बीमा, झारखण्ड परिमंडल उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मंच संचालन मिस श्वेता कुमारी और मिस रोज कुमारी ने किया। डाक महामेला में भारत सरकार की डाक बीमा योजनाओं यथा डाक जीवन बीमा / ग्रामीण डाक जीवन बीमा, भारत सरकार की लघु बचत योजनाएं (एसबी , आरडी , टीडी , एमआईएस, एनएससी ,केवीपी , पीपीएफ , सुकन्या समृद्धि योजना आदि की जानकारी दी गयी। सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में डाक विभाग अपनी मत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उप मंडलीय प्रबंधक, डाक जीवन बीमा, झारखण्ड परिमंडल अमित कुमार ने जानकारी दी कि डाक जीवन बीमा जो जन साधारण हेतु अत्यंत उपयोगी है और देश तथा राज्य में बीमा सुभेद्यता को बढ़ाने में मत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हजारीबाग डिवीजन के डाक अधीक्षक आशुतोष कुमार सिन्हा ने कहा कि इतिहास हमेशा पहले को याद करता है। महामेला में डाकघर में 2024-25 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले करीब 100 डाककर्मियों को पुरस्कृत भी किया गया। सेंट्रल सब डिवीजन में प्रथम स्थान ग्रामीण डाक सेवक छोटी लाल मेहता, डाक सहायक ललन कुमार। वेस्ट सब डिवीजन में ग्रामीण डाक सेवक संजय शर्मा। कोडरमा सब डिवीजन में ग्रामीण डाक सेवक जयदेव यादव। बरही सब डिवीजन में ग्रामीण डाक सेवक श्याम सुंदर यादव। रामगढ़ सब डिवीजन में डाक सहायक अरुण कुमार सिंह। रामगढ़ पूर्वी सब डिवीजन में डाक सहायक उदय नारायण शर्मा तथा ग्रामीण डाक सेवक संजय कुमार महतो। सभी को प्रथम स्थान मिला। इसके अलावा विशेष रूप से डाक जीवन बीमा अभिकर्ता बबन कुमार राय को पुरस्कार दिया गया। हजारीबाग डिवीजन में रामगढ़ सब डिवीजन के सहायक डाक अधीक्षक नवीन कुमार अग्रवाल को प्रथम स्थान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग सहायक डाक अधीक्षक विश्वजीत राय, डाक निरीक्षक समीर कुमार मंडल,श्याम कुमार सिन्हा,डाक सहायक रविशंकर राय, सुनील कुमार सिंह,सरोजिनी प्रसाद, दिलीप कुमार, पवन कुमार,राकेश कुमार, विक्रम कुमार, संजय मंडल,राजेश कुमार यादव, अभय तिर्की, अभिजीत सुमन, राहुल प्रसाद सोनी, अवधेश कुमार, दीपक कुमार पटेल, शुभम सौरव, प्रशान्त कुमार सिंह, भानु प्रताप सिंह, शंभू दत्ता सिंह, प्रीति गुप्ता, प्रिया वर्णवाल,विवेक रंजन, शैलेन्द्र कुमार सिंह,सर्वेश कुमार, बीरेंद्र कुमार मेहता, रौशन कुमार रौशन, देवेंद्र कुमार रवि,सुबोध कुमार, प्रभु मुंडा, आशीष कुमार झा, मानसी भट्टाचार्य, भारती टुडू, नीमा कुमारी, सुनीता कुमारी, राजीव कश्यप, अर्जुन पासवान, जुली कुमारी, चंदन कुमार राय, जानकीमला देवी, रजनीश कुमार, पुनम कुमारी, अभय तिर्की, नेहा कुमारी समेत चतरा जिले, कोडरमा जिले, बरही, हजारीबाग, रामगढ़ जिले के सैकड़ों डाक विभाग कर्मचारी उपस्थित हुए।

## एसपी ने सुनीं लोगों की समस्याएं




हंटरगंज(आजाद सिपाही)। छोटी छोटी समस्याओं के निष्पादन के लिए पुलिस कप्तान सुमित अग्रवाल की ओर से थानों में थाना दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को हंटरगंज थाना में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल ने की। पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए पुलिस पदाधिकारियों और कर्मचारियों को शिकायतों को गंभीरता से लेने और उनका समयबद्ध निष्पादन करने का निर्देश दिया। ताकि शिकायतकर्ताओं को इधर-उधर भटकना न पड़े और उन्हें न्याय मिले। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारी और कर्मचारी बख्शे नहीं जायेंगे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लोगों की समस्याओं का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। थाना दिवस में दर्जनों शिकायती पत्र प्राप्त हुए। सबसे अधिक मामले राजस्व विभाग से जुड़ी हुई थी। इनमें से कई शिकायतों का निष्पादन मौके पर ही तत्काल कर दिया गया। कुछ शिकायतों के जल्द निष्पादन का आश्वासन द्वारा दिया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग से संबंधित सबसे अधिक मामले और पुलिस विभाग से संबंधित कुछ ही शिकायत थी। इस अवसर पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन, अंचलाधिकारी अरुण मुंडा, पुलिस इंस्पेक्टर पप्पू शर्मा, थाना प्रभारी प्रभात कुमार एसआई राजदेव पांडे, नितेश कुमार, वीर बहादुर सिंह,शिवशंकर गोप, पुरषोत्तम अग्निहोत्री, कृष्णा कुजूर, नावाडीह पंचायत मुखिया बसंती पन्ना, खुंटीकेवाल पंचायत मुखिया बृजकिशोर सिंह, कोबना पंचायत मुखिया बब्लू मेहता, बलूरी पं सतेंद्र कुमार सिंह, नवाडीह पनारी पंचायत मुखिया मदन चौधरी, विधायक प्रतिनिधि अरुण चौरसिया, पीएलवी अजय दास सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और फरियादी उपस्थित थे।

## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
### (जिला भू-अर्जन शाखा)
### प्रपत्र VII
### समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**अधिघोषणा**

**(अधिनियम-30/2013 की धारा-19(1) के अधीन)**

अधिघोषणा सं0:- 09 (मु0)/भू0अ0, हजारीबाग। दिनांक:- 14.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा अडानी इन्टरप्राईजेज लि0, गोन्दुलपारा कोयला खनन् परियोजना अन्तर्गत विस्थापित होने वाले परिवारों के लिए पुनर्वास कॉलोनी निर्माण हेतु ग्राम चन्दौल, थाना बडकागॉव, थाना संख्या 129, अंचल बडकागॉव, जिला हजारीबाग में कुल 162.56 एकड़ यानि 65.78 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू-खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 162.56 एकड़ यानि 65.78 हेक्टेयर है और जो ग्राम चन्दौल, थाना बड़कागॉव, थाना संख्या 129, अंचल बड़कागॉव, जिला हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है-

| क्रम सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 51 | 305 | 599/I | नीज | धान-III | 0.16 | ललीत महतो पिता द्वारिका महतो जाति कोयरी निवासी ग्रम चन्दौल |
| 52 | 305 | 599/II | नीज | धान-III | 0.33 | पारसनाथ महतो पिता मनबोध महतो जाति कुरमी निवासी होरम शीवाडीह |
| 53 | 305 | 599/III | नीज | धान-III | 0.195 | किरण देवी पति रामदर्शी महतो सा0 बडकागॉव टोला गुरूचटटी बड़कागॉव |
| 54 | 149 | 600 | नीज | धान-III | 1.01 | कार्तिक महतो वो सुरेश महतो वो सुरेन्द्र महतो पिता स्व0 दयाल महतो वो तुलसी महतो पिता स्व0 अमीर महतो वो बालदेव महतो पिता रहुल महतो वो धुठा महतो वा बढन महतो पिता स्व0 गुडन महतो वो जदु महतो वो नान्दो महतो पिता स्व0 विशुन महतो वो बुधन महतो वा बंधन महतो वो रामधन महतो वो केला महतो वो छतर महतो पिता स्व0 चरकु महतो वो सोमर महतो नावल्द पिता मानकी कुरमी वो खेदना कुरमी पिता स्व0 धनु महतो कौम महतो सा0 होरम |
| 55 | 148 | 601 | नीज | धान-III | 0.51 | अवधेश कुमार सिंह पिता गयादत सिंह वो अशोक कुमार सिंह पिता जदुनन्दन सिंह सा0 देह |
| 56 | 151 | 602 | नीज | धान-III | 0.25 | मिंकु महतो पिता स्व0 अन्दु महतो वो खैटा महतो पिता हरखु महतो वा प्रसादी महतो वो बिजली महतो वो नरेश महतो पिता स्व0 दुखन महतो वो टिकेश्वर महतो पिता स्व0 मोहन महतो वा रघुनाथ महतो वो गणेश महतो वो अघन महतो वो राजेन्द्र महतो माता मो0 मरची देवी वो टिकेश्वर महतो वो विशेश्वर महतो वो विशाल महतो पिता स्व0 तोकल महतो वा चेतलाल महतो पिता फिरांगी महतो कौम कुरमी सा0 होरम |
| 57 | 111 | 603 | नीज | धान-III | 0.14 | खैटा महतो पिता हरखु महतो मो0 देवन्ती देवी पति स्व0 अन्दु महतो वा महेश महतो वो नरेश महतो पिता स्व0 दुखन महतो, डालेश्वर महतो वो सिकेन्द्र कुमार पिता स्व0 प्रसाधी महतो |
| 58 | 111 | 603/I | नीज | धान-III | 0.07 | रघुनाथ महतो वो गणेश महतो वो तिलक महतो वो अघन महतो वो राजेन्द्र महतो पिता मुन्शी महतो जाति कुरमी निवासी ग्राम-चन्दौल होरम |
| 59 | 111 | 604 | नीज | धान-III | 0.065 | खैटा महतो पिता हरखु महतो मो0 देवन्ती देवी पति स्व0 अन्दु महतो वा महेश महतो वो नरेश महतो पिता स्व0 दुखन महतो, डालेश्वर महतो वो सिकेन्द्र कुमार पिता स्व0 प्रसाधी महतो |
| 60 | 111 | 604/I | नीज | धान-III | 0.285 | रघुनाथ महतो वो गणेश महतो वो तिलक महतो वो अघन महतो वो राजेन्द्र महतो पिता मुन्शी महतो जाति कुरमी निवासी ग्राम-चन्दौल होरम |
| 61 | 111 | 605 | नीज | धान-III | 0.2833 | खैटा महतो पिता हरखु महतो मो0 देवन्ती देवी पति स्व0 अन्दु महतो वा महेश महतो वो नरेश महतो पिता स्व0 दुखन महतो, डालेश्वर महतो वो सिकेन्द्र कुमार पिता स्व0 प्रसाधी महतो |
| 62 | 111 | 605/I | नीज | धान-III | 0.1267 | रघुनाथ महतो वो गणेश महतो वो तिलक महतो वो अघन महतो वो राजेन्द्र महतो पिता मुन्शी महतो जाति कुरमी निवासी ग्राम-चन्दौल होरम |
| 63 | 111 | 606 | नीज | धान-III | 0.185 | खैटा महतो पिता हरखु महतो मो0 देवन्ती देवी पति स्व0 अन्दु महतो वा महेश महतो वो नरेश महतो पिता स्व0 दुखन महतो, डालेश्वर महतो वो सिकेन्द्र कुमार पिता स्व0 प्रसाधी महतो |
| 64 | 111 | 606/I | नीज | धान-III | 0.095 | रघुनाथ महतो वो गणेश महतो वो तिलक महतो वो अघन महतो वो राजेन्द्र महतो पिता मुन्शी महतो जाति कुरमी निवासी ग्राम-चन्दौल होरम |
| 65 | 111 | 607 | नीज | धान-III | 0.65 | खैटा महतो पिता हरखु महतो मो0 देवन्ती देवी पति स्व0 अन्दु महतो वा महेश महतो वो नरेश महतो पिता स्व0 दुखन महतो, डालेश्वर महतो वो सिकेन्द्र कुमार पिता स्व0 प्रसाधी महतो |
| 66 | 111 | 607/I | नीज | धान-III | 0.33 | रघुनाथ महतो वो गणेश महतो वो तिलक महतो वो अघन महतो वो राजेन्द्र महतो पिता मुन्शी महतो जाति कुरमी निवासी ग्राम-चन्दौल होरम |
| 67 | 188 | 608 | नीज | धान-III | 2.13 | पनु कुम्हार वल्द हीरामन कुम्हार कौम कुम्हार सा0 महुगाई खुर्द |
| 68 | 343 | 609 | नीज | धान-III | 0.185 | बकास्त लागान पाने वाला |
| 69 | 343 | 609/I | नीज | धान-III | 0.875 | झब्बु रजवार वगै0 पिता रांगो रजवार |
| 70 | 73 | 610 | नीज | टांड-III | 0.06 | किशोर रजवार वो सहदेव रजवार वो महेश रजवार पिता स्व0 केला रजवार वो बाबुलाल रजवार वो भोला रजवार वो मुकेश रजवार वो अरविन्द रजवार पिता स्व0 पुरन रजवार वो नेमचन्द रजवार पिता स्व0 झबु रजवार वो विदेशी रजवर वो राजु रजवार वो रामवृक्ष रजवार पिता दुलो रजवार वो बेचन रजवार वो लोचन रजवार वो कंचन रजवार वो किसुन रजवार पिता स्व0 मकुन्दर रजवार कौम रजवार सा0 देह |
| 71 | 73 | 610/I | नीज | टांड-III | 0.05 | महेश रजवार पिता कैलु रजवार वो किशोर रजवार पिता सहदेव रजवार जाति रजवार निवासी नीज ग्राम |
| 72 | 189 | 611 | नीज | धान-III | 3.73 | खेमलाल महतो वो छत्रधारी महतो वो गालो महतो वो अशोक कुमार मेहता उर्फ भकलु महतो पिता स्व0 शंकर महतो कौम कोईरी सा0 हरली |
| 73 | 297 | 612 | नीज | धान-III | 0.24 | नारायण ठाकुर वो प्रभु ठाकुर पिता स्व0 शंभु ठाकुर वो रूदन ठाकुर वो रामदेव ठाकुर पिता स्व0 अनहक्ष हजाम कौम हजमा सा0 पुन्दौल |
| 74 | 297 | 612/I | नीज | धान-III | 0.12 | मसोमात खेदनी पति लुम्बा महतो |
| 75 | 297 | 612/II | नीज | धान-III | 0.12 | कौलेश्वर महतो पिता हुसैनी महतो |
| 76 | 296 | 613 | नीज | धान-III | 0.58 | अकल ग्वाला वो कुजल ग्वाला वो अमृत ग्वाला वो जीतन ग्वाला वो रितलाल ग्वाला पिता स्व0 मुंडील गोप कौम ग्वाला सा0 पुन्दौल |
| 77 | 296 | 613/I | नीज | धान-III | 0.1967 | भुनेश्वर महतो वो दाहो महताे वो राथो महतो माता सोहनी देवी पति जेठु महतो जाति कुरमी निवासी ग्राम-चन्दौल |
| 78 | 296 | 613/II | नीज | धान-III | 0.11 | भुनेश्वर महतो वो दाहो महताे वो राथो महतो माता सोहनी देवी पति जेठु महतो जाति कुरमी निवासी ग्राम-चन्दौल |
| 79 | 296 | 613/III | नीज | धान-III | 0.10 | रोगन महतो पिता दसई महतो जाति कुरमी निवासी नीज ग्राम |
| 80 | 296 | 613/IV | नीज | धान-III | 0.1333 | सुगीया देवी पति धुठा महतो जाति कुरमी निवासी ग्राम-चन्दौल |
| 81 | 306 | 614 | नीज | धान-III | 0.85 | भुवनेश्वर यादव वो लोकनाथ यादव पिता किसुन याव वो जगदीश यादव पिता स्व0 बंधन यादव वो जीतन यादव नावल्द पिता लटुआ गोप सा0 पुन्दौल |
| 82 | 307 | 615 | नीज | धान-III | 0.62 | ललुआ चमार वो दसवा चमार वो जिगना चमार पिता स्व0 हरी चमार कौम चमार सा0 देह |
| 83 | 307 | 615/I | नीज | धान-III | 0.14 | जयलाल महतो वो तुलसी महतो वो गणपति महतो पिता बुधन महतो जाति कुरमी निवासी ग्राम-चन्दौल |
| 84 | 299 | 616 | नीज | धान-III | 0.60 | हलवा जोल्हा वल्द कनी जोल्हा कौम जोल्हा सा0 पुन्दौल |
| 85 | 301 | 618 | नीज | धान-III | 0.9575 | सहदेव महतो वो लुटवरण महतो पिता बेचु महतो वो मुंशी महतो पिता जगदेव महतो वो दशरथ महतो वो होरील महतो पिता अर्जुन महतो वा नथुदयाल महतो कैलाश महतो वो लालदेव महतो वो युगेश्वर महतो पिता बंशी महतो वो संजय महतो पिता नागेश्वर महतो वो भुवनेश्वर महतो पिता मनु महतो सा0 देह |
| 86 | 301 | 618/I | नीज | धान-III | 0.0525 | तुलसी महतो पिता बुचु महतो जाति कोईरी निवासी होरम शिवाडीह |
| 87 | 180 | 619 | नीज | धान-III | 0.87 | छटु प्रजापति वो लटल प्रजापति माता स्व0 तेजन देवी वो सोहर प्रजापति माता स्व0 दहनी देवी वो कुलेश्वर प्रजापति वो धनेश्वर प्रजापति वा दिनेश्वर प्रजापति वो बासुदेव प्रजापति वो महावीर प्रजापति पिता स्व0 वितन प्रजापति वो चरकी देवी पति स्व0 भुवनेश्वर प्रजापति वो बासुदेव प्रजापति वो तुलसी प्रजापति वो रामेश्वर प्रजापति वो कृष्णा प्रजापति पिता स्व0 बुधन प्रजापति वो लटल प्रजापति पिता स्व0 चुटन प्रजापति वा मोहन प्रजापति वो रविन्द्र प्रजापति पिता स्व0 बुटा प्रजापति |
| 88 | 180 | 619/I | नीज | धान-III | 0.86 | खेदन कुम्हार वो सोमर कुम्हार वो कैलाश कुम्हार वा भगन कुम्हार वो उतीम कुम्हार वो झरी कुम्हार वो चोहन कुम्हार पिता किशुन कुम्हार |
| 89 | 193 | 620 | नीज | धान-III | 0.07 | विश्वनाथ चमार वो रती चमार वो विगना चमार पिता स्व0 भीखा चमार कौम चमार सा0 देह |
| 90 | 193 | 620/I | नीज | धान-III | 0.32 | हरि महतो वो बैजनाथ महतो वा फागु महतो वा दशरथ महतो पिता बढन महतो जाति कुरमी निवासी होरम |
| 91 | 302 | 622 | नीज | धान-III | 0.59 | रविन्द कुमार दास वो देवेन्द्र राम वो छोटेलाल राम पिता भुखलाल राम वो बृजलाल राम वो नन्दलाल राम पिता स्व0 चौधरी राम वो योगेन्द्र राम वो गोर्वधन राम पिता स्व0 रामलाल राम वो अनिल कुमार दास वो अरूण कुमार दासा वो सुनिल कुमार दास वो सुबोध कुमार दास वो सुधीर कुमार दास पिता स्व0 बैजनाथ राम पिता स्व0 झलकु राम वो भीम राम वो नकुल राम वो सहदेव राम वो तारकेश्वर राम वो रघुबीर राम पिता स्व0 लटन राम वो भुवनेश्वर वो सुरेश वो महेन्द्र राम पिता स्व0 सोहर राम वो संतोष कुमार दास पिता सहजीवन राम वो लखन राम वो जग्रनाथ राम वो रमेश राम पिता स्व0 गुडन राम वो गणेश राम पिता स्व0 कोल्हा राम पिता स्व0 मलकु राम वो श्रीपति राम वो रामचन्द्र राम वो बासदेव राम पिता स्व0 पदुम राम जाति चमार सा0 देह |
| 92 | 302 | 622/I | नीज | धान-III | 0.04 | काजो देवी पति चरक कुरमी निवासी ग्राम चन्दौल |
| 93 | 302 | 622/II | नीज | धान-III | 0.22 | काजो देवी पति चरक कुरमी निवासी ग्राम चन्दौल |
| 94 | 307 | 624 | नीज | धान-III | 0.36 | ललुआ चमार वो दसवा चमार वो जिगना चमार पिता स्व0 हरी चमार कौम चमार सा0 देह |
| 95 | 307 | 624/I | नीज | धान-III | 0.12 | हरि महतो वो बैजनाथ महतो वा फागु महतो वा दशरथ महतो पिता बढन महतो जाति कुरमी निवासी होरम |
| 96 | 284 | 625 | नीज | धान-III | 0.16 | हरि महतो वो बैजनाथ महतो वा फागु महतो वा दशरथ महतो पिता बढन महतो जाति कुरमी निवासी होरम |
| 97 | 309 | 627 | नीज | धान-III | 0.78 | बंधु हजाम वो मोहन हजाम पिता स्व0 गुल्ला हजाम कौम हजाम सा0 पुन्दौल |
| 98 | 4 | 628 | नीज | धान-III | 0.02 | कोल्हा महतो पिता स्व0 हुसैनी महतो वा लटलु महतो पिता स्व0 धनु महतो वो बैजनाथ नाम पिता स्व0 लालमन महतो कौम कुरमी सा0 होरम |
| 99 | 4 | 628/I | नीज | धान-III | 0.33 | केशो प्रजापति वो दिनेश प्रजापति पिता विगन प्रजापति निवासी ग्राम भदुली पिपराडीह बड़कागॉव हजारीबाग |
| 100 | 150 | 629 | नीज | धान-III | 1.16 | रविन्द्र राम वो देवेन्द्र राम वो छोटेलाल राम पिता भुखलाल राम वो बृजलाल राम वो नन्दलाल राम पिता स्व0 चौधरी राम वो रामलाल राम वो बैजनाथ राम पिता स्व0 झलकु राम वो भीम राम वो नकुल राम वो सहदेव राम वो तारकेश्वर राम वो रघुबीर राम पिता स्व0 लटन राम वो भुवनेश्वर वो सुरेश वो महेन्द्र राम पिता स्व0 सोहर राम वो संतोष कुमार दास पिता सहजीवन राम वो लखन राम वो जग्रनाथ राम वो रमेश राम पिता स्व0 गुडन राम वो कोल्हा राम पिता स्व0 मलकु राम वो श्रीपति राम वो रामचन्द्र राम वो बासदेव राम पिता स्व0 पदुम राम जाति चमार सा0 देह |

**सीमा**

भूखण्ड सं0- I

उत्तर :- सर्वे प्लॉट सं0-760 अंश, 756 अंश, 755 अंश, 754 अंश, 749 अंश, 747 अंश, 744 अंश, 741 अंश, 738 अंश, 732 अंश, 731 अंश, 729 अंश, 728 अंश, 727 अंश, 726 अंश, 725 अंश, 722 अंश, 715 अंश, 703 अंश, 702 अंश, 699 अंश, 698 अंश, 697 अंश, 684 अंश, 683 एवं 682

दक्षिण :- सीमा ग्राम होरम शिवाडीह एवं बेला बेलतौल

पुरब :- सर्वे प्लॉट सं0-929 (रास्ता), 643 अंश, 647 अंश, 648 अंश, 630 अशं, 929 अंश, 628 अंश, 612 अंश, 611 अंश, 609 अंश, 608 अंश, 604 अंश एवं 602 अंश

पश्चिम:- सर्वे प्लॉट सं0-554, 555, 557, 564, 565, 552 अंश, 753 (परती कदीम), 750 (परती कदीम), 739, 592 (परती कदीम) एवं 762

**भूखण्ड सं0- II**

उत्तर: - सर्वे प्लॉट सं0- 940 एवं 941

दक्षिण :- सर्वे प्लॉट सं0- 1206, 1207, 1208, 1209, 1212, 1213, 1215, 1216, 1217, 1218 एवं 1219

पुरब :- सर्वे प्लॉट सं0-991, 994 अंश, 996 अंश, 1001 अंश, 1003 अंश, 1008 अंश, 1013 अंश, 1021 अंश, 1022 अंश, 1023 अंश, 1024 अंश, 1063 अंश, 1062 अंश, 1060 अंश, 1059 अंश, 1044 अंश, 1048 अंश, 1049 अंश, 1098 अंश, 1099 अंश, 1101 अंश, 1102 अंश, 1110 अंश, 1112 अंश, 1108 अंश, 1162 अंश, 1158 अंश, 1160 अंश, 1159 अंश, 1151 अंश, 1150 अंश, 1250 अंश, 1179 अंश, 1191 अंश, 1192 अंश, 1246 अंश, 1239 अंश, 1142 अंश, 1241 अंश, 1237 अंश, 1234 अंश, 1233 अंश,1230 अंश, 1228 अंश

पश्चिम:- सर्वे प्लॉट सं0-929 (रास्ता), 1171 अंश, 1173 अंश, 1174 अंश, 1182 अंश, 1183 अंश, 1184 अंश एवं 929 (रास्ता)

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों को सुनने और अधिनियम सं0 30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जॉच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण विस्थापित होने वाले परिवारों की संख्या शून्य है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है:-

1. भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के द्वीतिय अनुसूची के अनुसार पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन संबंधी उपबंध/हकदारियॉ-

| कंडिका | पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन संबंधी के तत्व | उपलब्ध कराये जाने वाले हकदारियॉ |
|---|---|---|
| 1. | विस्थापन की दशा में आवासन इकाईयों की व्यवस्था | लागू नहीं। |
| 2. | भूमि के लिए भूमि | लागू नहीं। |
| 3. | विकसित भूमि के लिए प्रस्थापना | लागू नहीं। |
| 4. | रोजगार/वार्षिक वृति | प्रभावित परिवार के एक सदस्य को समुचित प्रशिक्षण एवं कौशल विकास करने के पश्चात् योग्यता, अहर्ता एवं कम्पनी की आवश्यकता अनुसार नियोजित किया जायेगा। अथवा प्रभावित परिवार को एक मुश्त 5,00,000/- (पांच लाख रूपये) देय होगा। अथवा प्रभावित परिवार को नियमानुसार 2,000/- (दो हजार रूपये) प्रतिमाह 20 वर्ष तक वार्षिक वृति देय होगा। |
| 5. | विस्थापित कुटुंबों के लिए एक वर्ष की अवधि तक जीवन-निर्वाह अनुदान | लागू नहीं। |
| 6. | विस्थापित कुटुंबों के लिए परिवहन खर्च | लागू नहीं। |
| 7. | पशुबाड़ा/ छोटी दुकान खर्च | लागू नहीं। |
| 8. | कारीगरों, छोटे व्यापारियों और कतिपय अन्य को एक बारगी अनुदान | लागू नहीं। |
| 9. | मछली पकड़ने का अधिकार | लागू नहीं। |
| 10. | एक बारगी पुनर्व्यवस्थापन भत्ता | प्रत्येक प्रभावित परिवार को एक बारगी पुनर्व्यवस्थापन भत्ता के रूप में 50,000/- (पचास हजार रूपये) एक मुश्त भुगतान किया जायेगा। |
| 11. | स्टांप शुल्क और रजिस्ट्रीकरण फीस | लागू नहीं। |

2. भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के तृतीय अनुसूची के अनुसार परियोजना के लिए भू-अर्जन से विस्थापित जनसमुदाय के लिए पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन कॉलोनी में उपलब्ध कराये जाने वाले अवसंरचनात्मक सुविधाएँ/सहुलियतें एवं संसाधान संबंधी उपबंध- विस्थापन शुन्य होने के कारण लागू नहीं।

**अन्य लाभ/प्रावधान:-** उपर्युक्त हकदारियॉ/सुविधाओं के अलावा अन्य देय कोई भी लाभ/विवरण भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के आलोक में किया जायेगा। पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन पात्रता हेतु सर्वेक्षण सूची में दर्ज लाभूकों के नाम के आधार पर अंतिम पात्रता साबित नहीं होगें, वास्तविक दावे के समर्थन में प्रस्तुत किये गये कागजात के आधार पर वास्तविक पहचान के उपरांत पुनवार्स एवं पुनर्व्यवस्थापन लाभ प्रदान किया जायेगा। गलत दावे एवं गलत भुगतान की पुष्टि होने अथवा प्राधिकार/न्यायालय के द्वारा विपरीत आदेश पारित होने पर प्राप्त की गई राशि लाभूक को एक मुश्त वापस करना होगा अन्यथा उनकी वसूली नियमानुसार की जायेगी।

ह0/-

उपायुक्त सह समुचित सरकार, हजारीबाग।

PR.NO.358345 Land Reforms(25-26):D

# एक और भगदड़

हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में एक अफवाह ने कई जानें ले लीं। किसी धार्मिक स्थल पर भगदड़ की यह पहली घटना नहीं, लेकिन अफसोस है कि पुरानी गलतियों से सबक नहीं लिया जा रहा।

**एक साल में कई हादसे :** पिछले एक साल पर नजर दौड़ायें, तो इस तरह के कई दुखद हादसे हो चुके हैं। पिछले साल जुलाई में ही हाथरस में एक धार्मिक आयोजन में मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गयी थी। वहां आयोजक भीड़ को नहीं संभाल पाये। इस साल जनवरी की शुरुआत में तिरुपति मंदिर में टोकन लेने के लिए हद से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच गये और पुलिस उनको काबू नहीं कर सकी। भगदड़ मची, तो 6 लोगों की जान चली गयी। इसी साल, मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में और उसके बाद नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी हादसा हुआ।

**क्राउड मैनेजमेंट :** धार्मिक आयोजनों में भीड़ प्रबंधन हमेशा से बड़ी चुनौती रहा है। अनुमान से ज्यादा लोग जब एक जगह जुट जाते हैं, तब हल्की-सी भी चूक जानलेवा बन सकती है। इन सारे मामलों में यही वजह रही - कोई अफवाह, भीड़ का अनियंत्रित हो जाना और निकलने की जगह न मिलना। किसी भी बड़े आयोजन का सबसे अहम हिस्सा है क्राउड मैनेजमेंट। जरूरी नहीं है कि भीड़ के बारे में लगाया गया अनुमान हमेशा सही साबित हो। ऐसे में रियल टाइम मॉनिटरिंग अहम हो जाती है, जिससे स्थिति के हिसाब से तुरंत निर्णय लिया जा सके।

> धार्मिक आयोजनों में भीड़ प्रबंधन हमेशा से बड़ी चुनौती रहा है। अनुमान से ज्यादा लोग जब एक जगह जुट जाते हैं, तब हल्की-सी भी चूक जानलेवा बन सकती है। इन सारे मामलों में यही वजह रही - कोई अफवाह, भीड़ का अनियंत्रित हो जाना और निकलने की जगह न मिलना।

**धार्मिक स्थलों पर अव्यवस्था :** इस तरह की कोई दुर्घटना होने की सूरत में बचाव की योजना पहले से तैयार रहनी चाहिए। लेकिन, देखा गया है कि ज्यादातर मौकों पर पहले से की गयी प्लानिंग बेकार हो गयी, क्योंकि इंतजाम नाकाफी थे। तमाम धार्मिक स्थलों पर फैली अव्यवस्था को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। फिसलन भरे रास्ते, संकरी जगह, आने-जाने का एक ही मार्ग जैसी बातें लगभग हर जगह देखने को मिल जायेंगी। ऐसे में जब किसी खास मौके पर भीड़ बढ़ती है, तो स्वाभाविक ही हादसे की आशंका बढ़ जाती है, जैसा सावन पर मनसा देवी में हुआ।

**समन्वय और जागरूकता :** बेंगलुरु में आरसीबी के इवेंट में हुए हादसे के बाद कर्नाटक सरकार क्राउड कंट्रोल पर एक बिल लेकर आयी है, जिसमें जिम्मेदारियां तय की गयी हैं। ऐसे कानून की हर जगह जरूरत है। साथ ही, ऐसी दुर्घटनाओं से बचने के लिए आयोजकों, पुलिस-प्रशासन और जनता को समन्वय में काम करना होगा। बड़े पैमाने पर जन-जागरूकता की जरूरत है, जिससे लोगों को बताया जा सके कि भीड़ के बीच उन्हें किस तरह का व्यवहार करना है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भू-लोक से नीचे के लोकों में क्रम विकास एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन उच्च लोकों में हमारी ऊर्ध्वाधर वृद्धि हमारे कर्मों पर आधारित है। इसकी एक ही कुंजी है कि अधिक से अधिक जिम्मेदारियों को स्वेच्छा से लेना। उदाहरण के तौर पर एक फैक्ट्री में एक कार्यकर्ता पदानुक्रम विकास तभी पा सकता है, जब वह स्वेच्छा से अतिरिक्त जिम्मेदारियों का भार अपने ऊपर लेता है। जब ऐसा होता है, वह तुरंत वरिष्ठ प्रबंधन की नजरों में आ जाता है और उसे उच्च पद दे दिया जाता है।**

# क्यों इतने भिन्न हैं जीव और हमारे आस-पास की दुनिया



**अश्विनी गुरुजी**

क्या आपने कभी सोचा है कि इस ग्रह पर कीड़े-मकौड़े, रेंगने वाले जंतु, पशु-पक्षी, मानव और यहां तक कि दिव्य प्राणी भी आदि इतने भिन्न प्रकार के क्यों हैं? यहां तक कि मनुष्यों में भी इतनी श्रेणियां हैं, जो धर्म, जाति, आर्थिक स्थिति आदि के आधार पर विभाजित हैं। क्या इससे स्पष्टतः यह प्रतीत नहीं होता कि सभी कुछ, ज्ञात या अज्ञात परतों में विद्यमान है। क्या यह आश्चर्यजनक नहीं है कि विभिन्न ग्रहों और आकाश गंगाओं की यात्रा करने के पश्चात भी जीवन का कोई चिह्न नहीं मिला और न ही कभी मिलेगा। कभी सोचा है क्यों?

क्या कभी इस बात से आश्चर्य हुआ है कि कई बार हम कमरे में अकेले होते हैं, फिर भी किसी की उपस्थिति का एहसास होता है। भले ही हमारी पांच इंद्रियां उसको न अनुभव कर पायें। सृष्टि विभिन्न स्तरों की ऊर्जा का संयोजन है। प्रत्येक स्तर की ऊर्जा दूसरे से भिन्न है। क्रम-विकास पर आधारित हर एक स्तर अपने आप में पूर्ण भी है और अन्य स्तरों का पूरक भी हैं। इस प्रकार सृष्टि में एक संतुलन कायम है। ऊर्जा, एक परत से दूसरी परत में प्रस्थान करती है, किंतु तभी जब दोनों परतों में अधिक अंतर न हो। यदि ऊर्जा का आदान-प्रदान दो ऐसे स्रोतों में किया जाये, जो एक दूसरे से बिलकुल भिन्न हैं, तो असंतुलन उत्पन्न हो सकता है, जो विनाश का कारण हो सकता है। किसी भी समय पर होने वाले हमारे अस्तित्व के स्तर को आयाम या लोक कहते हैं। जिस स्तर या लोक में मनुष्य विद्यमान हैं, भू लोक कहलाता है। भू लोक से नीचे के लोक ताल कहलाते हैं, सुताल, रसताल, पाताल आदि जबकि भुवः, स्वः, मह, जनः, तपः और सत्य लोक, भूलोक से ऊपर के लोक हैं तथा हर एक लोक के अपने भी विशेष उप स्तर हैं। भू लोक के स्तर पर यानि हम मनुष्य भी कितने भिन्न प्रकार के हैं, मजदूर, पेशेवर, व्यापारी, सीइओ आदि हर कोई अपनी विशेषताओं और अनुभवों के आधार पर एक-दूसरे से भिन्न है।

> ऊर्जा, एक परत से दूसरी परत में प्रस्थान करती है, किंतु तभी जब दोनों परतों में अधिक अंतर न हो।

भू-लोक से नीचे के लोकों में क्रम विकास एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन उच्च लोकों में हमारी ऊर्ध्वाधर वृद्धि हमारे कर्मों पर आधारित है। इसकी एक ही कुंजी है कि अधिक से अधिक जिम्मेदारियों को स्वेच्छा से लेना। उदाहरण के तौर पर एक फैक्ट्री में एक कार्यकर्ता पदानुक्रम विकास तभी पा सकता है, जब वह स्वेच्छा से अतिरिक्त जिम्मेदारियों का भार अपने ऊपर लेता है। जब ऐसा होता है, वह तुरंत वरिष्ठ प्रबंधन की नजरों में आ जाता है और उसे उच्च पद दे दिया जाता है। प्रबंधन सदैव इस तरह के उत्तरदायी लोगों की तलाश में रहती है। स्वैच्छिक कार्य कभी भी अनदेखे नहीं रहते। उच्च पद के साथ-साथ कार्यकर्ता को अधिक शक्तियां भी दी जाती हैं, जो कि उसे उसका वर्चस्व साबित करने के लिए नहीं, बल्कि प्रभावी ढंग से कार्य निष्पादित करने में मदद करने के लिए दी जाती हैं।

इस प्रकार से उस कार्यकर्ता का स्तर फैक्ट्री में ऊंचा हो जाता है। इसी प्रकार अध्यात्म की दुनिया में भी उत्थान तभी होता है, जब साधक स्वार्थ से बाहर निकलकर सृष्टि के दूसरे प्राणियों का उत्तरदायित्व उठाता है। अगर हम अपने आसपास नजर डालें तो देखते हैं कि हर समय, हर कोई परमात्मा से कुछ न कुछ मांग ही रहा होता है। ईश्वर, भिखारियों के इस सागर में क्यों किसी को विशेष समझेंगे। केवल वही प्राणी जो निःस्वार्थ कार्य कर रहे हैं और दूसरों की मदद कर रहें हैं। ईश्वर की नजरों में आते हैं और फैक्ट्री कार्यकर्ता के समान ही इस स्तर से ऊपर उठ जाते हैं और दूसरों की मदद के लिए उनकी मुहीम में ईश्वर उन्हें अधिक शक्तियां प्रदान करते हैं। इस प्रकार यह प्राणी, ईश्वर और गुरु कृपा द्वारा अपने पूर्व स्तर से ऊपर उठ जाता है। लेकिन यह प्रक्रिया यहीं बंद नहीं हो जाती।

जब कोई पदानुक्रम अनुसार उन्नति करता है, तो और अधिक लोगों लोगों की जिम्मेदारी का भार उस पर आ जाता है, जिस कारण उत्तरदायित्व भी उतना ही बड़ा हो जाता है, जहां हल्की सी लापरवाही भी गंभीर दंड का भागी बना देती है। उदाहरण के तौर पर, एक कमीज बनाने की फैक्ट्री में यदि एक कार्यकर्ता कोई गलती करता है, तो हद से हद एक कमीज खराब होता है, किंतु उस फ्लोर का मैनेजर गलती करता है, तो कमीजों का एक बैच खराब हो सकता है, वहीं जनरल मैनेजर की एक गलती से पूरे दिन का उत्पादन खराब होगा और यदि गलती मैनेजिंग डायरेक्टर के स्तर पर हो जाये, तो फैक्ट्री बंद हो सकती है और हजारों श्रमिक बेरोजगार हो सकते हैं। इसी प्रकार सजा की गंभीरता भी एक कार्यकर्ता के स्तर से मैनेजिंग डायरेक्टर के स्तर पर गंभीर हो जाती है।

इसी प्रकार अध्यात्म के संसार में भी जब एक उन्नत प्राणी को अधिक शक्तियां प्रदान की जाती हैं, तो उत्तरदायित्व भी उतने ही बड़े होते हैं और लापरवाही से जुड़े दंड भी उतने ही अधिक गंभीर। क्योंकि शक्ति का हल्का सा भी दुरुपयोग आसपास के बहुत सारे लोगों या जीवों को प्रभावित कर सकता है जिससे सृष्टि के संतुलन पर असर पड़ता है और दैविक शक्ति इसकी अनुमति कभी नहीं देती।

> विकास एक निरंतर प्रक्रिया है, किंतु अनेक जन्मों के बाद ही आत्मिक उत्थान का अवसर दिया जाता है, जिसमें गलती करने की हम कोई गुंजाइश नहीं छोड़ सकते। जब हम ध्यान के लिए बैठते हैं तो विभिन्न अनुभवों का आभास होता है, कुछ तो दृष्टिगोचर भी होते है। देवी-देवताओं के प्रिय दर्शन भी होते हैं और कई बार पशुओं और भयानक प्राणियों के अप्रिय दर्शन भी।

विकास एक निरंतर प्रक्रिया है, किंतु अनेक जन्मों के बाद ही आत्मिक उत्थान का अवसर दिया जाता है, जिसमें गलती करने की हम कोई गुंजाइश नहीं छोड़ सकते। जब हम ध्यान के लिए बैठते हैं तो विभिन्न अनुभवों का आभास होता है, कुछ तो दृष्टिगोचर भी होते है। देवी-देवताओं के प्रिय दर्शन भी होते हैं और कई बार पशुओं और भयानक प्राणियों के अप्रिय दर्शन भी।

यह सब ध्यान के समय हमारी बढ़ी हुई चेतना की स्थिति में होता है, जहां हमारी उच्च इंद्रियां थोड़ी देर के लिए सक्रिय हो जाती हैं और हम अन्य लोकों के प्राणियों के साथ संपर्क कर उनका अनुभव कर पाते हैं। यदि हमारे पास अन्य लोकों का अनुभव करने के यंत्र या उन तक पहुंचने की जागृत सूक्ष्म इंद्रियां नहीं हैं, तो इसका अर्थ यह बिलकुल नहीं है कि यह लोक मौजूद नहीं हैं। अगर आप पृथ्वी लोक में हैं, तो आप गुरुत्वाकर्षण से अवश्य प्रभावित हैं, चाहे आप इस बात को माने या न माने।



## कोल्हान की खबरें

### युवा कांग्रेस की संगठनात्मक चुनाव को लेकर बैठक, सैकड़ों युवा शामिल



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर परिसदन में युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव-2025 को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश महासचिव मोहम्मद नौशाद की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सोमवार को बैठक में जिले भर सैकड़ों युवा शामिल होकर एकमत से अपने प्रत्याशियों को समर्थन दिया। बैठक का संचालन जिला अध्यक्ष पद के प्रत्याशी नवनीत मिश्रा ने की। मौके पर जिला एवं विधानसभा स्तर के प्रत्याशी की घोषित की गई।जिनमें नवनीत मिश्रा (जिला अध्यक्ष), शेख साजिद (जुगसलाई), मोहम्मद मोहसीन (जुगसलाई ब्लॉक), सुभम झा (पोटका), कुमार उधव (बाबगेड़ा), मोहम्मद हसन उर्फ बाबू (जमशेदपुर पश्चिम), ऋषभ श्रीवास्तव (जमशेदपुर पूर्वी), जकरिया सालिब (घाटशिला) शामिल हैं। मौके पर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सभी ने आगामी चुनाव में नए नेतृत्व को सामने लाने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर मो. इरशाद हैदर, माज अहमद, राशिद करीम, हाजी सलमान पठान, सैफ अली, आमिर गद्दी, पिन्टु कुमार, वरुण खनोरिया, राज वारसी सहित कई युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### इन्नर व्हील क्लब जमशेदपुर ईस्ट का 15वां स्थापना दिवस संपन्न, डॉ मीना मुखर्जी बनीं नयी अध्यक्ष



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के गोलमुरी क्लब में इन्नर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट का 15वां स्थापना दिवस समारोह उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। मौके पर डिस्ट्रिक्ट 325 की कई गणमान्य महिलाएं, जमशेदपुर के विभिन्न इन्नर व्हील क्लबों की अध्यक्ष और सचिव उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. मीना मुखर्जी ने क्लब की नई अध्यक्ष (2025-26) के रूप में पदभार ग्रहण की। कार्यक्रम की शुरूआत में वर्ष 2024-25 की सचिव संचिता डे ने क्लब द्वारा सालभर किए गए सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों का विवरण प्रस्तुत की। क्लब की पूर्व अध्यक्ष मधुमिता सान्याल ने अपनी टीम और सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए डॉ. मीना मुखर्जी को औपचारिक रूप से अध्यक्ष पद सौंपा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीलम सिन्हा ने की। नवगठित कार्यकारिणी सदस्य उपाध्यक्ष संचिता डे, सचिव अंजुबाला, कोषाध्यक्ष निलीमा प्रकाश, आईएसओ मंजरि भट्टाचार्य, संपादक मधुमिता रॉय को पदभार सौपा गया। इस अवसर पर क्लब की सभी सदस्याएं उपस्थित रहीं और नवगठित टीम को शुभकामनाएं दीं।

### घाटशिला के आनंदलोक अपार्टमेंट में लाखों की चोरी

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** दाहीगोड़ा स्थित आनंदलोक अपार्टमेंट के गंगा व यमुना ब्लॉक में रविवार देर रात चोरों ने तीन फ्लैट में ताले तोड़कर लाखों के जेवरात और नकदी की चोरी कर ली। चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गयी।

## कस्तूरबा विद्यालय की चार छात्राएं फूड प्वाइजनिंग का शिकार, एमजीएम रेफर

**एमजीएम में कस्तुरबा की बीमार बच्चियों से मिले विधायक मंगल कालिंदी, बेहतर इलाज का दिया निर्देश**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटमदा।** पटमदा प्रखंड के बांगुड़दा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की चार छात्राएं बीते रात फूड प्वाइजनिंग की चपेट में आ गईं। सोमवार को हालत बिगड़ने पर विद्यालय प्रशासन ने सभी छात्राओं को तत्काल पटमदा के माचा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया। लगातार उल्टियां होने पर उन्हें जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल रेफर किया गया। बीमार छात्राओं की पहचान पूर्णिमा महतो, दयावती प्रमाणिक, अष्टमी महतो और प्रियंका महतो के रूप में हुई। चारों छात्राओं की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। विद्यालय की वार्डन द्वारा घटना की सूचना तत्काल सभी अभिभावकों को दी गई। उधर घटना की सूचना मिलते ही विधायक मंगल कालिंदी एमजीएम अस्पताल पहुचे। विधायक ने अधीक्षक डॉ. आरके मंधान से मामले की जानकारी ली। मौके पर छात्रों की हाल जाना और बेहतर इलाज के लिए निर्देश दिया। विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू ने कहा चारों बच्चियों को आईसीयू में भर्ती कराया गया। फिलहाल सभी खतरे से बाहर हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो और बीमार बच्चियों के परिजन मौजूद रहे।

### मुथूट फाइनेंस पर स्वर्ण हड़पने का आरोप


**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला प्रकास में आया है। एक व्यक्ति ने मुथूट फाइनेंस कंपनी पर उसकी दिवंगत पत्नी द्वारा जमा किए गए सोने को हड़पने का आरोप लगाया। सोमवार को आदित्यपुर रोड नंबर-1 निवासी ओम प्रकाश ने आदित्यपुर थाना में शिकायत दर्ज कराया। उन्होंने कहा उनकी पत्नी रीमा देवी ने मुथूट फाइनेंस में सोने की चेन गिरवी रखकर ऋण लिया था। रीमा देवी की मृत्यु 4 अप्रैल को हो गई थी। नोमिनी के रूप में ओम प्रकाश का नाम दर्ज था। इसके बावजूद कंपनी ने सोना ट्रांसफर नहीं किया। शिकायतकर्ता का आरोप है सभी दस्तावेज जमा करने के बावजूद कंपनी टालमटोल कर रही। इस संबंध में मुथूट फाइनेंस के कर्मचारी सौरभ दास गुप्ता ने बताया आरबीआई के नियमों की पूर्ति न होने के कारण प्रक्रिया अटकी हुई है।

### खासमहल से गोविंदपुर तक सड़क निर्माण का विधायक ने किया निरीक्षण



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर प्रखंड के खासमहल चौक से गोविंदपुर तक 18.41 करोड़ की लागत से बन रही सड़क और पुलिया निर्माण कार्य का स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी ने निरीक्षण किया। सोमवार को निरीक्षण के दौरान विधायक ने चांदनी चौक के पास बन रहे कलवर्ट (पुलिया) का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित पथ निर्माण विभाग के एसडीओ को निर्माण कार्य में तेजी लाने और गुणवत्ता में कोई समझौता नही करने का निर्देश दिया। विधायक श्री कालिंदी ने कहा बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्य में कुछ विलंब तो हुआ लेकिन इसके पूरा होने के बाद इस मार्ग से प्रतिदिन गुजरने वाले 50 हजार से अधिक लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी।वर्षों से चली आ रही समस्या का स्थायी समाधान भी होगा।मौके पर विभागीय अधिकारियों के साथ स्थानीय ग्रामीण और जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। विधायक ने भरोसा दिलाया सभी बाधाओं को दूर कर जल्द से जल्द मुख्य सड़क जनता को समर्पित किया जाएगा।

### जंबू अखाड़ा का भव्य जलाभिषेक यात्रा 4 को



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** श्रावण मास के चतुर्थ सोमवारी (4 अगस्त 2025) को जंबू अखाड़ा के द्वारा भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा में 5001 महिला श्रद्धालु भाग लेकर बाबा लिंगेश्वरनाथ का जलाभिषेक करेंगे। सोमवार को जंबू अखाड़ा महिला इकाई की रितिका श्रीवास्तव ने बताया यह यात्रा मुख्य संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले, संरक्षक बंटी सिंह एवं लाइसेंसी रणवीर मंडल के नेतृत्व में निकाली जाएगी। यात्रा की शुरूआत भालुबासा स्थित जंबू अखाड़ा मंदिर से होगी। जहां महिलाओं को कलश, बेलपत्र और पुष्प वितरित किए जाएंगे। इसके बाद उन्हें बस से स्वर्णरेखा नदी घाट लाया जाएगा, जहां जल भरने के बाद यात्रा मानगो, एमजीएम, बाराद्वारी होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगी।यात्रा में डंका-बाजा, सिंग बाजा, डीजे, झांकी और भजन गायिका की प्रस्तुति शामिल रहेगी। मौके पर आरती मुखी, रंजीत राय, सुलोचना मुंडा और संध्या दास मौजूद रहे।

## अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल ने डीसी से की मुलाकत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल जमशेदपुर के एक प्रतिनिधि मंडल डीसी कर्ण सत्यार्थी से मुलाकात कर उन्हें शॉल व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष पवन अग्रहरि ने डीसी को दुकानदारों की समस्याओं से अवगत कराया और शीघ्र समाधान की मांग की। उपाध्यक्ष चंचल भाटिया ने सड़क अतिक्रमण और अवैध पार्किंग पर सख्त कार्रवाई के लिए आग्रह किया। उन्होंने पूर्व डीसी विजया जाधव के कार्यकाल की तरह व्यवस्था बहाल के लिए आग्रह किया। मौके पर डीसी ने प्रतिनिधिमंडल को समस्याओं का समाधान के लिए आश्वस्त किया। मौके पर सुनीता जायसवाल, एकता जायसवाल, सागर झा, यश साव, पीयूष जैन, गौतम आखुली समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## आरटीआइ कार्यकर्ता को मिली धमकी, विधायक को सौंपा मांगपत्र



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ईचागढ़।** आरटीआई कार्यकर्ता कृतिवास मंडल को अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन पर जान से मारने की धमकी मिलने के मामले में नागरिकों व सामाजिक संगठनों के एक प्रतिनिधि मंडल विधायक सविता महतो को एक मांग पत्र सौंपा।सोमवार को सौपें गए मांग पत्र के माध्यम से धमकी देने वाले के विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई व आरटीआई कार्यकताओं को प्रशासनिक सुरक्षा प्रदान करने की मांग की।उन्होंने कहा ऐसे हमले लोकतांत्रिक पारदर्शिता के मूल्यों पर सीधा प्रहार हैं। विधायक सविता महतो ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। मौके पर सुसेन गोप, नीलकमल गोप, अनंत महतो, राधेश्याम कर्मकार व तस्लीमा मल्लिक मौजूद रहे।

### विधायक सरयू राय से मिले फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन झारखंड के एक प्रतिनिधिमंडल ने जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय से मुलाकात की। सोमवार को मुलाकात के दौरान बीते 9 माह से लंबित कमीशन और ग्रीन कार्ड का दो वर्षों के बकाया सहित अन्य समस्याओं को लेकर मांग पत्र सौपा। प्रतिनिधियों ने कहा कमीशन नहीं मिलने से जीविकोपार्जन कठिन हो गया है। उन्होंने एनआईसी के जरिए राशन वितरण में गड़बड़ी का भी आरोप लगाया। मौके पर विधायक सरयू राय ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए खाद्य सचिव से वार्ता कर समाधान का भरोसा दिलाया।

## बाइक और साइकिल की टक्कर में तीन घायल



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कैलान गांव में मुख्य पथ पर बाईक और साइकिल की सीधी टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इस दुर्घटना में बाईक सवार कमलेश यादव, पिता भोला यादव और साइकिल सवार दो स्कूली छात्र चंदन बैठा पिता बबन बैठा व सूरज कुमार पिता ललन बैठा सभी कैलान निवासी घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। जानकारी के अनुसार कमलेश यादव नशे की हालत में मंगरदह से तेज रफ्तार में बाईक चलाते हुए अपने गांव कैलान लौट रहा था, इसी दौरान मुख्य मुख्य पथ पर साइकिल चला रहे दोनों छात्र सामने आ गये और अनियंत्रित बाईक ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस अस्पताल पहुंच कर घटना की जानकारी ली।

### एसडीएम ने सदर अस्पताल का देर रात किया औचक निरीक्षण

# रोस्टर के अनुसार अनुपस्थित महिला चिकित्सक को कारण पृच्छा का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त गढ़वा के निर्देश पर सदर एसडीएम संजय कुमार ने बीती देर रात गढ़वा सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति की समीक्षा की तथा मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सेवाओं की वस्तुस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में आपातकालीन सेवाएं बेहतर और सुचारू ढंग से संचालनात्मक पायी गईं। परिसर की स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, विधि व्यवस्था आदि संतोषजनक मिली। किंतु निरीक्षण के क्रम में डॉक्टर प्रतिमा कुमारी रोस्टर ड्यूटी के समय अनुपस्थित पायी गईं, जिस पर एसडीएम ने गंभीर



नाराजगी व्यक्त करते हुए अस्पताल उपाधीक्षक को उनसे स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया है।

निरीक्षण के उपरांत एसडीएम संजय कुमार ने अस्पताल उपाधीक्षक को एक पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि अस्पताल के संचालन में नियमित उपस्थिति, अनुशासन एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने चिकित्सकों की ड्यूटी रोस्टर के अनुरूप अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने के लिए उनसे गंभीर प्रयास करने को कहा है। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की जानबूझकर लापरवाही अस्वीकार्य होगी। आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। एसडीएम द्वारा दवा भंडारण एवं वितरण और विभिन्न वार्डों में मरीजों को दी जा रही सेवाओं की भी सरसरी तौर पर जांच की।

विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों/ संस्थानों के प्रशिक्षु स्वास्थ्य कर्मियों को अपने संस्थान का पहचान पत्र पहनकर ही सदर अस्पताल में ड्यूटी करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान पायी गयी मामूली कमियों के आधार पर मौके पर मौजूद चिकित्सकों एवं पैरा स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक सुझाव और निर्देश दिये गये।

### मेदिनीनगर-रामगढ़-रमकंडा भंडरिया मुख्य सड़क बदहाल

## ग्रामीणों ने सड़क पर धान की रोपाई कर जताया विरोध

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भंडरिया (फकीराडीह)।** मेदिनीनगर-रामगढ़-रमकंडा भंडरिया मुख्य सड़क की जर्जर हालत को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। सोमवार को फकीराडीह पंचायत के फकीराडीह घोड़मरी मोड़ के पास सड़क पर धान की रोपनी कर ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ अनोखा विरोध दर्ज कराया। इस विरोध प्रदर्शन की अगुवाई पंचायत के मुखिया सोहर सिंह ने की।

ग्रामीणों का कहना था कि फकीराडीह रामगढ़ डालटनगंज मुख सड़क हो या पाट से तिहारो ग्रामीण सड़क वर्षों से यह मुख्य सड़क बदहाल पड़ी है। बारिश होते ही सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे, कीचड़ और जलजमाव के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। दुर्घटनाओं की संभावना हमेशा बनी रहती है।



प्रदर्शन में शामिल ग्रामीण अनूप पासवान, राजेंद्र पासवान, हबीब अंसारी, ओमप्रकाश पासवान, शर्मा सिंह, पंकज पासवान, निराला पासवान समेत अन्य लोगों ने बताया कि कई बार सांसद बिधायक और आस्थानीय जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग से सड़क की मरम्मत कराने की मांग की गयी, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। अब लोगों का धैर्य जवाब दे चुका है। ग्रामीणों ने सड़क पर ही धान रोपते हुए तंज कसा कि अगर सरकार सड़क नहीं बना सकती, तो हम इसे खेत ही बना देते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और उग्र किया जायेगा।

इधर स्थानीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने कहा कि हमने सरकार के सचिव के पास सूची दिया है। प्रयास रहेगा कि दीपावली छठ तक टेंडर की प्रक्रिया हो। भंडरिया प्रखंड में चार रोड़ प्रक्रिया पूरा कर दिया गया है, जिसमें पाट से तिहारो मंडल से भंडरिया, फकीराडीह से रामगढ़ तिहारो से कुरुण रोड प्रक्रिया हो गया है।

## रंका में सांसद प्रतिनिधि कक्ष का उद्घाटन



रंका (आजाद सिपाही)। सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा एवं भाजपा रंका मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश दास की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय में सांसद प्रतिनिधि कक्ष का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा के गढ़वा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने फीता काट एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि गरीब, असहाय वैसे लोग जो शासनिक-प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा परेशान हैं, सांसद प्रतिनिधि से मिलें उन्हें सहयोग किया जायेगा। इस मौके पर जिले के सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, पूर्व प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष विनय चौबे, प्रखंड महामंत्री दिनेश प्रसाद चंद्रवंशी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुनिल माली, अजय रविदास, जगदीश सिंह,भरदुल सिंह, रविंद्र साह, राकेश रवानी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 7 वर्षों से फरार चल रहे दो वारंटी गिरफ्तार

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। नगर उंटारी थाने की पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत छापेमारी अभियान चला कर 7 वर्षों से फरार चल रहे दो वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार वारंटियों में संतोष राम एवं संजय प्रसाद उर्फ टुकून के नाम शामिल हैं। संतोष मर्चवार एवं संजय धुरकी मोड़ का रहने वाला है। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि एसपी साहब के निर्देशानुसार समकालीन अभियान चलाकर दोनों वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों सात वर्षों से फरार चल रहे थे। दोनों के खिलाफ कोर्ट से वारंट निर्गत किया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तारी के डर से भागे फिर रहे अपराधी या वारंटी अविलंब आत्मसमर्पण करें, उन्हें किसी भी हाल में बक्शा नहीं जायेगा।

## नये सत्र में नामांकन के लिए एनसीसी कैडेट्स की जांच परीक्षा संपन्न



गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्थानीय सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज के एनसीसी इकाई में सत्र 2025-28 के लिए कुल 18 सीटों पर कैडेट्स के नामांकन के लिए 50 छात्र-छात्राओं का फिजीकल एवं लिखित परीक्षा ली गयी। उक्त आशय की जानकारी महाविद्यालय के एनसीसी के एएनओ प्रो धीरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि वर्तमान सत्र में कैडेट्स के नामांकन के लिए 44 झारखंड एनसीसी बटालियन से सुबेदार गोकुल तिग्गा एवं हवलदार अमित आलोक एक्का की उपस्थिति में कुल 50 प्रतिभागियों का फिजिकल टेस्ट एवं लिखित परीक्षा ली गयी। इस दौरान दौड़, परेड आदि कराये गये। इसके पश्चात उनका लिखित परीक्षा लिया गया। उन्होंने बताया कि यह सत्र तीन वर्षों का होगा। चयनित कैडेटस का नामांकन महाविद्यालय के एनसीसी विंग में किया जायेगा जिन्हें एनसीसी के निर्धारित नियमानुसार सभी सुविधाएं एवं प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जायेंगे।

# बालू उत्खनन की आशंका पर एसडीएम ने नदी तटीय इलाकों में लागू की निषेधाज्ञा

- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत की गयी कार्रवाई
- एनजीटी की रोक तक इन इलाकों में बालू उत्खनन, भंडारण, परिवहन पर है पूर्ण पाबंदी
- निषेधाज्ञा का अनुपालन कराना थाना प्रभारियों की होगी जिम्मेदारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा पारित दिशा-निदेर्शों के अनुपालन में एवं मानसून के दौरान जलस्तर वृद्धि, भूमि कटाव, अवैध बालू उत्खनन परिवहन और भंडारण के चलते



पर्यावरणीय नुकसान की आशंकाओं को देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी संजय कुमार ने गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र के सभी नदी घाटों, जल निकायों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों में धारा 163 बीएनएसएस के अंतर्गत अगले आदेश तक या एनजीटी द्वारा प्रतिबंध की तिथि तक (जो भी पहले हो) निषेधाज्ञा लागू कर दी है। एसडीएम का यह निषेधाज्ञा आदेश तत्काल प्रभाव से यानि 28 जुलाई से प्रभावी होकर अगले आदेश तक या एनजीटी द्वारा प्रतिबंध की तिथि तक लागू रहेगा।

इस निषेधाज्ञा के दायरे में सोन, कोयल, बांकी, दानरो, यूरिया, सरस्वतिया आदि उन सभी नदियों के घाट आयेंगे, जो सदर अनुमंडल क्षेत्र में अवस्थित हैं। इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का बालू खनन, चाहे वह मशीन द्वारा हो या मैनुअल इस अवधि में प्रतिबंधित रहेगा। इन क्षेत्रों में बालू लदे ट्रैक्टर, हाइवा या अन्य वाहनों की आवाजाही पर मनाही रहेगी।

उक्त निषेधाज्ञा के अनुपालन कराने की जिम्मेदारी सभी संबंधित थाना प्रभारियों की रहेगी, इसलिए स्थानीय थाना प्रभारियों को आदेशित किया जा रहा है कि वे क्षेत्र में सतत गश्ती सुनिश्चित करते हुए संदेहास्पद खनन गतिविधियों पर निगरानी रखेंगे।

**नागरिकों से सूचना देने की अपील :** एसडीएम संजय कुमार ने क्षेत्र के आम नागरिकों से अपील की है कि वे पर्यावरण की रक्षा में प्रशासन का सहयोग करें। यदि किसी को अवैध खनन या परिवहन की सूचना प्राप्त हो तो वे निकटतम थाना, अंचल कार्यालय या एसडीएम कार्यालय को सूचित करें।

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

> धुरकी थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने कहा कि मामला संदिग्ध है, इसकी गहन रूप से जांच की जा रही है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धुरकी।** धुरकी थाना क्षेत्र के कुंबा कला गांव में युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जिसकी पहचान रवीना खातून पिता स्वर्गीय नसीब अंसारी के रूप में किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुंबा कला गांव निवासी पिता स्वर्गीय नसीब अंसारी की पुत्री रवीना खातून की शादी कुछ दिन पूर्व गांव के ही आजाद अंसारी पिता सरफुदिन अंसारी के साथ होना तय था। आजाद रवीना खातून से हर समय फोन के माध्यम से बातचीत करता था, जबकि आजाद का संबंध किसी अन्य लड़की के साथ भी होना



बताया जा रहा है। इस क्रम में रविवार की रात्रि में दोनो के बीच बात चीत के क्रम में आजाद के द्वारा दूसरी लड़की को कॉन्फ्रेंस पर लिया, इसके बाद रवीना तथा अन्य लड़की से कहा सुनी होने लगा। इसके बाद गुस्सायी रवीना ने घर के नजदीक आम के पेड़ पर फांसी पर झूल गयी। सूचना पर धुरकी पुलिस अपने दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। इधर धुरकी थाना प्रभारी जनार्दन राउत का कहना है कि मामला संदिग्ध है, इसकी गहन रूप से जांच किया जायेगा। दोषी को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जायेगा। इसके लिए एक टीम का गठन किया गया है।

## भव्य कलश यात्रा में उमड़ी आस्था की भीड़



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के मुडल टोला शिव मंदिर से श्रावण मास के तीसरे सोमवारी पर नवयुवक फ्रेण्ड्स क्लब के तत्वावधान में भव्य कलश यात्रा निकाली गयी, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं शामिल हुए। कलश यात्रा का शुभारंभ मुखिया रामसागर महतो, भाजपा नेता रुपु महतो, मनोज जायसवाल, प्रियंका कुमारी, संजय भगत, विजय प्रसाद, सुषमा कुशवाहा, विनोद प्रसाद, मो. अलिशेर अंसारी, विनेश कुमार मेहता आदि ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं को ध्वज, चुनरी, और कलश देकर हर हर महादेव के गगन भेदी नारों के साथ किया। लगभग तीन किलोमीटर की यात्रा तय कर उरिया नदी संगम तट से जल लेकर पुनः मंदिर में पहुंच कर भगवान शंकर पर जलाभिषेक किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विनोद चौधरी, धनंजय चौधरी, वीरेन्द्र चौधरी, कामेश्वर चौधरी सहित फ्रेंड्स क्लब के सभी सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## गढ़वा रेड क्रॉस सोसाइटी की बैठक संपन्न, कई निर्णय लिये गये



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिला रेड क्रॉस के कार्यसमिति की बैठक स्थानीय सदर अस्पताल के सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रेड क्रॉस के चेयरमैन डॉक्टर एम पी गुप्ता ने एवं संचालन रेड क्रॉस के सचिव डॉक्टर जेपी सिंह ने की। बैठक में गत बैठक की पुष्टि के बाद सचिव ने बताया कि झारखंड स्टेट रेड क्रॉस की बैठक राज्यपाल के यहां 30 जुलाई को होने वाला है। उसमें गढ़वा से दो प्रतिनिधि भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में पुराना समाहरणालय स्थित रेडक्रॉस कार्यालय का विधिवत शुरूआत जल्द से जल्द करने पर सहमति बनी। बैठक में अगले तीन महीना के दौरान किये जाने वाले मुख्य कार्य पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें निर्णय लिया गया कि बरसात का मौसम है, इसलिए अगस्त महीने में मलेरिया, डेंगू आदि मच्छर जनित रोगों से जागरूकता के लिए हैंडबिल बांटा जाये तथा जागरूकता कार्यक्रम किया जाये। बैठक में पेट्रोन मेंबर डॉ यासीन अंसारी, वरिष्ट सदस्य अलख नाथ पांडेय, चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता, वाइस चेयरमेन विनोद कमलापुरी, सचिव डॉ जेपी सिंह, सह सचिव नंदकुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामनारायण प्रसाद, कार्यसमिति सदस्य राजमणि प्रसाद, दया शंकर गुप्ता, उमेश अग्रवाल, विनोद गुप्ता, रौशन दुबे आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।


## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 05 date 26.07.2025. I, SANTOSH KUMAR @ SANTOSH KOMAR PANDEY S/o Late Ram Chandra Pandey aged about 48 years old by faith-Hindu, Nationality-Indian, R/o Village-CHANDWARA, PO CHANDWARA, PS.- Koderma, -Dist.- CHANDWARA, Jharkhand-825409 do hereby solemnly affirm and declare as follows:- 1. That I am permanent resident of above mentioned place.
2. That My Daughter Birth Certificate No. B-2024:20-02748-000016 in the name of SANTOSH KUMAR PANDEY S/O RAM CHANDRA PANDEY.
3. That in my Aadhar Card No. 4974 0995 6262, my name is recorded as SANTOSH KUMAR S/O RAM CHANDRA PANDEY.
4. That in MY DAUGHTER BIRTH CERTIFICATE No. B2024:2002748000016 my name is recorded as also SANTOSH KUMAR PANDEY S/O RAM CHANDRA PANDEY.
5. That I am known and named by two names SANTOSH KUMAR@ SANTOSH KUMAR PANDEY. I am one and same person above both names.
6. That the above contents of affidavit are true and correct, if found false, I shall be liable.


### डंडई प्रखंड कार्यालय परिसर में साइकिल सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन

# गरीबों के हक में काम कर रही सरकार : विधायक अनंत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**डंडई।** डंडई प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को साइकिल सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभुकों को स्वीकृति पत्र तथा आठवीं कक्षा में अध्ययनरत छात्रों को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार गरीब, पिछड़े और वंचित तबकों के उत्थान के लिए निरंतर जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं का उद्देश्य है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ सुनिश्चित रूप से पहुंचे। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, शिक्षा प्रोत्साहन के लिए साइकिल वितरण योजना सहित कई कार्यक्रमों के माध्यम से गांव-गांव तक विकास का रौशनी पहुचाने



का काम किया जा रहा है। विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई पदाधिकारी या कर्मचारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही करता है या जनता को जानबूझकर परेशान करता है, तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि जनता जिस विश्वास और आशा के साथ प्रखंड कार्यालय आती है, उन्हें समाधान और संतोष के साथ लौटाना सभी अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

अंत में उन्होंने आश्वस्त किया कि आने वाले दिनों में डंडई प्रखंड की मूलभूत समस्याओं जैसे सड़क, सिंचाई, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष पहल करते हुए व्यापक स्तर पर विकास कार्य करने का भरोसा दिया। कार्यक्रम के बतौर अतिथि विधायक के अलावा झामुमो केंद्रीय कार्य समिति सदस्य ताहिर अंसारी, बीडीओ देवलाल करमाली,जिप सदस्य मोहन पासवान, प्रमुख कांति देवी, उप प्रमुख अंजलि देवी सहित अन्य ने सामूहिक रुक से छात्र छात्राओं को साइकिल और लाभुकों के स्वीकृति पत्र वितरण किया। मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडे, तेजबहादुर सिंह, रामाशीष प्रसाद, जितेंद्र ठाकुर, चंद्रशेखर, राजेश सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कटहर कला मुखिया ने विधायक अनंत को पंचायत से संबंधित बारह सूत्री मांग पत्र सौंपा



सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कहर कला पंचायत के मुखिया कलावती देवी ने विधायक अनंत प्रताप देव से मिलकर अपने पंचायत के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए बारह बिंदुओं पर मांग पत्र दिया है, जिसमें पंचायत के उत्महि पहाड़ी स्थित शिव मंदिर को पर्यटन का दर्जा देने कटहर कला में झगडू उराव के घर से पुतूर बांध तक पीसीसी पथ का निर्माण करने ग्राम सारदा में टूटा नदी नाग स्थल का सुंदरीकरण, लोलकी गांव में हड़वड़िया डैम का जीर्णोद्धार करने, कटहर कला उत्माही नदी पर पुल का निर्माण कटहर कला मध्य विद्यालय से मनकी टोला तक पीसीसी निर्माण ग्राम सारदा में आरईओ पथ से दुधमनिया छठ घाट तक कालीकरण करने, कट हर कला में लालन उरांव के घर से आंगनबाड़ी केंद्र तक कालीकरन करने, लोलाकी गांव में आसमान घाट से महुलानिया टोला तक कलीकरण करने, कट हर कला गांव में बौली से विनोद यादव के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण शामिल है। मुखिया कलावती देवी ने विधायक से अनुरोध किया है कि सभी मांग जनहित को ध्यान में रखकर किया गया है। उक्त योजनाओं का क्रियान्वयन हो जाने से पंचायत का सेहत बदल कर रख देगा।


## कार्यालय, परियोजना निदेशक समेकित जनजाति विकास अभिकरण, सिमडेगा (ITDA)

### अति अल्पकालीन निविदा

सिमडेगा जिलान्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, गरजा सिमडेगा, कुलामारा बाँसजोर, सोगड़ा पाकरटांड एवं अनुसूचित जनजाति, आवासीय बालक मध्य विद्यालय, हाटिंगहोड़े (बानो), अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका मध्य विद्यालय, सेवई (सिमडेगा) एवं आश्रम आवासीय विद्यालय, मतरामेटा, ठेठईटांगर में वित्तीय वर्ष 2025–26 में पोशाक आपूर्ति हेतु इच्छुक संवेदक से दिनांक 26.07.2025 को पूर्वाहन् 11.00 बजे तक आमंत्रित मुहरबन्द निविदा जिसका PR No 357620 Simdega (25-26) D प्रकाशित की गई थी।

निर्धारित तिथि को किसी भी निविदादाता द्वारा निविदा प्राप्त नहीं होने के कारण पुनः दिनांक 06.08.2025 को पूर्वाहन् 11.00 बजे तक जिला कल्याण कार्यालय, सिमडेगा में संबंधित मुहरबन्द निविदा आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा दिनांक 06.08.2025 को अपराहन् 12.00 बजे परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0 सिमडेगा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में खोली जाएगी। जिसमें संवेदक या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदा की अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगे।

निविदा संबंधी शर्त्त एवं नियम तथा सामग्रियों की सूची जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड के वेबसाईट www. Prdjharkhand.gov.in एवं कार्यालय दिवस में जिला कल्याण कार्यालय, सिमडेगा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0,
–सह– जिला कल्याण पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 358327 (Simdega)25-26*D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 29 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


# लातेहार शहरी क्षेत्र में जमीन की सरकारी कीमत 10 फीसदी बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता


सांकेतिक तस्वीर।

**लातेहार।** लातेहार जिला अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र की शहरी जमीनों के सरकारी दर में 01 अगस्त 2025 से 10 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। यह वृद्धि निबंधन विभाग के निर्देशानुसार की गयी है, जिसके तहत प्रत्येक दो वर्षों के अंतराल पर सरकारी दरों की पुनरीक्षण और आवश्यक वृद्धि की जाती है। पूर्व में वर्ष 2023 में भी शहरी क्षेत्रों की भूमि की दरों में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गयी थी। इस वर्ष पुनः समीक्षा के उपरांत शहरी भूखंडों की बढ़ती मांग एवं बाजार दरों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

जिन शहरी मौजा क्षेत्रों में सरकारी मूल्य में वृद्धि दर्ज की गयी है उनमें अंबाटीकर, बाजकुम, बानपुर, धर्मपुर, डुडंगी खुर्द, डुरुआ, करकट, लातेहार, माको, रेहड़ा, तापाखास, बरवाडीह और चंदवा में जमीन के किमत के साथ संरचना के सरकारी दर में भी 10 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है।

यह संशोधित सरकारी दरें 01 अगस्त 2025 से प्रभावी होंगी, और आगामी निबंधन, खरीद-बिक्री, एवं अन्य संपत्ति से संबंधित कार्य इन्हीं दरों के आधार पर संपादित किये जायेंगे। जिला प्रशासन आम नागरिकों, खरीदारों-बेचने वालों, रियल एस्टेट एजेंटों एवं संबंधित सभी पक्षों से अपील करता है कि वे इस नयी दर का अनुपालन सुनिश्चित करें एवं किसी भी जानकारी हेतु संबंधित निबंधन कार्यालय से संपर्क करें।

## आकाशी में ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा रांची रेल लाइन के अकाशी स्टेशन मे बीती रात रेल की पटरियों पर एक शव मिलने से सनसनी फैल गयी। जानकारी मिलते ही जीआरपी बल मौके पर पहुंचा और शव की पहचान के प्रयास किए। जिसके बाद शव की पहचान अकाशी निवासी जुगल साहू के 24 वर्षीय पुत्र बिट्टू साहू के रूप में हुई। फिलहाल जीआरपी ने मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करा कर उसे परिजनों के हवाले कर दिया है। जानकारी के अनुसार अकाशी गांव निवासी बिट्टू साहू रविवार शाम को घर से स्टेशन की ओर निकला था और अकाशी स्टेशन के समीप रेल लाइन से गुजर रहा था। इस दौरान बिट्टू माल गाड़ी की चपेट में आ गया। इसके बाद जीआरपी की टीम ने मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम कराया और परिजनों के सुपुर्द कर दिया। घटना को लेकर जीआरपी ने कहा कि घटना हादसे में हुई है या मृतक ने खुदकुशी की है। मामले में जांच की जा रही है।

## डीसी ने लातेहार जिले में अफीम-गांजा की खेती को नष्ट करने का दिया निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गयी। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने वर्तमान में अवैध अफीम की खेती की विनष्टीकरण की जानकारी लेते हुए संबंधित अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मादक पदार्थ की बिक्री, सेवन, तस्करी और उपयोग पर सजगता के साथ लोगो के ऐसे कार्यों में संलिप्तता पर नजर रखने और जिन क्षेत्र में अफीम की खेती की सूचना मिलती है तो खेती के विनष्टीकरण के साथ-साथ जिनके द्वारा खेती की गयी है और जो लोग उसमें संलिप्त हैं, उन्हें चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री कुमार गौरव द्वारा कहा गया कि इसी सीजन में कल्टिवेशन कार्य शुरू किया जाता है, जिसके लिए, वन विभाग एवं कृषि विभाग को आपसी समन्वय से एक ठोस और क्षेत्र विशेष पर आधारित कार्ययोजना तैयार करनी होगी। वैकल्पिक कृषि प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया।

## उपायुक्त ने जेपीएससी परीक्षा में सफल अभ्यर्थी गुलाम रजा को किया सम्मानित



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जेपीएससी संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा-2023 में लिखित एवं साक्षात्कार के बाद अंतिम रूप से चयनित होनेवाले गुलाम रजा को उपायुक्त डॉ ताराचंद ने सम्मानित किया। उपायुक्त ने गुलाम रजा को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। विदित हो कि गुलाम रजा को इस परीक्षा में 17 वां रैंक हासिल हुआ है और वर्तमान में वे लोहरदगा जिला के कैरो प्रखंड के गाराडीह गांव के निवासी हैं। उपायुक्त ने उनके उज्ज्वल भविष्य और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

## आंगनबाड़ी सेविका चयन के लिए बैठक



**कुडू (आजाद सिपाही)।** कुडू प्रखंड क्षेत्र के पंडरा पंचायत सचिवालय परिसर में कुडू अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मधुश्री मिश्रा की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी सेविका चयन हेतु बैठक हुई। इस बैठक में पंडरा गांव में आंगनबाड़ी सेविका चयन हेतु आमसभा की गयी। जिसमें इस पंचायत के आवेदकों ने अपने-अपने कागजात एवं आवेदन जमा किये। इस मौके पर सीडीपीओ सोनिया मंजुल ने उपस्थित लोगों को जानकारी दी की जो आवेदक का योग्यता सबसे ज्यादा होगी एवं इस पोषक क्षेत्र में जिनकी जनसंख्या की बहुलता होगी उनका चयन किया जायेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से कुडू अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मधुश्री मिश्रा ,सीडीपीओ कुडू सोनिया मंजुल ,पर्यवेक्षक, आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव, पंडरा पंचायत के मुखिया अमरनाथ, पंचायत समिति सदस्य परवेज जी, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला उपाध्यक्ष कमरुल इस्लाम, कांग्रेस सेवा दल के प्रखंड अध्यक्ष लाल राजेश नाथ शाहदेव, कांग्रेसी नेता लाल पप्पू नाथ शाहदेव ,शुभम शाहदेव, मुबेद अंसारी सहित काफी संख्या में गण्य मान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## विश्व मानव तस्करी विरोधी दिवस पर चलाया गया जागरूकता अभियान




**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर रेलवे स्टेशन में विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया गया। 15 जुलाई से 30 जुलाई एक पखवारा तक चलने वाली इस जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को वैदिक सोसाइटी संस्था व चाइल्ड हेल्प लाइन लातेहार के द्वारा छिपादोहर स्टेशन में बरकाकाना डेहरी ओन सोन बीडी सवारी गाड़ी के समय यात्रियों के बीच में यात्रा के दौरान किसी नाबालिग के साथ हो रहे अत्याचार, शोषण, बाल तस्करी नाबालिग के साथ हो रहे अत्याचार की सूचना पर तत्काल चाइल्ड हेल्प लाइन को टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर सूचना दे कर उसकी मदद कर सकते है। यही नहीं इसकी सूचना रेल पुलिस के जवानों को भी देकर उसकी मदद कर सकते है। इस दौरान स्टेशन परिसर में ओडियो के माध्यम से भी यात्रियों को जागरूक किया गया। साथ ही स्टेशन परिसर में जागरूकता अभियान को लेकर पोस्टर चिपकाया गया। मौके पर छिपादोहर स्टेशन अधीक्षक रामाशीष महतो, स्टेशन मास्टर शमीम अहमद अंसारी, पीमेन भगवान शाह, रेलवे सुरक्षा बल के सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार, आरक्षी संजय कुमार मरांडी, चाइल्ड हेल्प लाइन से सुपरवाइजर विजय कुमार, केस वर्कर संगीता कुमारी, वैदिक सोसाइटी के जिला समन्वयक प्रेम प्रकाश, प्रखंड समन्वयक रूबी कुमारी, मुन्ना कुमार गुप्ता समेत स्टेशन के आसपास के कई दुकानदार और लोग शामिल रहे।

## जमीन के नाम पर रुपये ठगने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह पुलिस टीम के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भरत राम के निर्देश पर गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए कल्याणपुर निवासी सरिता देवी की शिकायत पर जमीन के रसीद कटवाने और उत्तराधिकार प्रमाण पत्र समेत अन्य कामों के नाम पर 22 लाख रुपए की ठगी करने के आरोपी अभिमन्यु कुमार उर्फ रवि पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना प्रभारी राजन अधिकारी ने बताया कि पीड़िता के द्वारा थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी गयी। जिसको लेकर अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी की गयी है। जहां आरोपी के द्वारा कुछ महिला के जमीन के काम करने नाम पर कई किस्तों में लगभग 22 लाख रुपए की ठगी की गयी थी। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपी के खिलाफ अन्य लोगों से भी ठगी करने के मामले की जानकारी मिली है।

## डीसी ने आवास योजना के नये सर्वे में शामिल लाभुकों को सत्यापन करने का दिया निर्देश

साप्ताहिक कार्यक्रम पंचायत कर गोइठ आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने पूर्व निर्धारित साप्ताहिक कार्यक्रम पंचायत कर गोइठ के तहत जिले के मुखियाजनों से संवाद स्थापित किया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त ने विभिन्न पंचायतों के मुखियाओं से बातचीत कर सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं से उन्हें अवगत कराया साथ ही उनके क्षेत्र की समस्याओं से स्वयं भी वे अवगत हुए। उपायुक्त ने मुखियाजनों से बात करते हुए कहा कि अभी स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 जारी है। सभी मुखिया इस सर्वेक्षण में अपने पंचायत अंतर्गत गांवों के निवासियों को शामिल करें और स्वच्छता सर्वेक्षण के प्रारूप में इंट्री करायें। अंतिम तिथि 30 जुलाई 2025 तक निर्धारित है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के नये सर्वे में जिनका नाम जुड़ा है उन लाभुकों का सत्यापन सभी मुखिया अपने-अपने क्षेत्र में कर लें। उपायुक्त ने कहा कि अब तक अधिकतर किसान धान के लिए खेती के लिए केसीसी लेते रहे हैं लेकिन अगर कोई किसान फल या सब्जी की भी खेती के लिये केसीसी ऋण लेना चाहते हैं तो ज्यादा क्रेडिट मिलेगा। किसान अपनी क्रेडिट लिमिट बढ़ा सकते हैं। इच्छुक किसान फिर से अपनी क्रेडिट लिमिट बढ़ाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। पीएम फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए, इच्छुक किसान मात्र एक रुपये की टोकन मनी देकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। उपायुक्त ने पंचायत स्तर पर जो वंशावली प्रमाण-पत्रों के लिए बनायी जाती है उसे मुखियागण ध्यानपूर्वक और सत्यापित करने के बाद ही जारी करें। किसी भी स्तरपर लापरवाही नहीं हो। जो भी प्रमाण-पत्र निर्गत हों वे सही और त्रुटिरहित हों। सभी मुखियाओं से आर्थिक रूप से सक्षम राशनकार्ड धारकों का कार्ड सरेंडर कराये जाने की अपील की ताकि गरीब जरूरतमंदो को इसका लाभ दिया जा सके।

## महादेव मंडा धाम में शिव भक्तों का लगा तांता



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सावन की तीसरी सोमवारी को कुडू प्रखंड क्षेत्र में आस्था का सैलाब फूट पड़ा। प्रसिद्ध महादेव मंडा धाम सलगी, टीको स्थित भोले बाबा मंदिर,बड़की चाँपि शिव मंदिर,टाटी शिव मंदिर,बड़की चाँपि दुर्गा मंदिर, कुडू ब्लॉक परिसर स्थित शिव मंदिर ,तान पहाड़ी स्तिथ शिव धाम, कुडू स्थित शिव मंदिर सहित प्रखंड के विभिन्न गांवो के मंदिरों और शिवालयों में महिला, पुरुष, बूढ़े, बच्चे, युवाओं ने भक्ति रस से भाव विभोर होकर भगवान भोले नाथ की पूजा बेलपत्र, गंगाजल, दूध, धतुरा, पुष्प आदि अर्पित कर अपने लिए मनोकामनाएं मांगी और पुरे दिन पूजा-अर्चना एवं भजन कीर्तन में तल्लीन रहे। इस दौरान शिवालयों में सुबह से शाम तक घंटे की आवाज और श्रद्धालुओं के बोलबम के नारे से वातारण गूंजायमान होता रहा। इस मौके पर महादेव मण्डा धाम में कीर्तन,भजन का आयोजन किया गया साथ ही प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद और फूलों की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ दिखी। इस मौके पर महादेव मंडा धाम में बड़की चाँपि पंचायत की उप मुखिया हेना तिवारी ने विधिवत पूजन करके अपने क्षेत्र एवं अपने परिवार की मंगलकामना की मांग भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती से की। प्रसिद्ध महादेव मंडा धाम सलगी में कुडू थाना के एएसआइ सुनील कुमार सिन्हा ड्यूटी का निर्वहन करते दिखे। इस मौके पर पुरोहित कुनु नाथ बैध,मनोज दुबे, धीरेंद्र सिंह,मनोज साहू, लाल पंचम नाथ शाहदेव, मुकेश चंद्र यादव, प्रवीण गोयल, दीपक अग्रवाल,लाल राजेश्वर नाथ शाहदेव, रामेश्वर प्रजापति,अमर अग्रवाल,कृष्णा राम,यदुनाथ महतो, सुरेंद्र साहू सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## आदिवासी बालिका छात्रावास के रास्ते की समस्या को लेकर जिप सदस्य ने डीसी को लिखा पत्र



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय स्थित आदिवासी बालिका छात्रावास के रास्ते की समस्या और बस स्टैंड के विस्थापित दुकानदारों के मुद्दे को लेकर प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने उपायुक्त को पत्र लिखकर तत्काल पहल की मांग की है। संतोषी शेखर ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि दो दशक पूर्व बने आदिवासी बालिका छात्रावास के रास्ते को पंचायत की जलापूर्ति टंकी बनाकर अवरुद्ध कर दिया गया है। वर्तमान में अंचल और विशेष प्रमंडल द्वारा छात्रावास के लिए वैकल्पिक रास्ता बस स्टैंड होते हुए निर्धारित किया जा रहा है, जो छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से उपयुक्त नहीं है। उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया है कि परियोजना बालिका उच्च विद्यालय परिसर से ही छात्रावास के लिए सीधा रास्ता जोड़ा जाये। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में भी सुरक्षा कारणों से इसी रास्ते का प्रस्ताव दिया गया था। इसके अतिरिक्त, संतोषी शेखर ने उपायुक्त का ध्यान प्रखंड मुख्यालय के बस स्टैंड क्षेत्र में दुकानदारों की समस्याओं की ओर आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि स्वपोषित योजना के तहत दुकानों के निर्माण की योजना है, जिसके लिए 95 विस्थापितों ने आवेदन दिया है। लेकिन जिला परिषद की बैठक नहीं होने के कारण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। उन्होंने मांग की कि जब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता और विशेषकर बारिश के मौसम तक, विस्थापित दुकानदारों को हटाया न जाये। बारिश में उन्हें हटाये जाने पर उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि जैसे ही दुकान निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू होगी, दुकानदार स्वयं अपनी दुकानें हटा लेंगे।

## बेदखली नोटिस मामले में कांग्रेस और झामुमो नेताओं ने सीओ की कार्रवाई पर जतायी नाराजगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार ग्राम तपाखास मौजा तापाखास खाता 64 प्लाट 333 थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या-15 के दर्जनों भूमिहीन परिवारों को अंचल कार्यालय लातेहार द्वारा एक बेदखली नोटिस जारी कर 04.08.2025 तक जमीन खाली करने का निर्देश दिया गया है। वर्षों से झोपड़ी बनाकर रह रहे इन गरीब परिवारों को बिना वैकल्पिक व्यवस्था के हटाने की यह प्रशासनिक कार्रवाई पूरी तरह से अमानवीय बतायी जा रही है, जिससे क्षेत्र में भय और असंतोष का माहौल है।

इस मामले को लेकर कांग्रेस नेता साजन कुमार एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता श्री राम सिंह ने संयुक्त रूप से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। कांग्रेस नेता साजन कुमार ने कहा कि अंचल अधिकारी द्वारा दिनांक 04.08.2025 तक जमीन खाली करने का जो नोटिस दिया गया है, वह एकतरफा और असंवेदनशील है। इन परिवारों के पुनर्वास की कोई योजना नहीं बनायी गयी है। मैं इस अन्याय के विरुद्ध संबंधित पदाधिकारी से मिलकर सभी पीड़ितों की बात मजबूती से रखूंगा और जब तक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक इन गरीब परिवारों के साथ खड़ा रहूंगा। वहीं इस सम्बंध में जेएमएम नेता श्री राम सिंह ने कहा कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था के बेदखली पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। झामुमो गरीबों की लड़ाई में पूरी ताकत से साथ है। अगर प्रशासन ने यह आदेश वापस नहीं लिया, तो हम जनआंदोलन करेंगे।

दोनों नेताओं ने प्रशासन से मांग की है कि इस बेदखली की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगायी जाए और सभी प्रभावित परिवारों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये और लातेहार उपायुक्त से मिलकर गरीबों के अन्यायपूर्ण व्यवहार से बात रखूंगा।

## झारखंड वन श्रमिक यूनियन का धरना स्थगित

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** झारखंड वन श्रमिक यूनियन द्वारा 29 जुलाई 2025 को मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, पलामू व्याघ्र परियोजना, मेदिनीनगर कार्यालय के समक्ष प्रस्तावित धरना प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय यूनियन और वन विभाग के अधिकारियों के बीच 28 जुलाई को हुई संतोषजनक वार्ता के पश्चात लिया गया। वार्ता में विभाग ने यूनियन द्वारा उठाये गये प्रमुख मुद्दों और मांगों पर शीघ्र अमल करने का भरोसा दिलाया। इसी आधार पर यूनियन ने धरना प्रदर्शन और हड़ताल को स्थगित करने का निर्णय लिया। बैठक में पलामू व्याघ्र परियोजना के क्षेत्र निदेशक एस. भारत नरेश, उप निदेशक (दक्षिणी व उत्तरी प्रमंडल) पीके जेना और कुमार आशीष उपस्थित थे। वहीं यूनियन की ओर से सिद्धिनाथ झा, मोमीन अंसारी, श्रीकांत मिश्रा, मनोज पासवान, सुधीर कुमार तिवारी, मुकुट स्टेफन टिर्की समेत कई पदाधिकारी शामिल हुए।

## देवदरिया पंचायत कमिटी का गठन




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत देवदरिया पंचायत में सोमवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत कमिटी का गठन हेतु बैठक प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष युनुस अंसारी के नेतृत्व में की गयी। जिसमें मुख्य रूप से जिला प्रशिक्षक संदीप गुप्ता एवं अनामिका सरकार मंडल अध्यक्ष रामदेव उरांव की उपस्थिति में रखी गयी। जिसमें देवदरिया पंचायत के विभिन्न बूथ एवं गांव से कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुए। सभी के आपसी सहमति से पंचायत अध्यक्ष दो उपाध्यक्ष एवं 9 महासचिव का सर्वसहमति से चुनाव किया गया। जिसमें सभी नये कमेटियों के पदाधिकारियों को जिला प्रशिक्षक संदीप गुप्ता एवं अनामिका सरकार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों के द्वारा सभी पदाधिकारियों को कांग्रेस पार्टी के विचारधार को मजबूत करने एवं जनता के हित के लिए किए जाने वाले कार्यों के लिए प्रशिक्षित किया गया। इस मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष युनूस अंसारी ने कहा कि संगठन सृजन वर्ष के तहत पार्टी एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को गांव गांव से चुन के पंचायत कमिटी मे जगह दिया जा रहा। जिससे पार्टी को मजबूती मिल रही। इस मौके पर मुख्य रूप से रामदेव उरांव, जफर इमाम, रेयाज अंसारी, शिवचरण सिंह, सुमित्रा लकडाकबीर अनसारी, वीर कुंवर सिंह, लुईस टोपनो, कृष्ण गंझू, जमुना लोहरा, उमेश तुरी आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## 'हर हर महादेव' के जयकारों से गूंजे शिवालय



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** सावन मास की तीसरी सोमवारी पर भंडरा प्रखंड भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंग गया। सुबह से ही अखिलेश्वर धाम, चट्टी स्थित महादानी शिव मंदिर, कुम्हारिया का कारू मठ, कसपुर का बेलडीपा, ओखर डीपा, नकटी महादेव एवं देशवाली समेत तमाम शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें उमड़ पड़ीं। शिवभक्तों ने ओम नमः शिवाय का जाप करते हुए भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और परिवार की सुख-शांति, आरोग्यता और समृद्धि की कामना की। अखिलेश्वर धाम में अलसुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। सिर पर गंगाजल की कलश, हाथों में बेलपत्र, दूध, फूल लिए भक्त बोल बम और हर हर महादेव के जयघोष करते हुए मंदिर परिसर पहुंचे। भक्तों ने पूरी आस्था और नियमपूर्वक कतारबद्ध होकर शिवलिंग का जलाभिषेक किया। भक्तों के जयकारों से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा। गेरुआ वस्त्र धारण किये श्रद्धालुओं की टोलियां बोल बम के नारों के साथ विभिन्न शिवालयों की ओर जाती हुई दिखाई दीं। मंदिरों में भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार की गूंज से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता रहा। अखिलेश्वर धाम में पुजारी भजन पंडा और बबलू पंडा की देखरेख में मंदिर को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। वहीं, भक्ति संगीत की विशेष व्यवस्था ने श्रद्धालुओं के मन को भावविभोर कर दिया। सावन की तीसरी सोमवारी पर शिवभक्ति का जो अद्भुत दृश्य भंडरा के शिवालयों में देखने को मिला, वह श्रद्धा, आस्था और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रमाण बन गया।

# तीसरी सोमवारी पर लोहरदगा से निकली भव्य कांवर यात्रा

यह भव्य कांवर यात्रा श्रद्धा, आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक : गौरव आरपी अग्रवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सावन की तीसरी सोमवारी पर कांवरिया संघ बरवाटोली द्वारा सोमवार को लोहरदगा से गुमला स्थित देवाकी बाबाधाम के लिए 30 किलोमीटर लंबी भव्य कांवर यात्रा निकाली गयी। मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर परिसर से प्रारंभ इस यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बारिश की झमाझम फुहारों के बीच भी कांवरियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। भगवा वस्त्रधारी सैकड़ों शिवभक्त 'बम-बम भोले' के जयघोष के साथ डीजे की भक्ति धुनों पर झूमते हुए, भोलेनाथ के जलाभिषेक हेतु रवाना हुए। इस पावन यात्रा में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने भाग लिया और श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अनुपम संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर में सुल्तानगंज से लाया गया गंगाजल की विशेष व्यवस्था आयोजन समिति के द्वारा किया गया था। यात्रा को मुख्य अतिथि गौरव आरपी अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि एसडीओ अमित कुमार, डीएसपी समीर तिर्की, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु, समिति संरक्षक सुनील अग्रवाल एवं संघ अध्यक्ष गौरव अग्रवाल उर्फ लड्डू सहित अन्य विशिष्ट जनों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा में उत्तर प्रदेश से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भगवान शिव और उनके गणों की जीवंत झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मार्ग में जगह-जगह स्थानीय लोगों ने श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा और जलपान के माध्यम से भव्य स्वागत किया। बारिश और लंबी पैदल यात्रा के बावजूद कांवरियों के चेहरे पर थकान नहीं, बल्कि भक्ति और आनंद की झलक साफ दिखाई दे रही थी। देवाकी बाबाधाम पहुंचकर शिवभक्त जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से अपने मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना किया। मौके पर गौरव आरपी अग्रवाल (मुख्य अतिथि) ने कहा की सावन की तीसरी सोमवारी पर आयोजित यह भव्य कांवर यात्रा श्रद्धा, आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है। युवाओं, महिलाओं और बच्चों की भारी भागीदारी यह दर्शाती है कि हमारी संस्कृति आज भी जीवित और सशक्त है। एसडीओ अमित कुमार (अनुमंडल पदाधिकारी) ने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक है, बल्कि सामाजिक समरसता और आपसी भाइचारे को भी मजबूत करता है। डीएसपी समीर तिर्की (मुख्यालय) ने कहा की कांवर यात्रा के पूरे रूट पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल एवं वॉलंटियर्स की मौजूदगी ने यात्रा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित बनाने में अहम भूमिका निभाई। श्रद्धालुओं का सहयोग भी काबिल-ए-तारीफ रहा। मौके पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवभक्त मौजूद थे।

## जल जमाव से मकान गिरने की आशंका, सौंपा मांगपत्र

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार बारिश होने से अरु पंचायत अंतर्गत कल्हेपाट ग्राम जलजमाव होने से कल्हेपाट के ग्रामीणों ने सांसद प्रतिनिधि से मिल कर जलजमाव से निजात दिलाने का आग्रह किया गया। वहीं सांसद प्रतिनिधि नंदकिशोर शुक्ला ने ग्रामीणों से आवेदन लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को अग्रसारित करते हुए जल जमाव के निकासी के लिये व्यवस्था करने का अपील किया गया। आवेदन देते हुए कल्हेपाट गांव के ग्रामीणों ने कहा कि जलील अंसारी के घर से लेकर मनधीरन महतो का घर तक जल जमाव से तालाब बना हुआ है।

## हैदरनगर से लापता युवक का शव बिहार से बरामद, हत्या की आशंका



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के बैंक रोड निवासी बिगन मेहता के पुत्र छोटू मेहता (21) विगत बुधवार की शाम से ही लापता था। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। थककर कर शुक्रवार को हैदरनगर थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी बीच रविवार की शाम बिहार के औरंगाबाद जिला के नबीनगर थाना क्षेत्र स्थित एक नहर से अज्ञात शव पाये जाने की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई। तस्वीर देखते ही छोटू मेहता के परिजनों ने उसकी पहचान कर ली। बताया गया कि नबीनगर थाना पुलिस ने शुक्रवार को बारा फाटक के पास नहर से एक शव बरामद किया था। जिसे रस्सी से बांध कर फेंका गया था। शव को औरंगाबाद सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। वहीं शव को सुरक्षित रखा गया था। सोमवार की सुबह छोटू मेहता के परिजन औरंगाबाद पहुंचे और शव की पहचान की। परिजनों का आरोप है कि बुधवार शाम को ही हैदरनगर का एक स्थानीय युवक छोटू को घर से बुलाकर ले गया था। जिसके बाद से वह लापता था। इस आधार पर हैदरनगर पुलिस ने संदेह के घेरे में आए युवक को पूछताछ के लिए देर रात हिरासत में लिया है। उधर, हत्या की आशंका जताई जा रही है। क्योंकि शव रस्सी से बंधा हुआ था। वहीं, शव की पहचान के बाद नबीनगर पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। हैदरनगर प्रभारी थाना प्रभारी आशीष कुमार ने बताया कि जांच चल रही है। दूसरी ओर, लापता युवक का शव सोमवार की शाम जैसे ही हैदरनगर पहुंचा। आक्रोशित ग्रामीणों ने हैदरनगर रेलवे क्रासिंग के समीप शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सड़क जाम कर दिया। आक्रोशित लोगों ने पुलिस प्रशासन पर निष्क्रियता का आरोप लगाया। हैदरनगर पूर्वी पंचायत के मुखिया संतोष कुमार सिंह ने कहा कि युवक पांच दिनों से लापता था, लेकिन पुलिस ने तत्परता नहीं दिखाया। मृतक के परिजनों ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई, लेकिन कोई सार्थक पहल नहीं किया गया। उन्होंने मांग की कि मृतक को न्याय मिले और परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। वहीं, समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम कर लोगों का प्रदर्शन जारी था। पुलिस ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रही थी।

## वरीय कांग्रेसी नेता को मातृ शोक



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला की मां दुलारी देवी (98) का रविवार की देर शाम निधन हो गया। उन्होंने अंतिम सांस रेहला थाना क्षेत्र के डंडीला खुर्द स्थित आवास पर ली। वे अपने पीछे पांच पुत्र और पांच पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गयी हैं। उनका दाह संस्कार सोमवार को गांव के ही भेलवा नदी तट पर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि पांचों पुत्रों ने संयुक्त रूप से दिया। अंतिम यात्रा में विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह, पूर्व विस प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी, कांग्रेस के प्रादेशिक नेता विजय चौबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, ओम करण तिवारी, पुत्र सेवानिवृत्त प्राचार्य रामाश्रय शुक्ला, अजब नारायण शुक्ला, प्रो नंदलाल शुक्ला आदि रामनारायण शुक्ला आदि शामिल हुए। इधर, उनके निधन पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, जिला पार्षद विजय रविदास, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुदिन अंसारी आदि ने शोक प्रकट किया है।

## पूजा-पाठ से क्षेत्र में धर्म और समाज में होता है सद्भावना का विकास: विधायक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम चौवाचट्टान नाग देवता मंदिर में इस साल भी नागपंचमी के भव्य मेला एवं पूजा को लेकर सोमवार को जल यात्रा निकाली गयी। इसकी शुरुआत नाग देवता स्थल से हजारों के संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश लेकर गाजे-बाजे के साथ विभिन्न गांवों का भ्रमण करते हुए घघरा दुद्धि पहाड़ कुंड में जाकर विधिवत पूजा की। इसके बाद जल उठाकर पुनः नाग देवता स्थल में स्थापित किया। इसमें विधायक संजय सिंह यादव भी शामिल हुए। श्रद्धा एवं निष्ठा से उपवास रखकर नाग देव स्थल पर पूजा की और श्रद्धालुओं के साथ कलश लेकर यात्रा को रवाना कराया। कहा कि कहा कि सावन के पवित्र महीना में सोमवार दिन जल यात्रा बहुत ही शुभलग्न है। भगवान भोलेनाथ से कामना करते है कि क्षेत्र में अमन शांति एवं खुशाली दे। उन्होंने नाग देव स्थल की महिमा मंडित करते हुए कहा कि ये देव स्थल बहुत पुरानी एवं शक्ति पीठ है। उन्होंने पूजा समिति के सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि पूजा पाठ से क्षेत्र शांति एवं सद्भाव बना रहता है। क्षेत्र में खुशहाली-हरियाली का प्रतीक माना जाता है। इस देव स्थल में ग्राम चौवाचट्टान, अलारपुर, संढा, ईंटवांध, गोराया स्थान, घघरा सिकनी, जुझार सिकनी, डडिला आम्ही विश्वशिया घघरा आदि दर्जनों गांव के ग्रामोणों की आस्था हैं। मौके पर राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष सुदेश्वर राम, प्रमोद सिंह, आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ लव कुमार, सचिव ब्रम्भा कुमार, कोषाध्यक्ष सोनू पासवान, विकास कुमार, खेसारी रजवार, भूलू प्रजापति और धर्मेंद्र आदि शामिल थे।

## एनसीसी कंपनी का केबल तार चोरी

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला थाना क्षेत्र के लरंगाहा गांव में रखा एनसीसी कंपनी का एलटी बिजली का केबल तार रविवार की रात चोरी हो गया। इस संबंध में एनसीसी कंपनी का कार्य कर रहे उप संवेदक पंकज कुमार सिंह ने रेहला थाना में चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पंकज सिंह ने बताया कि एनसीसी कंपनी द्वारा विश्रामपुर क्षेत्र के गांव-गांव में बिजली का केबल तार लगाने का कार्य चल रहा है। लरंगाहा गांव निवासी राहुल चंद्रवंशी के मकान के बाहर तीन ड्रम केबल तार कनेक्शन करने के लिये रखा हुआ था। जिसे चोरों ने चोरी कर लिया। जिसकी कीमत करीब तीन लाख रुपये है।

# दो अफीम तस्करों को 15-15 साल की सजा

## डेढ़-डेढ़ लाख रुपये का जुर्माना भी लगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनातू/पलामू।** जिला व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय की अदालत ने एनडीपीएस केस नंबर 10/24 के आरोपी प्रदीप साव और गणेश सिंह को दोषी पाए जाने पर 15-15 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। लगे हाथ डेढ़-डेढ़ लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। बताते चलें कि इस संबंध में मनातू के तत्कालीन थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने तीन लोगों प्रदीप साव, गणेश सिंह एवं कुलदीप गंझू के विरुद्ध मनातू थाना में 18 मार्च 2024 को एनडीपीएस की धारा 15सी, 18बी, 19 एवं 29 के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था। आरोप था कि 28 मार्च 2023 को दोनों को मनातू थाना के आपटी स्कूल के पास से पुलिस ने पकड़ा था। दोनों के पास से 2.220 किलोग्राम और 1.810 किलोग्राम अफीम जैसा पदार्थ बरामद हुआ। जांच में अफीम की पुष्टि हुई थी। तलाशी लिए जाने के पूर्व सक्षम पदाधिकारी द्वारा धारा 50 के तहत एनडीपीएस एक्ट की नोटिस दी गई। जिसपर पुलिस के समक्ष अपनी तलाशी देने के लिए दोनों ने सहमति दी थी। दोनों के साथ एक अन्य अभियुक्त कुलदीप गंझू भी था जो अफीम खरीदने के लिए आया था। जो मौका देकर घटनास्थल से फरार हो गया था। तलाशी के दौरान 19 हजार रुपए, एक बाइक, लोहे का पार्ट और तराजू भी बरामद हुआ था। वहीं, सुनवाई के दौरान अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए पिपराटांड़ बहेरा निवासी प्रदीप साव और मनातू थाना के अप्टी निवासी गणेश सिंह को 15-15 साल की सजा एनडीपीएस की धारा 18बी के तहत सुनाया। साथ ही जुर्माना भी लगाया।

## प्रखंड अध्यक्ष 15 अगस्त से पहले हर हाल में कर लें पंचायत और बूथ कमेटी का गठन: बिट्टू पाठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में सोमवार को सभी प्रखंड अध्यक्षों के साथ बैठक हुई। जिसका संचालन कोषाध्यक्ष अजय साहू ने किया। इस दौरान संगठन सृजन अभियान 2025 के तहत सभी कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर बिट्टू पाठक ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत 15 अगस्त से पहले हर हाल में पंचायत कमेटी का विस्तार एवं बूथ लेवल अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित करें। प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, प्रखंड पर्यवेक्षक का दायित्व बनता है कि सभी को नियुक्ति पत्र एवं सभी के घर में झंडा लगाने का कार्य ईमानदारी से करें। कहा कि सभी मंडल और पंचायत में यह अभियान चलाया जा रहा है। संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाएं। हम सभी लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में पार्टी की विचारधारा वाले लोगों जिनकी आस्था कांग्रेस में है और वे राहुल गांधी के विचारों से प्रभावित हैं उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलवायें। पंचायत स्तर पर 12 लोगों के कमेटी का गठन किया जाएगा। जिसमें एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और नव महासचिव बनाए जाएंगे। इसमें 50 प्रतिशत एससी, एसटी, ओबीसी माइनॉरिटी महिला की भागीदारी सुनिश्चित करना है। आज इन कमेटियों के निर्माण की समीक्षा की गई। सभी मंडल अध्यक्षों ने कमेटी निर्माण का अपडेट जिला अध्यक्ष को बताया। इस मौके पर शमीम अहमद राईन, शैलेश चंद्रवंशी, मिथिलेश सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, विद्या सिंह चेरो, मिठू खान, नगर अध्यक्ष हैदर खान, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश चौधरी, सदर प्रखंड अध्यक्ष ललित सिंह, छतरपुर अध्यक्ष गोपाल सिंह, मोहम्मद आलम, गुप्तेश्वर पांडे, सुजीत कुमार सिंह, रिंकू सिंह, सच्चिदानंद शुक्ला, मीर खुर्शीद, रविंद्र पासवान, अमिताभ शर्मा, विष्णु देव यादव,सुधीर सिंह, रामानंद सिंह, परवेज आलम, प्रदीप सिंह एवं सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे।

## सरकारी स्कूलों में पठन-पाठन की व्यवस्था को लेकर डीसी गंभीर

**स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता एवं अन्य बिंदुओं पर जांच के लिए नौ सदस्यीय जांच दल का किया गठन**

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के सभी प्रकार के सरकारी स्कूलों में पठन-पाठन, मिड डे मील की गुणवत्ता सहित छात्र-छात्राओं उपस्थिती आदि की व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर डीसी समीरा एस गंभीर है। इसे लेकर उन्होंने नौ सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। जिसमें डीडीसी, अपर समाहर्ता, तीनों अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक समाहर्ता, डीआरडीए निदेशक, जिला पूर्ति पदाधिकारी एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शामिल है। जो शिक्षण व्यवस्था और गुणवत्ता, आवासीय सुविधा, भोजन एवं पोषण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, वित्तीय प्रबंधन, भौतिक ढांचा एवं सुविधाएं मिड डे मील की गुणवत्ता, शैक्षणिक सामग्री और पुस्तकें, विद्यार्थियों की प्रगति और उपस्थिति आदि की जांच करेंगे। सभी विद्यालयों की जांच निष्पक्षता से कराये जाने को लेकर जांच दल में शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि को शामिल नहीं किया गया है। जांच दल में शामिल सदस्यों को जांच के लिए अलग-अलग स्कूल अलॉट किया जायेगा। उनके द्वारा संबंधित तिथि को उपस्थित छात्रों की संख्या, कक्षा शिक्षण का अवलोकन, रिक्त शिक्षकों की संख्या, होमवर्क और मूल्यांकन की स्थिति, पिछले सत्र एवं वर्तमान सत्र में ड्रॉप आउट की अद्यतन स्थिति, छात्रावास भवन की स्थिति, प्रति कमरे में छात्रों की संख्या, पेयजल एवं स्वच्छता की सुविधा, सीसीटीवी, दैनिक भोजन मेन्यू, रसोइयों की संख्या, चिकित्सा किट आदि जांच की जाएगी।

## डीसी ने दो टीबी के मरीजों को लिया गोद

### सभी सक्षम लोगों एवं संस्थानों से मरीजों को गोद लेने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** डीसी समीरा एस ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में दो टीबी के मरीजों को गोद लिया। इस दौरान उन्होंने दोनों मरीजों को फूड बास्केट प्रदान किया। डीसी ने कहा कि प्रधानमंत्री का लक्ष्य है कि साल 2025 में भारत को टीबी मुक्त किया जाये। इसी कड़ी में मैंने आज इन दो टीबी के मरीजों की देखभाल की जिम्मेदारी ली है। कहा कि देश को टीबी मुक्त सिर्फ किसी एक व्यक्ति या एक संस्था के सक्रियता से नहीं किया जा सकता है। इस लक्ष्य को जन सहभागिता और जन जागरूकता के माध्यम से ही पूर्ण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में प्रत्येक वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। मरीजों को गोद लेने में पदाधिकारियों, विभिन्न संस्थानों, औद्योगिक इकाइयों, स्वयं सेवी संगठनों एवं आम नागरिकों को भी आगे आने की जरूरत है। कहा कि जितने अधिक लोग टीबी के मरीजों को गोद लेंगे उतनी ही तीव्र गति से यह बीमारी नियंत्रित होगी।

# देवघर में उमड़ा आस्था का सैलाब लगी आठ किमी तक लंबी कतार

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** श्रावण माह की तीसरी सोमवार पर देवनगरी देवघर में आस्था का महासैलाब उमड़ पड़ा। इस दिन तड़के तीन बजे बाबा बैद्यनाथ मंदिर का पट खोला गया। सरदारी पूजा के बाद कांवरियों ने सुबह चार बजे से बाबा बैद्यनाथ पर जलाभिषेक शुरू किया। बाबा बैद्यनाथ मंदिर में अरघा के माध्यम से जलार्पण कराया जा रहा है। जो लंबी कतार में नहीं लग सकते उनके लिए बाह्य अरघा की व्यवस्था की गई है, जो मंदिर प्रांगण में है। मंदिर प्रांगण में बड़े-बड़े एलईडी स्क्रीन लगाए गए हैं जिसमें लाइव टेलीकास्ट बाबा बैद्यनाथ का कराया जा रहा है। वहीं, देवघर के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुलभ जलार्पण को लेकर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली गई है। लगातार रूट लाइन में सभी व्यवस्थाओं को देखा जा रहा है। किसी तरह की कोई दिक्कत ना हो इसके लिए बड़े-बड़े डोम पंडाल में कांवरियों को शिफ्ट किया गया है, ताकि जो देर रात से ही लाइन में लगे थे उन्हें किसी तरह की परेशानी ना हो। बाबा बैद्यनाथ मंदिर के पुरोहित ने बताया कि आज का दिन बेहद खास है। सोमवार के साथ ही साथ आज चतुर्थी बी है। ऐसे में जो भक्त बाबा भोलेनाथ पर गंगाजल और बेलपत्र चढ़ाते हैं, उन्हें मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।

## भोजपुरी सुपरस्टार कल्लू अकेला ने किया चलंत कांवरिया सेवा शिविर का शुभारंभ



**देवघर (आजाद सिपाही)।** सावन के पावन अवसर पर वैद्यनाथ चित्रगुप्त सभा की ओर से संचालित चलंत कांवरिया सेवा शिविर का शुभारंभ रविवार को भोजपुरिया सुपरस्टार अरविंद अकेला 'कल्लू' ने किया। कार्यक्रम का आयोजन संस्था के सचिव विनायक सिन्हा के बरमसिया स्थित आवास पर किया गया। जहां कल्लू ने विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान विशाल प्रसाद (हलवा) का भोग वितरित किया गया। इस मौके पर विनायक सिन्हा ने अंगवस्त्र देकर कल्लू का स्वागत किया। सेवा शिविर के तहत रास्ते में कांवरियों को निःशुल्क पुड़ी-हलवा और शीतल पेयजल वितरित किया जा रहा है। विनायक सिन्हा ने बताया कि कांवरियों की सेवा शिव पूजा के समान है। यह सेवा श्रावण मास भर चलेगी। इस कार्य में मीरा सिन्हा, संजय सिन्हा, ऋषि बौरियार, प्रवीन बौरियार, सिमी बौरियार, निम्मी सिन्हा, संदीप शंकर, मीना कुमारी, संगीता सिन्हा, ऋक्षा रंजन, ऋतिक रंजन आदि सक्रिय रूप से जुटे हैं। मौके पर प्रदीप कुमार सिन्हा, अजय प्रसाद, शैलेंद्र कुमार, सौरभ कुमार, राम अशक्त, विनय सिन्हा, अनुप कुमार सिन्हा, ग्रण कुमार सिन्हा, उमेश सिन्हा, पंकज कुमार, अजय प्रताप सिन्हा, संजय आनंद, सुमन सिन्हा, अतुल सिन्हा, उदय प्रसाद, राजकुमार सिन्हा, कुमार अभिषेक, अमिताभ सिन्हा आदि मौजूद रहे।

## झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ का निग्रह सेवा शिविर

**देवघर (आजाद सिपाही)। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले को लेकर पवित्र सावन माह के सोमवार को झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ देवघर ने जिले के शिक्षकों के साथ मिलकर कांवरियों के लिए निःशुल्क सेवा शिविर लगाया। इसमें कांवरियों को स्वच्छ ठंडा पानी, शरबत, विभिन्न मौसमी फलों के साथ फलाहारी जलेबी वितरित किया। झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष स्कंद कुमार के नेतृत्व में सेवा शिविर का आयोजन किया गया। वहीं, स्कंद कुमार ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। हम सभी शिक्षक शिक्षिकाएं आज श्रद्धालुओं में बाबा बैद्यनाथ की झलक दिखती है। मौके पर शिक्षक उमेश प्रसाद यादव, प्रदीप कुमार, दिलीप कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार यादव, रमेश रवानी, जितेंद्र कुमार साव, शिल्पी, मीरा कुमारी, प्रीति कुमारी सहित दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शिवभक्त कांवरियों की सेवा की।**

## 10 स्थलों पर बना है मातृत्व विश्राम गृह

**देवघर (आजाद सिपाही)। श्रावणी मेला के दौरान महिला एवं बच्चा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए क्षेत्र में 10 स्थलों नेहरूपार्क पंडाल के भीतर, जलसार पार्क, तिवारी चौक, बीएड कॉलेज, सरकार भवन, बरमसिया, कुमुदनीघोष रोड, नंदन पहाड़, मानसिंघी फूट ओवर ब्रिज एवं आर एल मातृत्व विश्राम गृह बनाये गये हैं।**

## रीजनल लेवल शूटिंग प्रतियोगिता में मधुस्थली विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने जीते कुल 17 पदक



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** मधुस्थली विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने रीजनल लेवल शूटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 17 पदक जीता है। अक्षत कुमार ने अंडर-17 कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही उन्होंने बेंगलुरु में आयोजित होने वाली नेशनल लेवल शूटिंग प्रतियोगिता के लिए भी स्थान सुनिश्चित किया है। इतना ही नहीं, अक्षत ने जनरल लेवल शूटिंग प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीतकर दोहरी सफलता हासिल की है। इस अवसर पर अक्षत ने अपने प्रशिक्षक रवि कुमार, माता-पिता, दादा-दादी, विद्यालय के अध्यक्ष श्री किशन कुमार केजरीवाल एवं प्रधानाचार्य बितन विश्वास का आभार प्रकट किया। वहीं, विजेताओं में अंडर-19 एयर राइफल (बालक) दया विशय नायक (स्वर्ण पदक), शौर्य दूबे (रजत), कृष्णा शर्मा (कास्य), अंडर-19 एयर राइफल (बालिका) फातिमा प्रविण (स्वर्ण), अपूर्वा नायक (रजत), रखी कुमारी (कास्य), अंडर-17 एयर राइफल (बालिका) में वाणी श्री (स्वर्ण), अंडर-17 एयर पिस्टल (बालिका) में सुभांगी साहा (स्वर्ण), अनाया चौधरी (रजत), तान्या कुमारी (कास्य), अंडर-17 एयर पिस्टल (बालक) आदित्य विश्वनाथ (स्वर्ण), यशवर्धन वर्णवाल (रजत), राजवीर सिंह (कास्य पदक) शामिल है।

## देवघर : बिजली की चपेट में आने से एक की मौत



**देवघर (आजाद सिपाही)।** जिले के महनपुर थाना क्षेत्र में करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। उसकी पहचान पिंकू दास (40) के रूप में हुई है। बताया जा रहा कि पिंकू दास घर की छत पर टूटे एटवेस्टर ठीक करने के लिए चढ़े थे। उसके घर के छत से गुजरी बिजली की तार में स्पर्श हो जाने के करंग लग गया, जिससे मौत हो गई। पिंकू देवघर जिले के महनपुर थाना क्षेत्र के कोटन गांव का रहने वाला था। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में देवघर सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। उधर, खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात भी कही।

## मधुपुर शहर के विभिन्न शिवालयों में तीसरी सोमवारी पर उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में सावन की तीसरी सोमवारी को लेकर शहर के विभिन्न शिवालयों में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने भगवान शंकर को जलाभिषेक किया। शहर के वाहेगुरु शिव मंदिर, गिरी शिव मंदिर, श्रीराम ठाकुरबाड़ी, चांदमारी शिव मंदिर, बेलपड़ा, खलासी मोहल्ला, काली पुटाउन, बावन बीघा राम कृष्ण विवेकानंद मठ, शेखपुरा, गड़िया, पिपरासोल मंदिर आदि शिवालयों में तीसरी सोमवारी को लेकर उत्साह दिखा। शिवालयों में हर-हर महादेव उद्घोष से पूरा इलाका भक्तिमय बना हुआ है। वहीं शिवालय के बाहर फूल बेलपत्र की कई दुकानें लगाई गई थी। चारों ओर भक्ति का माहौल व्याप्त हो गया।

## सिसई : हाइवा से टक्कर में स्कॉर्पियो चालक की मौत

**एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल और चार अन्य लोगों को हल्की चोट आयी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिसई।** गुमला रांची फोरलेन पर महुआडीपा स्टेडियम के पास सिसई से रांची की ओर जा रही स्कॉर्पियो जेएच 01 बीएच 0188 और गुमला की ओर आ रही अज्ञात हाइवा में आमने सामने जोरदार टक्कर हो जाने से स्कॉर्पियो चालक राहुल राम पिता जितेंद्र राम ग्राम सिंगरा कला डाल्टनगंज निवासी की मौके पर ही मौत हो गयी। स्कॉर्पियो में सवार शंकर सिंह पिता बिंदेश्वर सिंह ग्राम सिंगरा कला डाल्टनगंज निवासी गंभीर रूप से घायल हो गये। साथ ही अन्य चार लोग उपेन्द्र राम, रूपेश कुमार सिंह लक्ष्मी देवी सहित एक अन्य सभी डाल्टनगंज निवासी को हल्की चोटें आयी हैं। टक्कर इतना जबरदस्त था कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गये है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस सदलबल के साथ घटना स्थल पहुंची और चालक की शव को कब्जा में लेते हुए रेफरल अस्पताल सिसई लेकर आयी। वहीं स्थानीय लोगों ने घायलों को रेफरल अस्पताल सिसई पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने चालक को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल शंकर सिंह को बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया बाकी चार लोगों का इलाज रेफरल अस्पताल सिसई में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सभी लोग शराब का सेवन किए हुए थे जिससे इतनी बड़ी दुर्घटना का शिकार होना पड़ा।

## शराब पीने से छात्रा की हालत बिगड़ी

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड के सुरसांग थाना क्षेत्र के एक गांव में दादी ने अपनी 17 वर्षीय नाबालिग पोती को चुल्लू शराब पिला दिया। इसके बाद छात्रा को परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह लाये। जहां से उसे गुमला रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक घर के सभी सदस्य धान रोपने खेत गये थे छात्रा और उसकी दादी घर पर ही थी। धान रोपनी को लेकर घर में दादी ने महुआ शराब बनाई थी। दादी घर में महुआ शराब पीने लगी वह नशे में आ गयी और अपनी पोती को शराब पीने की जिद करने लगी। पोती ने इनकार किया लेकिन वह बोली कुछ नहीं होगा बोलकर अपना झूठा पोती को पिला दी। इसके बाद पोती बेसुध होकर घर में पड़ी रही। परिजन रविवार की अपराह्न 4 बजे घर लौटे तो उसे बेसुध अवस्था में जमीन पर पड़ा देखा। परिवार वालों ने समझा कि उसने जहर खा लिया है क्योंकि छात्रा बोलने की स्थिति में नहीं थी। इलाज के बाद होश आने पर उसने बताया कि दादी ने जबरन उसे शराब पिला दिया है।

## दो बाइक की टक्कर में चार घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के बड़ा अंजन गांव के पास रविवार की रात 8 बजे दो बाइक में सीधी भिड़ंत हो गयी। घटना में डुमरडीह जाना निवासी विनयचिक बड़ाइक और उसका 10 वर्षीय पुत्र श्रवण चिक बड़ाइक घायल हो गया। वहीं आंजन सेमर डीह निवासी संदीप उरांव और डहरू उरांव भी घायल हुए। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना एम्बुलेंस और टोटो पुलिस को दी। एंबुलेंस घटनास्थल पहुंची और विनय श्रवण और संदीप को लेकर सदर अस्पताल पहुंची जबकि एम्बुलेंस के सायरन की आवाज सुनकर डहरू उरांव घटना स्थल से फरार हो गया। घटना में विनय और संदीप को गंभीर चोट लगी है जानकारी के मुताबिक विनय और उसका पुत्र श्रवण अपने बुआ के घर रामपुर से घर लौट रहे थे जबकि संदीप और डहरू आंजन के एक होटल में नाश्ता पानी कर अपने घर लौट रहे थे इसी बीच दोनों बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गयी।

## एंबुलेंस ड्राइवर सहित अन्य कर्मी धरना पर




**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला स्वस्थ विभाग में संचालित 108 एम्बुलेंस के ड्राइवर सहित अन्य कर्मी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सदर अस्पताल परिसर में ही धरना प्रदर्शन पर बैठ गये है। सोमवार दिन के 2 बजे उन्होंने बताया कि सम्मान एजेंसी के द्वारा 108 एम्बुलेंस का संचालन हो रहा है लेकिन एजेंसी ना तो उनके हितों का ख्याल रखती है ना ही एम्बुलेंस की स्तिथि को सही रखती है उन्होंने कहा कि उनकी सेवा के अनुरूप उन्हें मान सम्मान भी नहीं मिल रहा है। इनके हड़ताल पर चले जाने से स्वास्थ्य व्यवस्था को सही रूप से संचालित करने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। कर्मियों ने बताया पूर्व में भी विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया था साथ ही उपायुक्त मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री को आवेदन देकर मामले से अवगत कराया गया था यह धरना प्रदर्शन पूरे राज्य में संचालित था लेकिन झारखंड सरकार आश्वासन देकर हम लोगों को गुमराह करती रही लिखित आश्वासन के बाद भी आज तक हमारी मांगों को लेकर ठोस पहल नहीं की गई। सरकार हमारी मांगों को पर विचार नहीं करती है तो आगे जोरदार आंदोलन किया जाएगा। वही 108 एम्बुलेंस कमी के आंदोलन से गुमला सहित पूरे झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गयी है। खासकर मरीज को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## रांची की समस्याओं को लेकर मिशन बदलाव करेगा जनआंदोलन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव रांची चैप्टर की बैठक चापु टोली आरगोड़ा में संपन्न हुई। मिशन बदलाव रांची चैप्टर की बैठक चापु टोली और अंर्घोड़ा में संपन्न हुई। मिशन बदलाव के भूषण भगत ने कहा कि झारखंड रांची राजधानी है और राजधानी होने के बावजूद रांची के गलियां सड़क बहुत खराब परिस्थितियों में है कहीं पर नाली नही और पानी जमाव की समस्या सभी समस्याओं से यहां के नागरिक परेशान है और इन सभी समस्याओं को लेकर नागरिक को उनके हक अधिकारों को लेकर जागाने की जरूरत है। मिशन बदलाव टीम के द्वारा शहरों में बैठक भी किया जाएगा और आम लोगों के साथ जुड़ने के अपील भी किया जाएगा। मिशन बदलाव के राजकुमार ने कहा कि रांची नगर निगम का लगभग 2200 करोड़ रूपया का सालाना बजट है उसके बावजूद भी पूरे नगर शहरों में समस्या वही का वही है। जब तक लोग जागरुक नहीं होंगे तब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा। मिशन बदलाव के पंकज चंद्र गोस्वामी ने कहा जब तक आंदोलन नहीं किया जायेगा तब तक आम लोगों के बीच में मिशन बदलाव के उद्देश्यों को हम लोग नहीं पहुंचा पायेंगे। प्रवक्ता प्रोफेसर सुभाष सामंत ने कहा अगर सकारात्मक मुद्दों के साथ रांची में प्रयास किया जाये तो रांची के नागरिकों को हम लोग ज्यादा से ज्यादा जोड़ सकते हैं और सकारात्मक चीज निकल कर बाहर आयेंगे। बैठक में मिशन बदलाव के सन्जर ब्बार्ला आकाश कुमार सानू साहू अधिवक्ता दीपक प्रधान अधिवक्ता रजनीकांत प्रणव प्रताप सिंह नित्तिश कुमार एव अन्य सदसस्य उपस्थित थे।

### अल्पसंख्यक आयोग ने की बसिया दलमादी गांव के चर्चित लीज मामले की जांच

# खनन तुरंत रोकने का आदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बसिया।** राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने बसिया के दलमादी गांव में तीजराज बिल्डकोन द्वारा चलाये जा रहे लीज क्षेत्र का आवलोकन करते हुएकई बिंदुओं पर जांच की और उसे तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए बंद करने का आदेश दिया है। जिला परिषद सदस्य बसंती डूंगडुंग द्वारा अल्पसंख्यक आयोग के समक्ष नियमो की अवहेलना करते हुए इस लीज कराने में प्रयुक्त गलत वंशावली, सीएनटी एसपीटी एक्ट का उलंघन करने की शिकायत की गयी थी, जिसके आलोक में सोमवार को अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू, सदस्य डॉ तौसीफ एंव वारिस कुरैशी सोमवार को दलमादी गांव पहुंचे थे। लीज स्थल निरीक्षण के दौरान आयोग की टीम ने स्थानीय ग्रामीणों से पूछताछ की और लीज स्थल की जमीन का भी निरीक्षण किया। आयोग की टीम द्वारा उपस्थित एसडीओ जयवंती देवगम, डीएमओ विभूति कुमार, बीडीओ सह प्रभारी सीओ सुप्रिया भगत को आवश्यक बिंदुओं पर 13 अगस्त तक रिपोर्ट मांगी है। जांच के दौरान उपस्थित सभी रैयतों ने कहा कि पहले का जांच टीम के द्वारा उन से जांच के नाम पर सहमति ली गयी थी। उन्होंने 7 मई के एग्रीमेंट में कोई साइन नहीं किया है। आयोग द्वारा अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से खनन कार्य रोकने का भी आदेश दिया। आयोग की टीम द्वारा लीज स्थल पर ग्रामीणों से भी पूछताछ की गयी। जिसमें अनेकों ग्रामीणों ने गलत ग्रामसभा होने की बात आयोग के सदस्यों के समक्ष कही। इस संबंध में आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू ने कहा कि वे लोग बसंती डूंगडुंग के द्वारा की गयी शिकायत पर जांच हेतु आये थे और प्रथमद्दष्टया सीएनटी एसपीटी एक्ट के उलंघन का मामला के साथ ही ग्राम सभा मे गड़बड़ी का मामला भी प्रतीक होता है। आयोग द्वारा सभी पक्षो की बातो को सुना गया है और उसके आधार पर अंतिम निर्णय लिया जायेगा। आयोग के सदस्य वारिस कुरैशी ने कहा कि लीज के कागजातों और रैयतों के बयान, स्थल निरीक्षण पर ग्रामीणों के बयानों से प्रतीत होता है कि गलत तरीके से लीज करायी गयी है। यह पूरी तरह धोखाघड़ी का मामला बनता है। सदस्य डॉक्टर तौसीफ ने कहा कि यह मामला कही न कही संदिग्ध प्रतीक होता है। आयोग इसपर उचित निर्णय लेगा। इस संबंध में तीजराज बिल्डकोन के प्रॉपराइटर विकास साहू से भी पूछताछ की गयी मौके पर एसडीओ जयवंती देवगम, डीएमओ विभूति कुमार, बीडीओ सुप्रिया भगत, शिकायतकर्ता जिप सदस्य बसंती डूंगडुंग, रोशन बरवा, कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष चैतू उरांव, मुंतजिर खान, विकास साहू, जेडी नायक, तिजराज बिल्डकॉन के विकास साहू, दीपक प्रसाद समेत दलमादी राजस्व ग्राम के ग्रामीण उपस्थित थे।

## देवर की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने खाया उर्वरक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कामडरा थाना क्षेत्र के इचा गुट्ठु गांव निवासी 39 वर्षीय महिला जलेश्वरी देवी ने देवर की प्रताड़ना से तंग आकर उर्वरक खा लिया। परिजन रविवार की शाम 5 बजे बजे उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां इलाज कराने को लेकर महिला ने हाई वोल्टेज ड्रामा किया। वह इलाज कराने को तैयार नहीं थी। परिजनों ने बताया 18 वर्ष पूर्व महिला के पति की मौत हो गयी थी इसके बाद देवर ने उसे अपने पास रख लिया। शुरूआती दौर में सब कुछ ठीक-ठाक था लेकिन इधर देवर शराब का सेवन कर उसे मारपीट करने लगा साथ ही कई प्रकार के ताने भी देता है। महिला के पहले पति से एक बच्चा है जबकि देवर से दो बच्चा जन्म लिया है। रविवार को देवर ने उसके साथ मारपीट किया साथ ही भद्दी गाली देकर ताने भी कशे। जिससे महिला आहत हो गयी और उसने गिलास में यूरिया और डीएपी घोलकर पी लिया।

## चैंबर प्रतिनिधियों ने ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधि मंडल चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में गुमला विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता विनय कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात की। गुमला में बिजली से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की लिए मुख्य रूप से अध्यक्ष श्री सिंह ने नगर में कोई भी ट्रांसफार्मर अचानक से उड़ जाने पर उसे बनाने और लगने में होने वाली देर को विकराल समस्या बताया। इसके निराकरण के लिए उपाय की मांग की।

ज्ञात रहे की दो दिन पूर्व ही धोबी मोहल्ला का ट्रांसफार्मर उड़ जाने की वजह से काफी परेशानी हो रही है। शहर के बीचोबीच ट्रांसफर्मर उड़ जाने के कई दिन बीत जाने के बाद भी सोमवार शाम तक ट्रांसफार्मर नहीं बन पाया और विभाग के पास कोई ट्रांसफार्मर है ही नहीं जिसे लाकर लगाया जाये। विभाग की तरफ से सिर्फ इतना आश्वाससन मिला कि गुमला में ट्रांसफार्मर नहीं है हम कोशिश करते हैं लोहरदगा से ट्रांसफार्मर मंगा कर लगवा दें। अध्यक्ष ने दूसरी मांग की है कि अगर ट्रॉली ट्रांसफार्मर गुमला में एक के जगह चार या पांच होता है तो इतनी समस्या नहीं होती। इसके अलावा ट्रांसफार्मर लाने और ले जाने के लिए पिकअप वाइन और हाइड्रा की भी विभाग द्वारा व्यवस्था होनी चाहिए। विभाग की तरफ से कहा गया कि उन्होंने पहले भी उच्य पदाधिकारी को ट्रॉली ट्रांसफार्मर के लिए लिखा है वे फिर से प्रयास कर रहे हैं कि कम से कम चार ट्रॉली ट्रांसफार्मर गुमला में रहे।

निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने बचे हुए मीटर रीडिंग को शीघ्र करवाने की मांग की। विभाग की तरफ से कहा गया के चार दिन के अंदर जितने भी मीटर रीडिंग बचे हुए हैं सबों को कर दिया जायेगा और स्मार्ट मीटर में जो भी गड़बड़ी हो रही है उसे लगातार सुधारा जा रहा है। मौके पर चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, चेंबर सचिव बबलू वर्मा, मीडिया प्रभारी इम्तियाज मिनी आदि उपस्थित थे।

## एकता रौनियार महिला संगठन ने किया सावन मिलन समारोह का आयोजन

**महिलाओं को एकजुट करने से समाज बनेगा सशक्त : लता गुप्ता**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** एकता रौनियार महिला संगठन गुमला ने अपना छट्ठा वार्षिकोत्सव सह सावन मिलन समारोह मनाया। पालकोट रोड गुमला स्थित रौनियार धर्मशाला में आयोजित इस कार्यक्रम में संगठन की झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष लता गुप्ता भी शामिल हुईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष लता गुप्ता ने कहा कि महिलाएं समाज के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी होती है। अगर महिलाएं जागरूक और एकजुट रही तो निसंकोच समाज तरक्की करेगा। साथ ही हमारे आने वाली पीढ़ियां इन महिलाओं से जागरूकता की सीख लेंगी। कार्यक्रम में सावन के खूबसूरत झूले और खूबसूरत सजावट ने सबको आकर्षित किया। नन्हे बच्चे जिया और साकची सौर्या ने खूबसूरत शिव और पार्वती के वेश धारण करके सबों का मन मोह लिया । सभी सखियों ने झूले का भरपूर आनन्द लिया ।

कार्यक्रम को सर्वप्रथम गणेश वंदना से शुरूआत किया गया। फिर अध्यक्ष लता गुप्ता और झारखंड प्रदेश से आए पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर के कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कोषाध्यक्ष मीनाक्षी गुप्ता, रांची बाजरा इकाई के अध्यक्ष संतोष गुप्ता, गोकुल नगर निवासी महेश प्रसाद गुप्ता और संगठन मंत्री रीता कुमारी गुप्ता, रौनियार समाज गुमला के संरक्षक, संगीतरत्न शम्भु लाल गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी अध्यक्षा लता गुप्ता, समाजसेवी सुबोध गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी कोषाध्यक्ष मंजू गुप्ता, बजरा इकाई से आई दीपाली गुप्ता और नीलम गुप्ता को तुलसी के पौधे , क्राउन पहना कर और शॉल ओढ़ा कर सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। साकची सौर्या और जिया ने खूबसूरत नृत्य प्रस्तुत किया।

संगठन की सचिव सरिता गुप्ता ने शिव पार्वती के भजन में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। सात समुंदर पार गीत में सुलोचना गुप्ता ने एकल नृत्य किया। कार्यक्रम में करमटोली भरसस गोकुलनगर के बीच सामुहिक नृत्य का कंपीटिशन हुआ । दोनों ने एक से बढ़कर एक सामुहिक नृत्य पेश करके सभी का दिल जीत लिया और दोनों के परफॉर्मेंस में फर्क कर पाना मुश्किल हो रहा था इसके कारण उनका रिजल्ट टाई घोषित कर दिया गया और दोनों समूह को सामुहिक रूप से तुलसी पौधे देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष लता गुप्ता ने सखियों के संग बहुत ही खूबसूरत सामुहिक नृत्य पेश कर कार्यक्रम में शमा बांध दिया।

## 28 सितंबर को रांची में राज्यव्यापी भव्य कैडर कन्वेंशन होगी : विजय सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट व झारखंड नवनिर्माण दल प्रदेश लीडिंग टीम की आवश्यक ऑनलाइन बैठक 27 जुलाई 2025 को देर रात तक पार्टी के झारखंड प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में राज्य में फैले भ्रष्टाचार पर गहरी चिंता जतायी गयी एवं गुमला से रामगढ़ व बिहार में बेहोश पड़ी युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म समेत देश में महिलाओं पर बढ़ते शोषण अत्याचार पर आक्रोश व्यक्त करते हुए राज्य सत्ता के नाकामी के कारण हो रहे इस घृणित कृत्य के विरुद्ध कारगर पहल व आंदोलन संगठित करने पर विचार किया गया। वहीं राज्य से सिर्फ मजदूर, बेरोजगार व युवतियों का भर नहीं बल्कि झारखंड के बैंकों में राज्य के लोगों का जमा 50% पैसे दूसरे राज्य पलायन हो रहा है, वहीं खासकर महिलाएं माइक्रोफाइनेंस कंपनियों से ऊंचे सूद् पर ऋण लेने को मजबूर हैं जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। झारखंड से इस पूंजी पलायन को भी रोकने के लिए राष्ट्रव्यापी रोजगार व सामाजिक अधिकार अभियान के तहत राज्य के सभी 24 जिलों में अभियान के संदेश को पंपलेट व जनसंवाद के माध्यम से ले जाने पर सहमति बनी। इस मौके पर एआईपीएफ के झारखंड प्रभारी सह जेएनडी के संयोजक विजय सिंह ने कहा कि राज्य में फैले भ्रष्टाचार व गहराती जन समस्याओं का समाधान के लिए पार्टी की मजबूती जरूरी है सभी नेता कार्यकर्ता कमर कस लें। श्री सिंह ने झारखंड से पूंजी पलायन पर रोक, स्थानीय व नियोजन नीति जल्द बनाने, सहारा इंडिया समेत दर्जनों दर्जन नन बैंकिंग में लोगों के खून पसीने के जमा पैसे जल्द भुगतान करने, जैसे राज्यहित की मांगों को लेकर शहीद भगत सिंह जयंती 28 सितंबर 2025 को रांची के पुराना विधानसभा स्थित विधायक क्लब में राज्यव्यापी कैडर कन्वेंशन आयोजित करने तथा कन्वेंशन की सफलता के लिए अभी से ही नेताओं को लगने की अपील की है।

## मुठभेड़ में मारे गये उग्रवादी का शव पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** पुलिस व जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के साथ मुठभेड़ में मरा गया तीसरा उग्रवादी सुशील मुंडा का शव को लेने उसके जीजा जी गणेश मुंडा सोमवार को घाघरा थाना पहुंचे। कागजी कार्रवाई के बाद उसे गुमला पोस्टमार्टम हाउस शव लेने के लिए भेज दिया गया। यहां बता दे कि सुशील लावादाग का रहने वाला था उसके पिता का नाम फगुआ मुंडा है। पोस्टमार्टम हाउस से मृतक के जीजा शव लेकर पैतृक गांव लावादाग पहुंचे जहां शव का अंतिम संस्कार किया गया। गणेश ने घाघरा थाना में आवेदन दे कर यह बताया कि समाचार पत्रों के माध्यम से सूचना मिली कि उसका साला सुशील मुंडा जेजेएमपी उग्रवादी संगठन में काम करता था और पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया है।

## एक अगस्त को डीलरों का महाधरना प्रदर्शन

**सिसई (आजाद सिपाही)।** जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के द्वारा अपनी मांगों को लेकर आगामी एक अगस्त को महाधरना दिया जायेगा। इस बावत डीलर संघ सिसई के प्रखंड अध्यक्ष मकीन अंसारी जानकारी देते हुए बताया कि डीलरों को करोना काल से लेकर अब तक अलग-अलग महिनों का कमिशन बकाया भुगतान, ग्रीन कार्ड खाद्यान्न वितरण का बकाया भुगतान, जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के नोमिनी की अनुज्ञप्ति हस्तांतरण, स्मार्ट पीडीएस सिस्टम की खामियों में सुधार, सभी राशन डीलर को अगस्त तक 4 जी ई-पॉश मशीन उपलब्ध कराने, खाद्यान्न वितरण यथा नमक,चना दाल, का सही आप्शन जारी करने, इलेक्ट्रॉनिक वैट मशीन रिपेयरिंग में शोषण बंद करने, पेपर लैस सिस्टम लागू करने, ई-केवाईसी की जिम्मेवारी कार्डधारकों को देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर जिला मुख्यालय में एक अगस्त को जिला के सभी प्रखंडों के डीलर्स के द्वारा महाधरना प्रदर्शन किया जायेगा। उक्त धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में सिसई प्रखंड के सभी डीलर उपस्थित रहेंगे।

## लावा नदी पुल के किनारे बना बड़ा गड्ढा



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड से भीखमपुर को जोड़ने वाला मुख्य सड़क पर स्थित लावा नदी पुल के किनारे इन दिनों एक बड़ा गड्ढा बन गया है। जो राहगीरों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। यह गड्ढा पुल के एक ओर इतना गहरा हो चुका है कि कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह गड्ढा कई दिनों से लगातार बढ़ता जा रहा है। लेकिन अब तक कोई प्रशासनिक पहल नहीं की गयी है। रोजाना इस पुल से सैकड़ों वाहन और स्कूल जाने वाले बच्चे गुजरते हैं। ऐसे में दुर्घटना की आशंका और भी बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार स्थानीय प्रतिनिधियों और अधिकारियों को इस बारे में सूचना दी है। परंतु अब तक मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया गया है। अगर जल्द ही इस गड्ढे को नहीं भरा गया। तो यह किसी जानलेवा हादसे का कारण बन सकता है।

## तीसरी सोमवारी को निकाली गयी कलश यात्रा



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड के जरडा पंचायत के हुटार गांव में सावन के तीसरी सोमवार को मिनू सिंह की नेतृत्व मे भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर 150 महिलाओं ने शंख नदी से जल उठाकर कलश यात्रा के साथ आरा लता स्थित शिव भगवान के शिवलिंग में जलाभिषेक किया। वही महिलाओं ने इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लिया और पारंपरिक वेशभूषा में जलाभिषेक के लिए कलश यात्रा निकाला। वही सावन के सोमवार को शिव भगवान की पूजा का विशेष महत्व है और जलाभिषेक एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है जिसमें भगवान शिव को जल चढ़ाया जाता है। कलश यात्रा और जलाभिषेक जैसे आयोजन स्थानीय परंपरा और संस्कृति का हिस्सा हैं और ग्रामीण समुदायों में धार्मिक और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं। मौके पर श्रवण भगत,अमर साय,सेवती देवी, सिकन्दर नगेसिया, शिवकुमार रौतिया समेत कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

## शिविर में पांच यूनिट रक्त संग्रह



**भरनो (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त गुमला के निर्देशानुसार रक्तदान शिविर प्रखंड भरनो में प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह की देखरेख में हुआ। कैंप मे पुरुषों से ज्यादा महिलाओं में उत्साह देखी गयी। बाल विकास परियोजना में कार्यरत आंगनबाड़ी सेविका अपना ब्लड जांच कराते हुए रक्त दान में हिस्सा ली। रक्तदाता का नाम सविता मिंज, किरण कुमारी, संगीता कुमारी, अलका देवी, प्रहलाद उरांव। बहुत खुशी की बात है कि महिलाएं भी पुरुषों से पीछे नहीं है। रक्तदान शिविर मे कुल 5 यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो के बिपिएम रविंद्र कुमार, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नीलम केरकेट्टा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी राम कृष्ण ओहदार, पंचायत समिति सदस्य जहांगीर आलम, महिला पर्यवेक्षिका उर्मिला देवी, सुमन देवी सहित स्वास्थ विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** नाबार्ड एवं बाएफ के द्वारा संचालित वाडी परियोजना घाघरा के तहत ग्राम हहरी मे सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे डा बसंत कुमार एवं सीएचओ गम्हरिया प्रभारी अलका खलखो के द्वारा शिविर मे आये 55 लोगों को निशुल्क बीपी शुगर हेमोगलबिन आदि जांचो उपरांत सनेटरी पैड एवं दवा दिया गया। बाएफ के क्लस्टर प्रभारी प्रेम कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर मे जांच के साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। डॉ बसंत कुमार के द्वारा लोगो को बताया कि स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहे एवं खाने मे हरा सब्जी का उपयोग करे तथा वर्ष मे एक बार बीपी शुगर का जरूर जांच करायें। शिविर में सुरेश उरांव, सोमा भगत, फागु उरांव, सरिता उरांव, महतो उरांव बुधनी उरांव आदि उपस्थित थे।

## चपका में हाथी ने दो दुकान के शटर और एक घर के दरवाजा को क्षतिग्रस्त किया

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के चपका गांव में एक जंगली हाथी ने दो दुकान के शटर और एक घर के दरवाजा को क्षतिग्रस्त कर दिया। एक की दुकान में रखें एक बोरी चावल को निकाल कर खा लिया और बर्बाद कर दिया। फॉरेस्ट विभाग की टीम द्वारा हाथी को भगाने का प्रयास किया गया। जो हाथी घाघरा चांदनी चौक के समीप से कॉलेज रोड होते हुए मुख्य पथ को पार कर कोटा माटी गांव पतरा पहुंचा। समाचार चलाये जाने तक पतरा में हाथी विचरण करते दिखा। फॉरेस्ट की टीम लगातार जंगल की ओर हाथी को भेजने का प्रयास कर रहे हैं। उक्त चपका निवासी पीड़ित अनूप साहू ने बताया कि हाथी ने उसके एक दुकान का शटर तोड़ दिया जबकि एक घर का दरवाजा को तोड़ दिया। जिस घर का दरवाजा तोड़ा उसमें एक लड़का सोया हुआ था। हालांकि हाथी ने लड़का को कोई क्षति नहीं पहुंचाया। उक्त घटना में लगभग 20हजार की नुकसान की बात कही।वही पीड़ित तेज नारायण भगत ने बताया कि उसके दुकान के शटर को तोड़कर दुकान में रखे एक बोरी चावल को हाथी चट कर गया। इस क्रम में लगभग 10 हजार का नुकसान हुआ है। जान जोखिम में डालकर लोग हाथी को देखने के लिए भीड़ लगाये थे। फॉरेस्ट विभाग के कईयों द्वारा लोगों को हाथी से दूरी बनाये रखने की बात कही गयी।

### डीसी ने दिया सभी विभागों को समन्वय बनाकर योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने का निर्देश

# अयोग्य राशन कार्डधारी खुद सरेंडर कर दें राशन कार्ड

- तीन दिनों में संबंधित विभाग आपूर्ति विभाग को आयकर दाता, वाहन मालिक, तीन कमरों के पक्का मकान धारी, पांच एकड़ से अधिक सिंचित भूमि वाले लोगों का डाटा उपलब्ध कराएं
- 15 अगस्त तक मुख्यमंत्री मंईयां योजना, सर्वजन पेंशन योजना एवं अन्य योजनाओं का अभियान चलाकर डाटा करें दुरूस्त, प्रखंड-जिला स्तर पर हेल्प डेस्क सेंटर का करें संचालन



समाहरणालय सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी अजय नाथ झा।

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** जिला समन्वय समिति की बैठक सोमवार को समाहरणालय सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी अजय नाथ झा ने की। इसमें विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई एवं पारदर्शिता, सुगमता और लाभुक केंद्रित कार्य प्रणाली पर बल दिया गया। डीसी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने और योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस दौरान अंचल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे आय प्रमाण पत्रों को समय पर जारी करना सुनिश्चित करेंगे। पर बिना विधिवत जांच के प्रमाण पत्र निर्गत ना करें। फर्जी जानकारी देने वालों के विरुद्ध कार्रवाई भी करें। डीसी ने फील्ड पदाधिकारियों को अपने भ्रमण की जानकारी लॉग बुक में दर्ज करने और समय-समय पर इसकी अद्यतन प्रतिवेदन जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कहा कि शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग आपस में समन्वय बनाकर एक महीने में अभियान चलाकर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत बच्चों का नजदीकी विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराएं। इसकी निगरानी बैठक में उपस्थित डीडीसी को करने को कहा। वहीं, पशुपालन विभाग एवं जेएसएलपीएस को निर्देश दिया कि पशुपालकों की आयवृद्धि के लिए ज्यादा से ज्यादा समूह और क्लस्टर का गठन करें। सभी चयनित लाभुकों का अकाउंट खोले। साथ ही, उन्हें मुद्रा ऋण योजना से भी जोड़ें, इससे दीदियों की आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत लंबित बीमा दावों का शीघ्र निपटारा करने एवं अभिसरण योजनाओं जैसे दीदी बाड़ी, बिरसा हरित ग्राम योजना एवं सोलर लिफ्ट सिंचाई को प्रभावी ढंग से लागू करने को कहा। समीक्षा क्रम में एलडीएम से बैंकों में दीदी-भैया काउंटर खोलने की प्रगति की भी जानकारी ली। समाज कल्याण की समीक्षा क्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित करने को अविलंब अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया। वहीं, जिले में कुल 715 आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है। इन केंद्रों को मिशन मोड में पेयजल, शौचालय, विद्युत, वॉश बेसिन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में कसमार प्रखंड अंतर्गत नव-निर्मित पंचायत भवनों का त्वरित हैंड ओवर कराने, प्रखंड परिसर के नव-निर्मित भवनों में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं जरीडीह प्रखंड में डीपीएलआर से अनापत्ति नहीं मिलने के कारण रुकी योजनाओं के शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने मनरेगा कर्मियों के ईपीएफ कटौती और वीर शहीद पोटोहो खेल मैदान चयन को लेकर डीईओ-डीएसई एवं सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया। लगे हाथ जल छाजन के तहत स्प्रिंगशेड डेवलपमेंट के लिए बीडीओ को चयनित स्थलों की सूची जिला को समर्पित करने को कहा। समीक्षा क्रम में डीसी ने आपूर्ति विभाग द्वारा जिले के अयोग्य लाभुकों का राशन कार्ड विलोपित करने को लेकर विभाग से प्राप्त दिशा-निर्देश पर डाटा तैयार करने को कहा। उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, आयकर पदाधिकारी, जिला अवर निबंधक बोकारो-तेनुघाट सभी बीडीओ-सीओ, पंचायती राज पदाधिकारी, जेएसएलपीएस आदि को निर्देशित किया कि तीन दिनों के अंदर ऐसे लोगों की पहचान कर डाटा तैयार कर आपूर्ति शाखा को उपलब्ध कराएं जो आयकर दाता, चार पहिया वाहन स्वामी, तीन कमरों के पक्के मकानधारी या पांच एकड़ से अधिक सिंचित भूमि आदि के स्वामी हैं। कहा कि आपूर्ति शाखा सभी डाटा को एक साथ एकत्र कर ऐसे लोगों का समेकित डाटा तैयार करें। उन्होंने अयोग्य लाभुकों से आगे आकर खुद राशन कार्ड सरेंडर करने की अपील की, ताकि, जरूरतमंद लोगों को राशन कार्ड का लाभ दिया जा सके। इस मौके पर डीडीसी शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा आदि उपस्थित थे।

### योजनाओं से संबंधित त्रुटियां दूर की जाए

सामाजिक सुरक्षा कोषांग की समीक्षा के क्रम में डीसी ने प्रखंड एवं जिला स्तर पर झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना सहित अन्य सभी तरह की पेंशन योजनाओं से संबंधित त्रुटि-समस्या के निराकरण के लिए हेल्प सेंटर खोलने का निर्देश दिया। वहीं, राशि भुगतान के क्रम में झारखंड मुख्यमंत्री मंईया योजना, सर्वजन पेंशन योजना सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में डाटा सुधार को लेकर विशेष अभियान चलाने को कहा। साथ ही 15 अगस्त तक लाभुकों का आधार सीडिंग, बैंक विवरण में त्रुटि, दोहरी प्रविष्टि इत्यादि का समाधान करने को कहा।

### राजस्व संग्रहण लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करें : डीसी

बोकारो (आजाद सिपाही)। डीसी अजय नाथ झा ने समाहरणालय सभागार में सोमवार राजस्व संग्रहण से संबंधित समीक्षा बैठक की। इस क्रम में वाणिज्यकर बोकारो-बेरमो, निबंधन विभाग बोकारो-बेरमो, खनन, उत्पाद, नगर निगम, परिवहन, मोटरयान निरीक्षक, बाजार समिति चास-बेरमो, माप-तौल विभाग, जिला मत्स्य नगर पंचायत फुसरो सहित अन्य विभागों की ओर से किए गए राजस्व संग्रहण की मासिक प्रतिवेदन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों से उनके वार्षिक लक्ष्य एवं विगत माह के प्रदर्शन की क्रमवार जानकारी ली। राजस्व संग्रहण लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त करने के लिए जरूरी दिशा इ्र निर्देश दिया। उत्पाद एवं परिवहन विभाग को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि ये विभाग राजस्व अर्जन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अत: दोनों विभाग विशेष रणनीति बनाकर कार्य करें और अपने लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु पहल करें। दोनों विभागों का राजस्व संग्रहण का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहने पर नाराजगी प्रकट किया।राजस्व संबंधी मामलों में दाखिल-खारिज प्रक्रिया को लेकर उपायुक्त ने सभी अंचलाधिकारियों को स्पष्ट कहा कि कोई भी मामला बेवजह रद्द नहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में पारदर्शिता, जवाबदेही और गति लाने की आवश्यकता है।

## बोकारो स्टील सामूहिक दुर्घटना बीमा का नवीनीकरण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्टील सामूहिक दुर्घटना बीमा के नवीनीकरण के साथ बोकारो इस्पात संयंत्र सहित बीएसएल के अधीन माइंस एवं कोयलरीज में कार्यरत ऑन रोल अधिशासी एवं अनाधिशासी इस योजना का लाभ ले सकते हैं। नवीनीकरण के बाद वार्षिक बीमा प्रीमियम प्रति व्यक्ति प्रति लाख रुपये के लिए सभी कर सहित मात्र 95 रुपये निर्धारित की गयी है? बोकारो स्टील सामूहिक दुर्घटना बीमा के अंतर्गत बीमाकृत राशि पचीस लाख रुपये और एम्बुलेंस एवं अंतिम संस्कार खर्च के लिए 25 हजार रुपये प्रदान किया जायेगा। बीमा कवरेज के लिए कर्मचारी के साथ पति-पत्नी एवं पांच वर्ष से 25 वर्ष तक के आश्रित बच्चे भी शामिल हैं। बीमा अवधि के बीच कंपनी में नियुक्त कर्मचारी एवं अन्य इस्पात संयंत्र से स्थानांतरित कर्मचारी यथानुपात प्रीमियम राशि की कटौती के बाद सामूहिक दुर्घटना बीमा की सदस्यता के पात्र होंगे। जिन कर्मचारियों ने गत वर्षों में इस योजना से ऑप्ट आउट का आवेदन दिया था, वह आवेदन इस वर्ष की योजना के लिए मान्य नहीं होगा। यदि कोई कर्मचारी-सदस्य इस योजना का लाभ नहीं लेना चाहते हैं, तो उन्हें 10 अगस्त तक ऑप्ट आउट का आवेदन समिति द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार कर सकते हैं। अगर किसी कर्मचारी की दुर्घटना से स्थाई पूर्ण अपंगता होती है तो दुर्घटना के बाद सूचना बोकारो जनरल हॉस्पिटल, सरकारी अस्पताल या अधिकृत अस्पताल द्वारा चिकित्सा अशक्तता प्रमाण पत्र प्राप्त होने के 25 दिनों के अंदर एवं किसी कर्मचारी की दुर्घटना से मृत्यु होने के 25 दिनों के अंदर समिति के सचिव को लिखित रूप में विभागीय अधिकारी द्वारा अग्रसारित करवाने के बाद विभागीय डाक या ई-मेल से दिया जा सकता है। इस बीमा योजना में ऑप्ट -इन या ऑप्ट-आउट करने के लिए नए आवेदन एचसीएम पोर्टल द्वारा ही मान्य होंगे और प्रीमियम राशि की कटौती अगस्त माह में की जाएगी।

## अधिशासी निदेशक (संकार्य) क्वालिटी सर्कल ट्रॉफी 2025 का हुआ आयोजन




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** अधिशासी निदेशक (संकार्य) क्वालिटी सर्कल ट्रॉफी 2025 का आयोजन मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन अमरेश सिन्हा महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) ने किया। इस दौरान अनुपमा तिवारी महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) ने प्रतिभागियों को अधिक से अधिक परियोजनाओं के साथ क्वालिटी सर्किल टूल्स के व्यापक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। निर्णायक मंडल में शामिल डॉ तृप्ति चंद्रा, (एसीएमओ) बोकारो जनरल अस्पताल ने क्वालिटी सर्कल के बारे में अपने अनुभव को साझा किया। बाहरी और आंतरिक प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से कार्यस्थल पर नवीन विचारों को विकसित करनेके बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के प्रयासों की सराहना की। इस मेगा आयोजन में बोकारो इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें बीएसएल की कुल 40 क्वालिटी सर्कल टीमों ने अपनी प्रस्तुति दी। बिजनेस एक्सीलेंस विभाग से वरीय प्रबंधक देवयानी चक्रवर्ती एवं सागरिका साहू ने अपनी टीम के साथ पूरे कार्यक्रम का संचालन किया।

## स्नेही समाज की महिलाओं ने हर्ष के साथ मनाया सावन महोत्सव



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्नेही (तेली) समाज महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में चिरा चास में सोमवार को भव्य सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। पारंपरिक गीतों, नृत्यों और मनोरंजक खेलों के साथ महिलाओं ने सावन के इस त्योहार को धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्नेही समाज महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रेनू साह ने की। उन्होंने सभी महिलाओं को एकजुट करते हुए सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सफल नेतृत्व किया। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में सज-धज कर पूरे आयोजन को रंग-बिरंगा और जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी और प्रसिद्ध समाजसेवी संजू देवी ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि सावन महोत्सव केवल ऋतु परिवर्तन का उत्सव नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण, उमंग और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में महिलाओं की भूमिका और भी मजबूत होती है। आयोजन में स्नेही समाज के अध्यक्ष डीके. साह, महासचिव धर्मेंद्र कुमार और कोषाध्यक्ष संतोष कुमार साह सहित पूरी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## अपार्टमेंट की महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** हरे कृष्णा अपार्टमेंट, वनस्थली कॉलोनी धनबाद की महिला समूह ने सावन महोत्सव का जश्न मनाया। बच्चों और महिला समूह के नृत्य ने माहौल को और खुशनुमा बना दिया। इसमें कपल डांस, और फनी गेम्स ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। इस मौके पर ऋतू कुमारी, शिखा मुखर्जी, नीलू, पिंकी सिंह, रेखा, कल्पना, रिंकी मण्डल, कंचन, संपा, ममता, लक्ष्मी, निशि बिहारी, ज्योति कुमारी, सुमन, सुमन केशरी, अनीता श्रीवास्तव और प्रीति रॉय आदि ने हिस्सा लिया।

## महुदा में हुआ शानदार लाठी खेल का प्रदर्शन

**महुदा (आजाद सिपाही)।** बस्ती स्थित मिल्लत-ए-यूवा इस्लाम मोहल्ला में रविवार की शाम 'एक शाम, मरहूम अब्दुल जब्बार के नाम' के तहत भव्य नुमाइशी लाठी खेल मुकाबले का आयोजन किया गया। जिसमें कई प्रतिष्ठित लाठी खेल की टीमों ने भाग लिया और शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस कार्यक्रम में नूरे हसनेन डाबर बहाल, नूरे अंजुमन डुमरजोड़, मासूम क्लब मुंधनिया, गुलाम-ए-हसनेन कमेटी जाला, हुसैनी फोर्स नर्रा, आखड़ा कारवाने बेलाली सिंगड़ा और खुद्दाम-ए-इस्लामिया कमेटी भर्रा की टीमों ने हिस्सा लिया। सभी टीमों के खिलाड़ियों ने अनुशासन और कौशल का परिचय देते हुए बेहतरीन लाठी प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। अंत में सभी खिलाड़ियों को मेडल और टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि भाटडीह ओपी के एसआई निरंजन प्रताप, मुखिया मोहम्मद बदरूद्दीन अन्मारी, पंसस दिलखुश अंसारी, समाजसेवी मोहम्मद आमान अंसारी, मुखिया महेश कुमार पटवारी, सूर्यकांत महतो, मुखिया प्रतिनिधि दिनेश प्रमाणिक, शिबू महतो और कैलाश रवानी उपस्थित रहे। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में पत्रकार रोशन जमील, शाह हुसैन, समरीद अंसारी, खुर्शीद अंसारी, बउद्दीन अंसारी आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## बाघमारा ुधियक ने मृतक के प्रदर्शनकारी परिजनों को दिलाया प्रोविजनल नियोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** बीसीसीयल के न्यू आकाश किनारी कोलियरी कार्यालय के समक्ष एसडीएल ऑपरेटर लक्ष्मण नोनिया (57) के शव को रखकर परिजन नियोजन की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। इसकी सूचना पाकर बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो तुरंत मौके पर पहुंच गये औरप्रबंधक से वार्ता कर मृतक के बड़े पुत्र को प्रोविजनल नियोजन दिलवाया। जानकारी के मुताबिक 26 दिन पहले न्यू आकाश किनारी कोलियरी में एसडीएल ऑपरेटर पद पर कार्यरत लक्ष्मण नोनिया अपने कार्यस्थल में प्रथम पाली में कार्य करते समय अचानक बीमार हो गये थे। उन्हें साथियों ने तुरंत डुमरा अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर देख धनबाद के सेंट्रल अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान रविवार की रात निधन हो गया। इसकी सूचना पाकर ट्रेड यूनियन (एटक) के नेताओं ने परिजनों के साथ मिलकर सोमवार को शव कोलियरी कार्यालय के पास रखकर नियोजन की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसकी खबर पाकर बाघमारा विधायक घटनास्थल पर पहुंचकर कोलयरी प्रबंधक के साथ परिजनों की वार्ता कराई। इसके बाद मृतक के बड़े पुत्र पिंटू कुमार को प्रोविजनल नियोजन देने पर सहमति बनी। साथ ही अन्य योजनाओं का भी लाभ दिए जाने को लेकर चर्चा हुई। इस मौके पर प्रबंधक की ओर से केके सिंह, महाप्रबंधक यू खान, परियोजना पदाधिकारी यशवंत कुमार जायसवाल, अमित कुमार महतो, यूनियन की ओर से बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, सुदय सिंह, राकेश सिंह, अजय सिंह, इस्लाम अंसारी, बसंत शर्मा, मोहम्मद कलीम, टेकलाल महतो और रविशंकर पांडे आदि थे।

## 9 जुलाई की हड़ताल की समीक्षा को लेकर बैठक

करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)। विगत नौ जुलाई की संपन्न हुई हड़ताल की समीक्षा को लेकर सोमवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की बोकारो एवं करगली इकाई की समीक्षा बैठक करगली महिला कल्याण मंडल में हुई। जिसकी अध्यक्षता दिगंबर महतो एवं संचालन एकेके ओसिपी के सचिव जयनाथ तांती ने किया। यूनियन के सोशल रीजनल अध्यक्ष श्यामल सरकार और सचिव महेश सिंह ने कहा कि यदि कोयला मजदूर संगठित नहीं हुए तो केंद्र सरकार कोयला उद्योग में निजी क्षेत्र को बेतहाशा पूंजी निवेश की बढ़ावा देगी।

### फुड इंस्पेक्टर ने कई मिठाई दुकानों का किया निरिक्षण

## गंदगी एवं मिठाई की गुणवत्ता घटिया, मनोज साव को मिठाई फैक्ट्री बंद करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**डुमरी/बेरमो।** डुमरी थाना क्षेत्र के आइबीपी में चल रहे मनोज साव एवं डब्ल्यू कुमार की गैर लाइसेंसी लड्डु फैक्ट्री, जामतारा बेड़वा में संचालित लाईसेंसी गोपाल लड्डु फैक्ट्री और वनांचल चौक में संचालित गोपाल भोग मिठाई दुकान की जांच सोमवार को गिरिडीह के फुड इंस्पेक्टर डॉ पवन कुमार ने किया। इस दौरान मिठाई निर्माण में भारी अनियमितता पाये जाने, गंदगी एवं मिठाई की गुणवत्ता घटिया रहने के कारण मनोज साव को अपनी मिठाई फैक्ट्री बंद करने का आदेश दिया गया। उधर, निरीक्षण की भनक लगते ही डब्ल्यू कुमार अपनी मिठाई फैक्ट्री में ताला बंद कर फरार हो गया। जबकि गोपाल लड्डु फैक्ट्री में मिठाई की गुणवत्ता सही थी, लेकिन छेना पानी की निकास के लिए बने ड्रेनेज में सुधार को ले आवश्यक निर्देश दिया गया। गोपाल भोग मिठाई दुकान से जांच के लिए रसगुल्ले का सैंपल साथ ले जाया गया। बताया जा रहा कि फुड इंस्पेक्टर को प्रखंड में संचालित मिठाई फैक्ट्री में मिठाई निर्माण में की जा रही गुणवत्ता की अनदेखी, बरती जा रही अनियमितता और छेना पानी को खुले में बहाने से उसके दुर्गंध से आसपास के लोगों को होने वाली परेशानी से संबंधित शिकायत मिल रही थी। बतातें चलें कि मिठाई निर्माण फैक्ट्री एवं मिठाई दुकान से छेना पानी एवं अपशिष्ट खुले रोड या रास्ते में बहा देने से राहगीरों, आसपास के लोगों को दुर्गंध से काफी परेशानी होती है। इंस्पेक्टर ने बताया कि बिना लाइसेंस के संचालित मनोज साव को फैक्ट्री बंद करने का आदेश दिया गया है। साथ ही खराब हो चुके लड्डु को फेंक दिया गया है। जबकि मिठाई के सैंपल जांच के लिए साथ ले जा रहे हैं। वहीं, डब्ल्यू कुमार को नोटिस जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से चल रहे ऐसे फैक्ट्री के संचालक को 10 लाख रुपये जुर्माना, एवं मिठाई की गुणवत्ता घटिया रहने पर पांच लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। गौरतलब हो कि प्रखंड में दर्जनों छोटे-बड़े मिठाई दुकान खुली है, जहां मिठाई निर्माण में घटिया सामग्री एवं रंग का प्रयोग किया जाता है। इस मौके फुड इंस्पेक्टर के सहयोगी मनीष कुमार, वसीम अकरम, एएसआई उदय कुमार आदि उपस्थित थे।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN: U40108JH2013SGC001702 )**
**ELECTRIC SUPPLY AREA, HAZARIBAG**
**JULU PARK, HAZARIBAG, PIN NO. - 825301**
**E-mail id:- general.manager12@gmail.com,Phone :- 06546-226949**

**e-Tender Notice for selection of agency to provide technical and non-technical manpower resource for runningoperation &maintenance of 33 KV, 11 KV, LT lines on OH conductor/AB Cable/Arial cable lines& UG cable and 11/0.415kV distribution transformers etc., revenue realization activities and operation &maintenance related works of 33/11 KV Power Sub-Station for areasunder jurisdiction of Electric Supply Circle, Kodermaof Electric Supply Area, Hazaribag.**

Online tender is invited from reputed experienced/Govt. Registered, technicallyand financially sound agencies/contractor, having past experience of providing/ handling of Technical resource in the electricity distribution discom/power utility to provide technical and non-technical manpower resource for running operation & maintenance of 33 KV, 11 KV, LT lines on OH conductor/AB Cable/Arial cable lines & UG cable and 11/0.415kV distribution transformers etc., revenue realization activities and operation & maintenance related works of 33/11 KV Power Sub-Station for areas under jurisdiction of Electric Supply Circle,Koderma under Electric Supply Area, Hazaribag.
- Head O&M
-F.Y. 2025-26.

**NIT No. 118/PR/JBVNL/2025-26**

| Sl. No. | Name of Particulars | Category of Manpower | Unit | Qty. | EMD (In Rs.) for 01 years | Cost of BOQ non-refundable (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | To provide technical and non-technical manpower resource for running operation & maintenance of 33 KV, 11 KV, LT lines on OH conductor/AB Cable/Arial cable lines & UG cable and 11/0.415kV distribution transformers etc., revenue realization activities and operation & maintenance related works of 33/11 KV Power Sub-Station for areas under jurisdiction of Electric Supply Circle, Kodermaof Electric Supply Area, Hazaribag. | Switch Board Operator Gr.-II I.T.I. Trained (Electrical) | Nos. | 48 | Rs. 1350000.00 | 20000+3600 = 23,600 (including 18% GST) |
| | | Junior Line Man I.T.I. Trained (Electrical) | Nos. | 31 | | |
| | | Un-skilled Khalasi (Matric Pass) | Nos. | 130 | | |
| | | Total No. of Manpower | Nos. | 209 | | |

**IMPORTANT SCHEDULE OF DATES .**

**a) The schedule of issue, submission and opening of tender documents are given hereunder.**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | **Availability of tender document on website** | :- | Tender documents to be downloaded from www.jharkhandtenders.gov.in From 28/07/2025 |
| 2 | Last date and time for submitting e-tender | :- | 18/08/2025upto 18:00 Hrs. |
| 3 | Last date and time of submission of original DD towards Cost of BOQ & EMD and hard copy of offline submission. | :- | 19/08/2025upto 17:00 Hrs. |
| 4 | Date and time of opening of tender (Techno- Commercial Cover ) i.e. Cover-I | :- | 20/08/2025 at 14:00 Hrs. |

b) If any"Holiday" falls on any of the scheduled date, then the next working day (between mentioned working hours) shall be considered as the scheduled date.

Note :- Quantity and category of manpower indicated above shall be used for tender evaluation andactual Manpower requirement may increase or decrease as per requirement from field officials.

1. Guidelines for online submission of bids can be downloaded from the website http://jharkhandtenders.gov.in
2. Interested bidders can download the bid from the website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Bidders should be ready with the scanned copies of cost of documents & EMD as specified in the tender document. Before submission of online bids, bidders must ensure that scanned copies of all necessary documents have been attached with bid.
4. Bidders have to produce the original Demand Draft towards tender fee & EMD as mentioned in NIT to the Accounts Officer, Electric Supply Area, Hazaribag and collect the money receipt before the cutoff date & time as mentioned in the NIT failing which bid will not be accepted. The details of cost of documents, EMD specified in the tender documents should be the same as submitted online (scanned copies) otherwise tender will summarily be rejected.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager-Cum-CE
Electric Supply Area, Hazaribag


PR 358367 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26).D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 29 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


## शाओलिन मंदिर के प्रमुख पर कई बच्चे पैदा करने का आरोप

# चीन में महिलाओं से संबंध रखने पर महंत शी योंगक्सिन बर्खास्त

- बौद्ध संघ ने मान्यता रद्द की, दीक्षा प्रमाणपत्र छीन लिया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** चीन के मशहूर शाओलिन मंदिर के प्रमुख महंत शी योंगक्सिन को बर्खास्त कर दिया गया है। उन पर मंदिर की संपत्ति और फंड के गबन, कई महिलाओं से अवैध संबंध रखने और नाजायज बच्चों के पिता होने जैसे संगीन आरोप लगे हैं।

चाइना डेली की रिपोर्ट के मुताबिक कई सरकारी एजेंसियां मिलकर इन आरोपों की जांच कर रही हैं। इस बीच चीन के बौद्ध संघ ने सोमवार को उनका दीक्षा प्रमाणपत्र छीन लिया है। संघ ने अपने बयान में कहा कि शी योंगक्सिन के कामों ने बौद्ध समुदाय की प्रतिष्ठा और भिक्षुओं की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया है।

**योंगक्सिन ने शाओलिन को दुनियाभर में मशहूर बनाया :** शी योंगक्सिन 1999 से शाओलिन मंदिर के मठीधीश हैं। उन्होंने इस मंदिर को एक तरह से आधुनिक बिजनेस मॉडल में बदल दिया, जिसके चलते उन्हें सीइओ मोंक कहा जाने लगा। उनके नेतृत्व में मंदिर ने विदेशों में स्कूल खोले और मोंक (भिक्षुओं) का एक ग्रुप बनाया जो दुनियाभर में शाओलिन कुंग फू शो करता है।

हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब योंगक्सिन विवादों में आए हैं। सबसे पहले साल 2006 में एक स्थानीय सरकार ने उन्हें लगभग 1 मिलियन युआन (करीब $125,000) मूल्य की एक वोक्सवैगन रवश उपहार में दी थी। तब माना गया कि शी ने स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद की थी, जिससे खुश होकर सरकार ने उन्हें यह गिफ्ट किया है। हालांकि तब योंगक्सिन ने इसे एक गिफ्ट बताया और कहा कि उन्होंने कोई व्यक्तिगत लाभ नहीं लिया गया।

**पहले भी महिलाओं से नाजायज संबंध रखने के आरोप लगे :** इसके बाद साल 2015 में उनके एक पूर्व शिष्य ने दावा किया था कि शी योंगक्सिन ने कई महिलाओं से नाजायज संबंध बनाए हैं और उनकी संतानें भी हैं। इस पर उन्होंने कहा था कि ये आरोप झूठे और आधारहीन हैं। बाद में कोई सबूत न मिलने पर ये आरोप खारिज हो गये थे। इसके बाद उन पर मंदिर से जुड़े प्रोजेक्ट और संपत्ति का दुरुपयोग करने और उनसे व्यक्तिगत लाभ लेने का आरोप लगा। उन पर आरोप था कि उन्होंने नकली रसीदें जारी कर और अपनी पहचान छिपाकर वित्तीय गड़बड़ी की। हालांकि इसके भी कोई सबूत नहीं मिले।

योंगक्सिन ने एक बार सोने के धागे से बना कड़ा भी पहना था जिसे लेकर उनकी आलोचना हुई थी। कुछ रिपोर्ट्स में इसकी कीमत 25000 डॉलर बतायी गयी थी।

बौद्ध धर्म में भिक्षुओं से सादगी और सांसारिक भोगों से दूर रहने की अपेक्षा की जाती है। आलोचकों ने कहा कि एक मठाधीश, जिसे साधु जीवन जीना चाहिए, जब इतना भड़कीला, महंगा वस्त्र पहनता है, तो वह धर्म की गरिमा और मंदिर की परंपरा को धूमिल करता है।

एक न्यूज एजेंसी को दिये इंटरव्यू में जब उनसे पूछा गया कि उन पर इतने गंभीर आरोप क्यों लगे हैं, तो उन्होंने कहा था कि अगर वाकई कुछ गड़बड़ होती, तो अब तक सामने आ गयी होती।

### महंत पर बौध धर्म के सिद्धांतों का उल्लंघन करने का आरोप

**महंत की गतिविधियां बौद्ध धर्म के सिद्धांतों का खुला उल्लंघन मानी जा रही हैं। मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने कहा है कि जो भी जानकारी सामने आयेगी, उसे समय-समय पर जनता के साथ साझा किया जायेगा। शाओलिन मंदिर सेंट्रल चाइना के हेनान प्रांत की पहाड़ियों में स्थित है। 1500 साल पुराना यह मंदिर सिर्फ धार्मिक कारणों से ही नहीं, बल्कि अपनी मार्शल आर्ट परंपरा खास कर कुंग फू के लिए दुनियाभर में मशहूर है। हर साल देश-विदेश से लाखों लोग इस बौध धर्म के इस मंदिर को देखने आते हैं।**

# कंबोडिया ने की थाईलैंड के साथ युद्धविराम की घोषणा



कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट (बायें), मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम (बीच में) और थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथम वेचायाचाई (दायें) सीजफायर की घोषणा के बाद तस्वीर खिंचाते हुए।

- अमेरिका और चीन ने मध्यस्थता की, जंग में 30 से ज्यादा मौत हुई

एजेंसी

**बैंकॉक/नोम पेन्ह।** कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने थाईलैंड के साथ चल रहे सीमा विवाद में युद्धविराम की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव को कम करने के लिए तत्काल लड़ाई रोकने की उम्मीद है। चीन और अमेरिका ने इस सीजफायर में मध्यस्थता की है। दोनों देशों के बीच मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में शांति वार्ता हुई। इस बैठक में थाईलैंड की तरफ से कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथम वेचायाचाई और कंबोडिया की तरफ से प्रधानमंत्री हुन मानेट ने हिस्सा लिया। इस बैठक की अध्यक्षता मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने की दोनों देशों के बीच सीमा विवाद के चलते बीते दिनों में भारी गोलीबारी हुई है। इसमें 33 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में ज्यादातर आम नागरिक शामिल हैं। मलेशिया इस समय दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन एएसइएएन की अध्यक्षता कर रहा है। उसने दोनों देशों को बातचीत की मेज पर बुलाया है।

## अवसानेश्वर मंदिर में भगदड़, 2 की मौत

**बाराबंकी (आजाद सिपाही)।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी के अवसानेश्वर महादेव मंदिर में सावन के तीसरे सोमवार को भगदड़ मच गयी। इस हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि 29 लोग घायल हुए हैं, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि रविवार रात 2.30 बजे जलाभिषेक के दौरान मंदिर परिसर में अचानक करंट फैलने से हादसा हुआ। भागने के दौरान लोग एक-दूसरे को कुचलते चले गये। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने घटना को लेकर डीएम से 24 घंटे में रिपोर्ट मांगी है।

## गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर एक से लगेगा टोल टैक्स

**लखनऊ (आजाद सिपाही)।** यूपी के गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर एक अगस्त से टोल टैक्स की वसूली शुरू हो जायेगी। इसके लिए दरों की सूची जारी कर दी गयी है। एक्सप्रेस वे पर दोपहिया वाहनों पर भी प्रति फेरा 140 रुपये की दर से टैक्स लिया जायेगा। वहीं, किसी व्यक्ति के अनुरोध पर उसी दिन वापसी करने पर वाहन के लिए टोल शुल्क 160 प्रतिशत ही देना होगा। साथ ही एक महीने में 20 या उससे अधिक एकल यात्रा करने वाले वाहनों को 80 प्रतिशत फीस ही देना होगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर टू व्हीलर/थ्री व्हीलर/लीगली रजिस्टर्ड ट्रैक्टर्स पर प्रति फेरा 140 रुपये की वसूली होगी। वहीं, कार, जीप, वैन या हल्के मोटर वाहन पर प्रति फेरा 285 रुपये चार्ज किया जायेगा। हल्के व्यवसायिक यान, हल्के माल यान या मिनी बस पर प्रति फेरा 440 रुपये टोल टैक्स लिया जायेगा। वहीं, बस या ट्रक पर 840 रुपये टोल टैक्य देना होगा।

## जालंधर-अस्पताल के आइसीयू में ऑक्सीजन सप्लाई रुकी, 3 की मौत

**जालंधर (आजाद सिपाही)।** जालंधर सिविल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में रविवार रात आइसीयू में भर्ती मरीजों की ऑक्सीजन सप्लाई दो मिनट के लिए बाधित हो गयी। इस दौरान तीन मरीजों की मौत हो गयी।

# सीबीआइ ने महुआ मोइत्रा मामले की रिपोर्ट लोकपाल को सौंपी

- पैसे लेकर लोकसभा में सवाल पूछने के आरोपों का मामला



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पैसे लेकर सवाल पूछने के आरोपों पर सीबीआइ ने लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा और व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी से जुड़े मामले में लोकपाल को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सीबीआइ ने लोकपाल की सिफारिश पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत पिछले साल 21 मार्च को महुआ और हीरानंदानी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। महुआ पर आरोप है कि वह भ्रष्ट आचरण में लिप्त थीं और उन्होंने हीरानंदानी से रिश्वत और अन्य अनुचित लाभ लेकर अपने संसदीय विशेषाधिकारों से समझौता किया। महुआ पर यह भी आरोप लगा था कि उन्होंने लोकसभा सदस्य होने के नाते मिली संसद की लॉगइन आइडी और पासवर्ड साझा कर राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष खतरा पैदा किया। सीबीआइ ने मामले में अपनी जांच के निष्कर्ष लोकपाल को सौंप दिये हैं, जो आगे की कार्रवाई तय करेगा।

**दुबारा चुनाव जीत कर आयीं :** बताते चलें कि महुआ पिछले लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर सीट से निर्वाचित हुई थीं। दिसंबर 2023 में उन्हें 'अनैतिक आचरण' के लिए सदन से निष्कासित कर दिया गया था। महुआ ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। उन्होंने 2024 के आम चुनावों में कृष्णानगर में भाजपा की उम्मीदवार अमृता रॉय को हराकर 18वीं लोकसभा में अपनी सीट बरकरार रखी। वह तृणमूल कांग्रेस की सांसद हैं।

**निशिकांत दुबे के आरोप पर जांच शुरू हुई थी :** भ्रष्टाचार विरोधी लोकपाल ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की ओर से मोइत्रा पर लगाये गये आरोपों की प्रारंभिक जांच के आधार पर सीबीआइ को निर्देश जारी किये। दुबे ने आरोप लगाया था कि महुआ ने दुबई स्थित व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी से नकदी और उपहार लेकर उद्योगपति गौतम अदाणी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अन्य को निशाना बनाने के लिए संसद में सवाल पूछे। हालांकि महुआ ने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था। उन्होंने आरोपों को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताया था।




































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**